

7

काजोल की फिल्म मां...

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत



11

डॉ. यादव की उपस्थिति ...

■ वर्ष 31 अंक 08 ■ जबलपुर बुधवार 02 जुलाई 2025 डाक/नगर संस्करण ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00

# मंडी में घर-सड़कें-पुलिया बही, 4 लोगों की मौत, 16 लापता

शिमला/मंडी

हिमाचल प्रदेश के मंडी में बादल फटने के बाद भयानक तबाही हुई है। करीब 800 करोड़ रुपये का नुकसान का अनुमान है। मंडी के करसोग और धर्मपुर में बादल फटने के बाद 4 लोगों की मौत हो गई है और 16 लोग लापता हैं। वहीं, 117 लोगों को बचा लिया गया है। सड़कें, पुल, पुलिया बह गए हैं और आफत की ये बारिश अभी थमी नहीं है। इस घटना में 18 घर क्षतिग्रस्त हैं, 12 गौशालाएं और 30 मवेशी बह गए हैं। ये आँकड़ा दोपहर एक बजे तक का है। मंडी जिले में कई जगह बादल फटने की घटना हुई है। गोहर इलाके में 4 जगहों पर बादल फटा, जिनमें 2 घर तबाह हो गए। कई लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया, लेकिन अभी भी कई लोग लापता बताए जा रहे हैं। धर्मपुर में बादल फटा तो 6 घर सैलाब में समा गए। वहीं 8 गोशाला भी तबाह हो गए। मॉनसूनी आफत में हिमाचल प्रदेश का मंडी जिला एपीसेंटर बना हुआ है। ब्यास नदी भी यहां उफान पर है।

### 800 करोड़ रुपये की बर्बादी

हिमाचल प्रदेश में जिस स्तर की तबाही इस बार दिख रही है, उसमें अनुमान लगाया जा रहा है कि पहले दो हफ्ते में करीब 800 करोड़ रुपये की संपत्ति की बर्बादी और नुकसान हो चुका है। जून में 37 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है और 6 जुलाई तक बारिश का दौर जारी रहने वाला है। 2 और 3 जुलाई को ज्यादातर इलाकों में बारिश होगी।




### अभी जारी रहेगी बारिश

राज्य के जिला मंडी, कांगड़ा, बिलासपुर, हमीरपुर, चंबा, सोलन, शिमला में औसत से अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई है, जिसमें जिला मंडी के पण्डोह में 123 एमएम, मंडी 120 एमएम, शिमला में 110 एमएम, पालमपुर में 80 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। जिला ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर और कुल्लू में जोरदार बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है जबकि जिला ऊना, बिलासपुर, मंडी, हमीरपुर, चंबा, कांगड़ा कुछ एक इलाकों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

### उत्तराखंड में भी हिमाचल जैसी तबाही

चमोली में पहाड़ दरकने से रास्ता बंद हो गया है तो देहरादून में सौंग नदी उफान पर है। कोटद्वार में नेशनल हाईवे पर गुमखाल-सतपुली के बीच भूस्खलन हो गया। इस घटना को लेकर अफरातफरी मच गई. उधर चमोली में बिरही निजमुला मोटर मार्ग बारिश के चलते पहाड़ से पानी की तरह बहकर आए पत्थर और भारी मलबे की वजह से बंद हो गया। रुद्रप्रयाग में अलकनंदा नदी से लगभग 20 मीटर दूर भगवान शिव की 15 फीट ऊंची मूर्ति है, लेकिन यह मूर्ति भी नदी में जलमग्न हो रखी है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि अलकनंदा नदी किस तरीके से विकराल रूप धारण करके बह रही है।

## पटाखा फैक्ट्री में भीषण ब्लास्ट, 6 की मौत

**हैदराबाद।** तमिलनाडु की एक पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट हुआ। इस हादसे में एक महिला समेत 6 लोगों की मौत हो गई। ब्लास्ट में घायल अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना तमिलनाडु के शिवकाशी में हुई। फैक्ट्री के अंदर पटाखे फूटते रहे और फैक्ट्री से घना धुआं निकलता रहा। सूचना पर पहुंचे बचाव दल ने घायलों को रेस्क्यू किया।

## भगदड़ के लिए आरसीबी जिम्मेदार

**बेंगलुरु।** केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) ने 4 जून को बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को जिम्मेदार ठहराया है। न्यायाधिकरण ने अपनी टिप्पणी में कहा, इसलिए प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि लगभग तीन से पांच लाख लोगों की भीड़ इकट्ठा होने के लिए आरसीबी जिम्मेदार है। आरसीबी ने पुलिस से उचित अनुमति या सहमति नहीं ली। अचानक सोशल मीडिया पर जानकारी पोस्ट की गई और उसी के परिणामस्वरूप लाखों की भीड़ जमा हो गई। इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी।

## अंगदान-देहदान करने वालों को मिलेगा गार्ड ऑफ ऑनर

**भोपाल।** अब मध्यप्रदेश में अंगदान और देहदान करने वालों का अंतिम संस्कार गार्ड ऑफ ऑनर के साथ किया जाएगा। इसकी घोषणा फरवरी माह में एआईआईएमएस में हुए पहले हृदय प्रत्यारोपण के दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने ने किया था। जिसका पालन करते हुए मंगलवार को मध्यप्रदेश शासन ने आदेश जारी कर दिए हैं।

## पुलिस सत्ता के नशे में चूर: हाईकोर्ट

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने बुधवार को शिवगंगा जिले में मंदिर के गार्ड अजित कुमार (27) की पुलिस कस्टडी में हुई के मामले पर सुनवाई की। कोर्ट ने इस मामले में खुद से नोटिस लिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अजित के शरीर पर चोट के 44 निशान पाए गए हैं। जस्टिस एसएम सुब्रमण्यम ने इस पर हैरानी जताई। उन्होंने कहा ये सत्ता के नशे में चूर पुलिस की क्रूरता है। जस्टिस ने कहा ये क्रूर कृत्य है, राज्य ने अपने ही नागरिक की हत्या की है। शरीर पर 44 चोटों के निशान देखना चौंकाने वाला है। उसके शरीर के सभी हिस्सों पर हमला किया गया है। अजित को चोरी के आरोपी में 27 जून को हिरासत में लिया गया था। 28 जून को पुलिस कस्टडी में उसकी तबीयत बिगड़ी, इलाज के दौरान मौत हो गई। सादा कपड़े पहने पुलिसकर्मियों का अजित को पीटने का वीडियो वायरल हुआ।

# राष्ट्रीय खेल नीति 2025 को मंजूरी

## 2 साल में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियां देने की योजना भी मंजूर

नई दिल्ली

मोदी कैबिनेट ने मंगलवार को 4 फैसलों पर मुहर लगाई है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जानकारी दी कि आज की कैबिनेट मीटिंग में राष्ट्रीय खेल नीति 2025, रिसर्च डेवलपमेंट एंड इनोवेशन योजना, एम्प्लॉयमेंट लिंक्ड इंसेंटिव योजना और परमकुडी-रामनाथपुरम हाईवे को फोर लेन में बदलने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि आज केबिनेट मीटिंग में राष्ट्रीय खेल नीति 2025 को मंजूरी दी गई है, जिसका उद्देश्य खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं और प्रशिक्षण देना है।

इसके साथ ही, रिसर्च डेवलपमेंट एंड इनोवेशन योजना को स्वीकृति मिली है, जिसमें 1 लाख करोड़ की सहायता से नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा। सरकार ने एम्प्लॉयमेंट लिंक्ड इंसेंटिव योजना भी शुरू की है, जिसका उद्देश्य दो वर्षों में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियां देना है। वहीं, कैबिनेट की आर्थिक मामलों की समिति ने तमिलनाडु में परमकुडी-रामनाथपुरम हाईवे को फोर लेन में बदलने की 1,853 करोड़ की परियोजना को भी मंजूरी दी है, जिससे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और रोजगार में बढ़ोतरी होगी। वैष्णव ने कहा कि 'आर एंड डी' योजना के तहत केवल वही प्रोजेक्ट्स सपोर्ट किए जाएंगे जो टेक्नोलॉजी रेडीनेस लेवल 4 तक पहुंच गए हैं। इससे यह सुनिश्चित होगा कि केवल प्रोटोटाइप स्टेज को पार कर चुके प्रोजेक्ट्स को ही प्रोत्साहन दिया जाएगा। टेक्नोलॉजी रेडीनेस लेवल 4 का मतलब है कि प्रोजेक्ट अभी शुरुआती स्टेज में नहीं है, बल्कि थोड़ा आगे बढ़ चुका है। कैबिनेट ने नेशनल स्पोर्ट्स पॉलिसी 2025 को भी मंजूरी दी है। यह पॉलिसी 2001 में बनी पॉलिसी की जगह लेगी।



### ईएलआई योजना

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जानकारी दी कि सरकार ने देश में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए 1.07 लाख करोड़ रुपये की रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दे दी है। इससे दो साल में 3.5 करोड़ जॉब्स पैदा होने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट ने 1.07 लाख करोड़ रुपये की ईएलआई योजना को भी मंजूरी दी है। ईएलआई का मतलब है एम्प्लॉयमेंट लिंक्ड इंसेंटिव। इस योजना का मकसद मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में नौकरियां पैदा करना है। इस योजना से उन क्षेत्रों पर ध्यान दिया जाएगा जहाँ नौकरी मिलने की संभावना ज्यादा है। सरकार का लक्ष्य इस योजना के तहत 3.5 करोड़ से ज्यादा नौकरियां पैदा करना है।

### आरडीआई योजना

उन्होंने बताया कि सरकार ने एक लाख करोड़ रुपये की आरडीआई योजना को मंजूरी दी है। आरडीआई का मतलब है रिसर्च, डेवलपमेंट और इनोवेशन। इस योजना से देश में नई खोजों को बढ़ावा मिलेगा। इससे भारत में चीजें बनाने की क्षमता बढ़ेगी। साथ ही, भारत का नाम टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आगे आएगा। सरकार ने आरडीआई योजना के तहत कुछ खास क्षेत्रों पर ध्यान देने की बात कही है। इनमें ऊर्जा सुरक्षा, साफ़ ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन, क्वांटम कंप्यूटिंग, रोबोटिक्स और स्पेस जैसे क्षेत्र शामिल हैं। इसके अलावा, खेती, स्वास्थ्य और शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल भी शामिल है। बायोटेक्नोलॉजी, बायोमैन्युफैक्चरिंग, सिंथेटिक बायोलॉजी, दवाइयां और मेडिकल डिवाइस भी इस योजना का हिस्सा हैं।

# ड्यूटी कर रहे अधिकारी से मारपीट बर्दाश्त नहीं

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अफसर अचल जिंदल के साथ पंचायती राज मंत्री के दुर्व्यवहार के मामले ने तूल पकड़ लिया है। अब इस मामले में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने अपनी नाराजगी जाहिर की है। गडकरी ने एक्स पर पोस्ट कर इस घटना की निंदा की। उन्होंने कहा कि ड्यूटी कर रहे अधिकारी से मारपीट चिंताजनक है। अब हिमाचल के पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह राणा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एनएचएआई के मैनेजर अचल जिंदल शिमला में तैनात हैं। जिंदल ने आरोप लगाया है कि सोमवार को माथु कॉलोनी इलाके में साइट निरीक्षण के दौरान मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने उन पर हमला किया। अधिकारी को शिमला के इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। मंत्री के खिलाफ शिमला के ढल्ली पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है। स्टेशन हाउस ऑफिसर विरोचन नेगी ने शिकायत की पुष्टि की है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि एनएचएआई पीआईयू शिमला के मैनेजर अचल जिंदल पर हिमाचल प्रदेश के पंचायती राज मंत्री और उनके सहयोगियों द्वारा किया गया जघन्य हमला अत्यंत निंदनीय है और कानून के शासन का अपमान है। अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे एक लोक सेवक पर इस तरह का क्रूर हमला न केवल व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालता है, बल्कि संस्थागत अखंडता को भी नष्ट करता है। मैंने मामले का गंभीर संज्ञान लिया है और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से बात की है। इस मामले में जवाबदेही सुनिश्चित होनी चाहिए और बिना देरी के न्याय मिलना चाहिए।

### नितिन गडकरी ने सुक्खू को फोनकर जताई नाराजगी



# फर्जी सर्टिफिकेट से धोखाधड़ी पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने यूपी में बड़े पैमाने पर चल रहे फर्जी सर्टिफिकेट के खेल और उससे नौकरी मिलने पर चिंता जताते हुए कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की जरूरत है। कोर्ट ने एक शिक्षक की अर्जी पर सुनवाई करते हुए ये टिप्पणी की। शीर्ष अदालत ने आवेदक शिक्षक से अपनी डिग्री को बीएड डिग्री के बराबर बताने वाले दावा पर उसे सबूत पेश करने को कहा है। जस्टिस मनोज मिश्रा ने कहा कि मैं खुद भी यूपी से ही आता हूं और मुझे वहां की जमीनी सच्चाई मालूम है। यूपी में फर्जी सर्टिफिकेट का बड़ा फर्जीवाड़ा है। हाल ही में आगरा यूनिवर्सिटी के आठ हजार सर्टिफिकेट फर्जी पाए गए थे। इसी कारण ऐसे बर्खास्तगी के आदेश पारित किए जा रहे हैं। शीर्ष अदालत में अर्जी दाखिल करने वाले शिक्षक पिछले 32 साल से नौकरी कर रहे थे लेकिन बाद में उन्हें योग्यता नहीं होने के आधार पर नौकरी से हटा दिया गया। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भी शिक्षक की बर्खास्तगी के खिलाफ दाखिल याचिका को खारिज कर दिया था। याचिकाकर्ता के वरिष्ठ वकील एमसी धींगरा ने सर्वोच्च अदालत में दाखिल याचिका में दावा किया कि आवदेक शिक्षक शिक्षा अलंकार की डिग्री रखता है और जब 1991 में उसने नौकरी ज्वाइन की थी तब इस डिग्री को बीएड के बराबर मान्यता थी।



# कर्नाटक में नहीं बदलेगा मुख्यमंत्री

### कांग्रेस प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने किया ऐलान



**बेंगलुरु।** कांग्रेस कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन नहीं करेगी। राज्य में मुख्यमंत्री पद को लेकर मचे घमासान के बीच बेंगलुरु में पार्टी के एआईसीसी प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने मंगलवार को इसका ऐलान किया। कर्नाटक में मंत्रियों और विधायकों की बयानबाजी के बाद सुरजेवाला सोमवार को बेंगलुरु पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने वहां पर पार्टी के विधायकों से वन टू वन मीटिंग की थी। विधायकों से मिलने के बाद सुरजेवाला ने उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को बगल में बैठाकर प्रेस कांफ्रेंस की। इसमें सुरजेवाला ने कहा कि कांग्रेस मुख्यमंत्री को नहीं बदलेगी। गौरतलब हो कि एक दिन पहले मैसरू में सिद्धारमैया ने डीके शिवकुमार का हाथ ऊपर करके एकता का प्रदर्शन किया था। उन्होंने कहा था कि सरकार पूरे पांच साल चलेगी। एक चट्टान की तरह। सुरजेवाला ने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी में लोकतंत्र है। एक परिवार हैं। सभी को बोलने की आजादी है। इसी के तहत लोगों ने अपनी बात रखी थी।

# हेमंत खंडेलवाल को मध्यप्रदेश भाजपा की कमान




**नई दिल्ली।** भाजपा ने मंगलवार को 5 राज्य हिमाचल, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और तेलंगाना में निर्विरोध प्रदेशाध्यक्ष चुन लिए हैं। इसके अलावा एमपी में हेमंत विजय खंडेलवाल ने भी निर्विरोध नामांकन भरा। बुधवार को उनकी जीत का ऐलान किया जाएगा। हिमाचल में राजीव बिंदल को तीसरी बार कमान दी गई है। वहीं महेंद्र भट्ट दूसरी बार उत्तराखंड अध्यक्ष बने। महाराष्ट्र में रवींद्र चव्हाण, आंध्रप्रदेश में पीएनवी माधव और तेलंगाना में रामचंद्र राव को चुना गया है। तेलंगाना में रामचंदर राव को प्रत्याशी बनाए जाने पर विवाद हुआ था। गोशामहल से विधायक टी राजा ने विरोध करते हुए सोमवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। 2 दिन में 9 राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की तस्वीर साफ हो जाएगी। भाजपा के संविधान के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव 50 प्रतिशत राज्यों में चुनाव होने के बाद ही होता है। फिलहाल भाजपा की 37 मान्यता प्राप्त स्टेट यूनिट हैं। इनमें से अब तक 14 राज्यों में अध्यक्ष चुने जा चुके हैं। बुधवार को 19 राज्यों के अध्यक्ष चुन लिए जाएंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष जुलाई में चुने जा सकते हैं।

# गांवों को आत्मनिर्भर बनाएगी मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना

## भोपाल में स्थापित होगा राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय

भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश के ग्रामों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना का अनुमोदन किया गया। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक विधानसभा के एक ऐसे ग्राम का चयन किया जाएगा जिसकी वर्तमान जनसंख्या न्यूनतम 2000 हो एवं गौ-वंश की न्यूनतम संख्या 500 हो। ऐसे ग्रामों को मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम के रूप में विकसित कर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। ये ग्राम आत्मनिर्भर होकर प्रदेश के अन्य ग्रामों के समक्ष विकास का आदर्श प्रस्तुत करेंगे। इस योजना के अंतर्गत गौ-पालन एवं डेयरी विकास, पर्यावरण संरक्षण, जैविक कृषि, जल संरक्षण, सौर ऊर्जा, चारागाह विकास, अधोसंरचना विकास, स्वरोजगार सहित ग्रामीण विकास के विषयगत दृष्टिकोणों से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किये जाने का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना के उद्देश्यों में गौपालन एवं डेयरी विकास को बढ़ावा देना। ग्राम को दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के साथ सहकारिता के माध्यम से दुग्ध व्यवसाय का प्रसार करना, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार हो सके। मंत्रि-परिषद द्वारा राज्य मद अंतर्गत क्षतिग्रस्त पुलों के पुनर्निर्माण की योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2029-30 तक 1766 पुलों के पुनर्निर्माण के लिए 4 हजार 572 करोड़ रूपये की सैद्धांतिक स्वीकृति दी गयी।



### 10 एकड़ में खुलेगा आरआरयू का कैम्पस

मंत्रि-परिषद द्वारा राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, गाँधीनगर के परिसर की स्थापना भोपाल में किए जाने के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति अनुसार भोपाल में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) की स्थापना के लिए तीन वर्षों के लिए प्रति वर्ष एक करोड़ 5 लाख रूपये की राशि प्रदान की जायेगी। भोपाल में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के स्थायी परिसर के लिए राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर में उपलब्ध भूमि में से 10 एकड़ भूमि को विभाग स्तर से हस्तांतरित किया जायेगा। भोपाल में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के स्थाई भवन का निर्माण पूर्ण होने तक राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में उपलब्ध भवन को अस्थायी रूप से राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के संचालन के लिए उपलब्ध कराये जाने का अनुमोदन किया गया।

### नदियों के उद्गम स्थल पर रोपेंगे पौधे

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश की लगभग 100 नदियों के उद्गम स्थलों पर दस-दस एकड़ भूमि पर 42 करोड़ रुपए की लागत से पौधों का रोपण किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि सभी जिलों में जिला विकास सलाहकार समिति का गठन किया जाना है। समिति में सांसद, विधायक, पंचायत तथा नगरीय निकायों के प्रतिनिधियों के साथ ही चिकित्सा, विधि, इंजीनियरिंग, समाज सेवा, कृषि, उद्यानिकी, डेयरी आदि क्षेत्रों के विशेषज्ञ और प्रख्यातजन शामिल होंगे।

## राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के साथ प्रारंभ हुआ शासकीय कार्य



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में जुलाई माह के प्रथम दिवस पर राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के साथ शासकीय कार्य प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर ज्योति परस्ते सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें।

## धनपुरी क्षेत्रवासियों को मिलेगी डायलिसिस की सुविधा, विधायक ने फीता काटकर किया शुभारंभ



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** राज्य सरकार द्वारा मरीजो के उपचार के लिए लगातार कार्य कर रही है। किडनी के मरीजो को दूसरे शहरो में दौ? लगाने से मुक्ति मिलेगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनपुरी में डायलिसिस मशीन के शुभारंभ के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक जयसिंह मरावी ने यह बात कही। विधायक जयसिंह मरावी ने फीता काटकर डायलिसिस की सुविधा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष रविंदर कौर छाबडा, पूर्व अध्यक्ष महिला वित्त विकास निगम अमिता चपरा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी पूजा बुनकर, पार्षद, चिकित्सक तथा गणमान्य नागरिक एवं मरीजो के परिजन उपस्थित रहें।

## शहडोल सांसद को शहडोल की बजाय अंबिकापुर ट्रेन सुविधाओं की फिक्र ज्यादा



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** जिला काँग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने अपने बयान मे कहा है कि, शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद ने रेल मंत्री से मांग की है कि चेन्नई से बिलासपुर चलने वाली ट्रेन को अंबिकापुर तक चलाया जाए एवं एक ट्रेन अंबिकापुर से अनूपपुर होते हुए मुंबई तक चलाई जाए, इसमे शहडोल का कहीं भी उल्लेख नहीं किया गया है। जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने कहा कि जनता द्वारा लगातार शहडोल से मुंबई ट्रेन चलाए जाने की मांग विगत कई वर्षों से की जा रही है, लेकिन शहडोल सांसद को शहडोल की बजाय अंबिकापुर की फिक्र ज्यादा है जो की छत्तीसग? मे आता है।

# गोदावल रेंज में भालू की हुई संदिग्ध मौत

## जानकारी लगते ही मौके पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारी

ब्यौहारी (स्वतंत्रमत)

उप वनमण्डल ब्यौहारी अंतर्गत वन परिक्षेत्र गोदावल रेंज में एक आठ वर्षीय भालू की संदिग्ध मौत के बाद वन विभाग में हड़कंप मच गया है। घटना की जानकारी लगते ही वन अधिकारी मौके पर पहुंच अपनी जांच कर रहे हैं। घटना स्थल पर डॉग स्कॉट की टीम को भी बुलवाये जाने की खबर है। वंही वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मामले की बारीकी से जांच की जा रही है।







**आठ वर्षीय भालू की मौत**

ब्यौहारी के गोदावल रेंज के डोडा सनौसी मार्ग में सोमवार को सड़क किनारे लगभग 8 वर्षीय भालू मृत अवस्था में मिला है। भालू के शरीर में चोट के निशान है। स्थानी लोगों द्वारा अज्ञात वाहन से भालू को ठोकर लगना बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि भालू ठोकर लगने से गंभीर रुप से घायल हो गया और सड़क से कुछ दूर आगे चलकर उसकी जान चली गई। मृत्य भालू को देख ग्रामीणों ने मामले की जानकारी वन विभाग को दी। जानकारी मिलने के बाद रेंज अधिकारी एवं कर्मचारी घटना स्थल पहुंच अपनी जांच कर रहे हैं।

**पीएम से खुलेगा भालू की मौत का राज**

गोदावल रेंजर रजनीश त्रिपाठी ने बताया कि भालू की उम्र लगभग 8 वर्ष है, भालू मादा है। उन्होंने आगे बताते हुए कहा कि भालू के शरीर में चोट के निशान जरूर हैं। पर यह सड़क हादसा नहीं है। दो भालू के बीच संघर्ष की लड़ाई में ऐसा होता है। अंदर की हड्डी टुटी हुई थी, चोट लगने से भालू की मौत हुई है। घटना डोडा सनौसी मार्ग की है। सड़क से कुछ दूर पर भालू का शव मिला है। स्थानीय लोगों की सूचना पर हम मौके पर पहुंचे थे। मामला संदिग्ध था इसलिए हमने डॉग स्कॉट की सहायता ली है। भालू के शव का आज सुबह पीएम करवाया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही चीज स्पष्ट होगी। ज्ञात हो कि यह क्षेत्र बफर जोन में आता है। बांधवगढ़ नेशनल पार्क से सटा हुआ यह क्षेत्र है ,जहां जंगली जानवरों का आना-जाना आम है। और कई जंगली जानवर यहां अपना बसेरा करते हैं।

# जनसुनवाई में नागरिकों ने की विभिन्न समस्याओं के समाधान की माँग

## कलेक्टर नेहा मारव्या ने तत्काल निराकरण के दिए निर्देश

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर ने आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल 48 आवेदन प्रस्तुत किए गए, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदनों के निराकरण हेतु निर्धारित समय-सीमा दी गई है।जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनिल कुमार, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, एसडीएम भारती मेरावी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।ग्राम सरहरी निवासी उषाबाई पति डोमन सिंह ने बताया कि वह पिछले 17 वर्षों से शासकीय संकुल केन्द्र कूंडा में रसोइया के रूप में कार्यरत हैं, लेकिन स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष व सचिव द्वारा उन्हें परेशान किया जा रहा है। उन्होंने पुनः बहाली की मांग की, जिस पर बीआरसी डिंडौरी को जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए गए।वहीं ग्राम टिकरिया निवासी माहलो बाई ने भी रसोइया पद से हटाए जाने की शिकायत जनसुनवाई में की। इस पर कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत डिंडौरी को जांच उपरांत निराकरण के निर्देश दिए।ग्राम पंचायत देवरा की उर्मिला जाउलकर ने अपना नाम समग्र आईडी पोर्टल में स्थानांतरित करने का आवेदन दिया, जिस पर नगर परिषद डिंडौरी के सीएमओ को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।ग्राम बिजोरी निवासी अमीर दास ने ग्रामीणों द्वारा ज़मीन विवाद में परेशान किए जाने की शिकायत की, जिस पर एसडीएम डिंडौरी को जांच कर उचित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।जनसुनवाई में उपस्थित सभी नागरिकों ने प्रशासन से उचित कार्यवाही की अपेक्षा जताते हुए न्याय की गुहार लगाई। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए।



## डेंगू रथ को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने दिखाई हरी झंडी

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत डिंडौरी जिले में जुलाई माह को डेंगू रोधी माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एस. मरावी ने मंगलवार को डेंगू एवं चिकनगुनिया जनजागरूकता से सुसज्जित प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।यह रथ जिले के प्रमुख मार्गों एवं हाट-बाजारों में भ्रमण करते हुए फ्लेक्स, बैनर एवं माईकिंग के माध्यम से आमजन को मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसे मच्छर जनित रोगों से बचाव के लिए जागरूक करेगा। साथ ही पम्पलेट वितरण कर मच्छरों से बचाव के उपाय जैसे- मच्छरदानी का उपयोग, नीम की पत्तियों का धुआं करना, पानी जमा न होने देना आदि की जानकारी दी जाएगी।इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. अजय राज, प्रभारी मलेरिया अधिकारी डॉ. जयश्री मरावी, सहायक जिला मलेरिया अधिकारी शरद कुमार झारिया, मलेरिया निरीक्षक, टेक्निकल सुपरवाइजर, सेक्टर सुपरवाइजर एवं जिला मलेरिया कार्यालय व जिला अस्पताल के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि यह डेंगू रथ पूरे जुलाई माह तक जिले के सभी विकासखंडों व ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करेगा। र

# कमिश्नर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई

शहडोल (स्वतंत्रमत)

कमिश्नर कार्यालय के अमरकंटक सभाकक्ष में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई कार्यक्रम में उपायुक्त राजस्व मिनिषा पाण्डेय ने शहडोल संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जन सुनवाई में जिले के बाणगंगा रो? शहडोल निवासी सेवा निवृत्त शिक्षक अशोक कुमार द्विवेदी ने अर्जित अवकाश नगदीकरण भुगतान करवाने, जिला अनूपपुर ग्राम खमरौंध निवासी लालमन सिंह ने समग्र आईडी अलग करवाने, जिले के जयसिंहनगर वार्ड नम्बर 1 निवासी पंकज कुमार गुप्ता ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जयसिंहनगर के कार्यालय हेतु क्रय की गई सामग्रियो का भुगतान करवाने, जिले के ग्राम रतहर निवासी मयाराम यादव ने विद्युत कनेक्शन करवाने हेतु आवेदन उपायुक्त राजस्व मिनिषा पाण्डेय को दिए। उपायुक्त राजस्व ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियो को आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार अन्य आवेदको ने भी अपनी शिकायतें एवं समस्याओं संबंधी आवेदन उपायुक्त राजस्व को दिए।



## इंस्पायर अवार्ड मानक विज्ञान प्रदर्शनी का किया आयोजन



शहडोल (स्वतंत्रमत)

इंस्पायर अवार्ड मानक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन संभागीय मुख्यालय के सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल में किया गया। इंस्पायर अवार्ड मानक विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ विधायक मनीषा सिंह ने फीता काटकर किया तथा विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इंस्पायर अवार्ड मानक विज्ञान प्रदर्शनी में शहडोल, उमरिया, अनूपपुर एवं डिंडोरी जिले के नामांकित 127 में से 90 छात्र-छात्राओ ने सहभागिता निभाई। इस अवसर पर दिल्ली से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग से विवेक त्रिपाठी, जिला शिक्षा अधिकारी फूलसिंह मरपाची, पं. शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के डॉ. प्रमोद पांडेय, डॉ एम के भटनागर, डाईट प्राचार्य अभिलाषा मिश्रा, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय, शिक्षा विभाग के अरविंद पाण्डेय सहित विद्यार्थियों के अभिभावक उपस्थित थें।



## शासकीय माध्यमिक शाला देवरा के दो शिक्षक सेवानिवृत्त, भव्य समारोह में दी गई विदाई

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** जिला मुख्यालय के समीप स्थित ग्राम देवरा की शासकीय माध्यमिक शाला में पदस्थ दो वरिष्ठ शिक्षक-प्रभारी प्राचार्य श्री सुरेश कुमार व्यौहार एवं वरिष्ठ शिक्षक श्री पवन कुमार जैन-के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय प्रांगण में भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं ग्राम के अनेक वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। समारोह में फूलमालाओं से स्वागत कर, साल एवं श्रीफल भेंटकर दोनों शिक्षकों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।सेवानिवृत्त शिक्षकों ने अपने लंबे शैक्षणिक सेवाकाल के अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्होंने पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ शासकीय दायित्वों का निर्वहन किया है। उनके उद्बोधन ने कई लोगों को भावुक कर दिया।कार्यक्रम में वर्तमान संस्था प्रमुख श्रीमती मुक्ता चौकसे सहित शिक्षकगण कीरथ शुक्ला, महेंद्र कछवाहा, आरती पटेल, विस्मत धुर्वे, अर्चना कोलिया, जया ठाकुर, पूर्व शिक्षक श्री नारायण सिंह ठाकुर, श्री ब्रजमोहन शुक्ला, नरोत्तम प्रजापति सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं शिक्षकों के परिजन उपस्थित रहे।मारोह के अंत में बैंड-बाजे की धुन पर शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं परिजनों ने उत्साहपूर्वक नृत्य किया। इसके उपरांत गाजे-बाजे के साथ एक रैली निकाली गई, जिसमें दोनों सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानपूर्वक उनके निवास तक पहुंचाया गया।यह आयोजन सभी के लिए यादगार बन गया और शिक्षकों के प्रति सम्मान और स्नेह का प्रतीक बना।

## बिजली विभाग का जनहित में संदेश

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** बिजली विभाग ने मानसून के मौसम को ध्यान में रखते हुए आमजन से अपील की है कि वे बिजली जनित दुर्घटनाओं से बचाव के लिए विशेष सतर्कता बरतें। विभाग ने बताया कि बारिश के दौरान विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में उपभोक्ता घबराएं नहीं, फोन करने की बजाय मरम्मत कार्य पूर्ण होने तक धैर्य रखें। जनहित में जारी की गई महत्वपूर्ण सावधानियां 1. बारिश में बिजली के खंभों को हाथ न लगाएं, गीले खंभे जानलेवा हो सकते हैं।2.मवेशियों को खंभों या विद्युत उपकरणों से न बांधें, इससे करंट फैलने का खतरा रहता है। 3.बिजली लाइनों के नीचे कोई भी सामाजिक या धार्मिक आयोजन न करें। 4.नए भवनों के निर्माण के दौरान बिजली लाइन से सुरक्षित दूरी सुनिश्चित करें।5. खेतों की जुताई करते समय खंभों और बिजली तारों से दूरी बनाए रखें।6.यदि किसी खंभे से स्पार्किंग हो रही हो तो तुरंत फीडर इंचार्ज, जेईएन या संबंधित सब स्टेशन को सूचित करें।

## नगर परिषद जयसिंहनगर में सेवाएं दे रहे इंजीनियर राधारमण द्विवेदी के सेवानिवृत्ति के अवसर पर उन्हें दी गई भावभीनी विदाई



**जयसिंहनगर (स्वतंत्रमत)।** आपने अपने कार्यकाल में जिस समर्पण, निष्ठा और कार्य कुशलता के साथ नगर पालिका परिषद प्रणाली को मजबूत करने में योगदान दिया, वह प्रेरणादायी है। आपके भावी जीवन के लिए ईश्वर से उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सुखद भविष्य की कामना करता हूँ। जिसमें मुख्य रूप से नगर परिषद अध्यक्ष सुशीला चक्रधारी शुक्ला नगर परिषद उपाध्यक्ष संपत मिश्रा भाजपा नेता वरिष्ठ पार्षद नीरज शर्मा पत्रकार भाजपा पार्षद दिवाकर देवा पयासी पार्षद सुरेंद्र राव फुलमत बैगा कैलाश बैगा भाजपा मंडल महामंत्री अनुपम द्विवेदी भाजपा मंडल मंत्री आदेश शुक्ला राजा भाजपा नेता दीपक तिवारी पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष रामनारायण सोनी मुख्य नगर परिषद अधिकारी सचिन जी अरुण द्विवेदी राकेश गौतम अंकित द्विवेदी लवकेश सिंह सुनीता बैगा दीपक चतुर्वेदी ऋषि मिश्रा नरेंद्र मोगरे अरविंद परमेश्वर साहू रामदुलारे वीरेंद्र मिश्रा हनुमान पांडेय उमेश जितेंद्र पांडे धर्मेंद्र शुक्ला एवं सभी पार्षद कर्मचारी ने भावभीनी विदाई दी।

# जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की सुनी समस्याएं : कलेक्टर


## कलेक्टर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई



शहडोल (स्वतंत्रमत)

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं व शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में जिले के ग्राम सपटा निवासी धीरेंद्र सिंह षिक्षक ने सेवा पुस्तिका में अर्जित अवकाष दर्ज करवाने, सोहागपुर निवासी संदीप शुक्ला अवैध रूप से तालाब एवं नजूल की भूमि से अतिक्रमण हटाने, कल्याणपुर निवासी ओमवती आर्मो ने हॉस्टल में कुक पद पर काम दिलाए जाने, ग्राम बैला निवासी कौषल किशोर शुक्ला ने ग्राम पंचायत भादवाही निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांच हेतु आवेदन कलेक्टर डॉ केदार सिंह को दिए। जिस पर कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अन्य प्राप्त आवेदनों को कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर प्रेषित कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अरविंद शाह, डिप्टी कलेक्टर भागीरथी लहरे, सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थें।

## पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय की ओर से महत्वपूर्ण सूचना



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने जानकारी दी है कि विश्वविद्यालय में स्नातक बी.ए.,बी.एससी. स्नातकोत्तर एम.ए.,एम.एससी. एवं विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया वर्तमान में तृतीय चरण में प्रगति पर है। इस वर्ष विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों के करियर निर्माण को ध्यान में रखते हुए कुछ नवीन और रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों की शुरुआत भी की गई है, इन नवीन पाठ्यक्रमों को विद्यार्थियों से अत्यधिक सराहना एवं रुचि प्राप्त हो रही है। प्रथम एवं द्वितीय चरण में जिन विद्यार्थियों ने ऑनलाइन पंजीकरण किया था तथा मेरिट सूची में चयनित हुए थे, किंतु समय पर प्रवेश शुल्क जमा नहीं कर सके, ऐसे विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय अंतिम अवसर प्रदान कर रहा है। वे सभी विद्यार्थी 1 जुलाई से 10 जुलाई तक विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर प्रत्यक्ष रूप से शुल्क जमा कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। यह अंतिम अवसर है, अतः सभी संबंधित विद्यार्थी समय रहते इस सुविधा का लाभ उठाएं और अपने भविष्य को सुनिश्चित करें।

# बच्चों के समग्र विकास की दिशा में अनूठा प्रयास

## ग्रीष्मकालीन शिविर का हुआ समापन

शहडोल (स्वतंत्रमत)

जनजातीय कार्य विभाग एवं मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में संचालित सक्षम जीवन कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड गोहपारू एवं जयसिंहनगर के बारहमासी छात्रावासों में दो माह की अवधि का ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य जनजातीय बच्चों का रचनात्मक, व्यवहारिक एवं समग्र विकास करना था। शिविर का संचालन जिले के चयनित बारहमासी छात्रावास में किया गया एवं छात्रावास के अधीक्षक व शिक्षकों की देखरेख में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को कला, संस्कृति, संविधान व जीवन कौशल से जु?ी विविध गतिविधियों के माध्यम से शिक्षित किया गया। साथ ही उन्हें समाज एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से बीजों के महत्व, अंकुरण प्रक्रिया एवं प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा संबंधी जानकारी दी गई। बच्चों को मिट्टी के बर्तन बनाना, चित्रकला, पुराने वस्त्रों से पुतला निर्माण जैसी परंपरागत कलाओं से भी परिचित कराया गया, जिससे वे अपनी सांस्कृतिक ज?ों से जु? सकें। कहानी लेखन और संवाद लेखन



जैसी रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से भाषा अभिव्यक्ति, सोचने की क्षमता एवं आत्मविश्वास को विकसित किया गया। प्रत्येक दिन की गतिविधियों और खेलों के माध्यम से बच्चों में टीम भावना, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व को भी प्रोत्साहित किया गया। विकासखंड गोहपारू के खंड प्रबंधक आशीष कुमार गुप्ता ने बताया कि च्आज के दौर में बच्चों को केवल शैक्षणिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला, समाज के साथ तालमेल और अपनी ज?ों से जु?ाव भी आवश्यक है, ताकि वे भविष्य में सही निर्णय लेने में सक्षम हो सकें।ज्ञ बाल मेले के आयोजन के साथ समर कैंप का भव्य समापन समारोह संपन्न हुआ, जिसमें बीईओ एल के पाण्डेय, बीआरसी लक्ष्मीकांत द्विवेदी, बीएसी विजय सिंह,समस्त सीएसी एवं अधीक्षक सहित बच्चों के अभिभावकगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सक्षम परियोजना से डीपीएम अविनाश वर्मा एवं बीपीएम आशीष कुमार गुप्ता भी उपस्थित रहे। इस ग्रीष्मकालीन शिविर ने बच्चों के आत्मविकास एवं व्यक्तित्व निर्माण की दिशा में एक सराहनीय पहल के रूप में अपनी अमिट छाप छो?ी है।

# कर्ज से परेशान पेट्रोल पंप संचालक ने खाया जहर

## पाटन थाने का मामला, करोड़ों के कर्ज का जिक्र





**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पाटन थाने के उजरौढ़ गांव में रहने वाले पेट्रोल पंप संचालक ने जहर खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की है। गंभीर हालत में उन्हें निजी अस्पातल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि पंप संचालक पर 4 करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज था। जिसको लेकर वह कुछ दिनों से परेशान थे। मंगलवार को गुरू पिपरिया गांव के पास सड़क से नीचे कार में शिव कुमार पटेल अचेत अवस्था में मिले थे। उन्हें स्थानीय ग्रामीणों ने अस्पताल भिजवाया और परिजनों के साथ पाटन थाना पुलिस को सूचना दी।

**कार के पास मिला पॉइजन**-पाटन तहसील के उजरौढ़ गांव में रहने पेट्रोल पंप संचालक मंगलवार को सुबह कार में घर से निकले। गुरू पिपरिया गांव के पास पहुंचते ही अचानक उनकी कार सड़क किनारे खेत में उतर गई। कार देखकर स्थानीय ग्रामीणों को लगा कि एक्सीडेंट हो गया है। पास में गए तो ड्राइविंग सीट पर शिव कुमार पटेल बेहोश हालत में थे। पास में ही पाइजन का पैकिट पड़ा हुआ था। पाटन निवासी राजकुमार जैन ने बताया कि कुछ लोगों ने फोन कर बताया कि शिव कुमार का एक्सीडेंट हो गया है। मौके पर जाकर देखा तो वो कार में पड़े हुए थे।

**घाटे में चल रहा था पंप**-इस मामले में ग्रामीणों ने बताया कि शिव कुमार के मुंह और कार से बदबू आ रही थी। उन्हें फौरन इलाज के लिए पाटन स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां हालत नाजुक होने के कारण शहर में रेफर कर दिया गया। डॉक्टर ने उन्हें 72 घंटे तक आब्जर्वेशन में रखा है। जानकारी के मुताबिक पाटन में करीब 25 साल पहले शिव कुमार ने पेट्रोल पंप खोला था। बीते कुछ सालों में जबलपुर-पाटन रोड पर और कई पेट्रोल पंप खुल गए थे, जिसके कारण उनके पंप की सेल कम हो रही थी। शिव कुमार के पास काफी जमीन है, हाल ही में उन्हें कुछ जमीन भी बेची थी। फिलहाल पुलिस शिव कुमार के होश में आने का इंतजार कर रही है।

### इन्होंने कहा

प्राथमिक जांच में पता चला है कि शिव कुमार के ऊपर काफी कर्ज था, जिसके चलते कुछ लोग उन्हें परेशान भी कर रहे थे। शिव कुमार अभी बात करने की स्थिति में नहीं हैं। उनके होश में आने के बाद ही जहर खाने का कारण पता चलेगा।

**- सूर्यकांत शर्मा, एएसपी**



## 120 किसानों की पकी फसल हुई थी खाक

# अग्नि पीड़ित किसानों का नहीं कोई मददगार

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जिले की सिहोरा तहसील के ग्राम मोहतरा एवं बंधा में अब तक की सबसे भीषण अग्नि दुर्घटना में 6 अप्रेल 2025 को लगभग 120 किसानों की सैकड़ो एकड़ में पककर खड़ी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई थी। बहुतायत ऐसे छोटे छोटे किसान जिनके पास कुल जितनी जमीन थी उतनी पूरी जलने से उनके सामने रोजी रोटी और परिवार के भरण पोषण का संकट पैदा हो गया है। कइयों की मानसिक स्थिति भी खराब हो गई थी, वे अवसाद में चले गये थे। उनको तुरंत में इलाज की जरूरत थी। घटना के बाद वरिष्ठ अधिकारी, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि, राजनैतिक लोग झुण्ड में पीड़तो के पास पहुंचे, दिलासा दी और गायब हो गये। विडंबना है कि पीड़तों को किसी से अभी तक केवल आश्वासन के अतिरिक्त कुछ भी प्राप्त नहीं हुआ।

**सांसद, विधायक, शासन ने खड़े किये हाथ**-भारत कृषक समाज के केके अग्रवाल ने सभी सहयोग कर्ताओं से निवेदन कर किसानों के लिये कुछ राशि एकत्र की और पीड़ित कृषकों को

**पीड़ितों की मदद करने आगे आया फार्मर ग्रुप**

सांत्वना राशि दी गई। श्री अग्रवाल ने बताया की इस तरह की पराली से होने वाली अग्नि दुर्घटना का फसल बीमा में कोई कवरेज नहीं है। प्रशासन ने भी नियमों का हवाला देते हुए मदद करने से हाथ खड़े कर दिये। शासन, प्रशासन तथा जन प्रतिनिधि यदि चाहते तो अन्य श्रोतो व अपनी निधि से इन पीड़तो की मदद करवा सकते थे। परन्तु उन्होंने इन पीड़तो की कोई सुध नहीं ली है आज ये कृषक बीज तक को मोहताज हैं जिसकी व्यवस्था फार्मर ग्रुप द्वारा की जा रही है। रूपेंद्र पटेल ने शासन प्रशासन पर मुआवजा देने दबाव बनाया है और आगे भी सहयोग का भरोसा दिया है। इस अवसर पर सुभाष चंद्रा, प्रमोद मरवाहा, रामगोपाल पटेल, रामकिशन पटेल, अनिल चिले, जितेंद्र देसी, रामेश्वर अवस्थी, कमलेश सोनी, महेन्द्र पटेल, सुरेश कुर्मी, महेन्द्र कुर्मी, अंकित पटेल, राजेश पटेल, सुखदेव चौबे, संदेश सिंह आदि कृषक प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## मोहर्रम पर बनाई कानून व्यवस्था

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मोहर्रम पर्व पर जबलपुर शहर में शांतिए सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने जिला प्रशासन द्वारा कार्यपालिक दंडाधिकारियों को तैनात किया गया है। तहसीलदार अधारताल संदीप जायसवाल को रानीताल स्थित कर्बलाए नायब तहसीलदार अधारताल आदित्य जंघेला को कोतवाली एवं अतिरिक्त तहसीलदार रत्नेश ठवरे को मंडी मदार टेकरी क्षेत्र में क़ानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी दी गई है। इस सम्बन्ध में जारी आदेश में इन कार्यपालिक दंडाधिकारियों को मोहर्रम के पूर्व अपने ड्यूटी स्थल का निरीक्षण करने तथा क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कानून व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गोसलपुर थाने में नरेन्द्र कुमार पटेल उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम भिडारीकला पनागर ने सूचना देकर बताया कि वह किसानी करता है । उसका छोटा भाई सुनील पटेल ग्राम पिपरिया पिण्डरई मे लेबर तलाश करने कार से गया था। लेबर न मिलने पर गांव के पुनउ राम उर्फ मुखलाल कोल उम्र 34 वर्ष ग्राम पिपरिया थाना ढीमरखेडा जिला कटनी का उसके भाई के साथ चलने को कहकर उनकी कार में बैठकर दोनों वापस घर आ रहे थे। खजरी तिराहे के पास भाई की गाडी का एक्सीडेंट हो गया। जिससे पुनउ राम उर्फ मुखलाल कोल के सिर व सीने मे गम्भीर चोटे आ गयी और पुनउराम की मृत्यु हो गयी। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

## पैसों के लेनदेन पर रॉड से हमला

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भेड़ाघाट थाने में अनिल यादव उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम राखी ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह एवं साथ में काम करने वाला बाबू एवं ठेकेदार राजेश चोधरी, प्रकाश चौधरी चारों बाइक से ग्राम सहजपुर गये थे । वापस आते समय गड़र पिपरिया चौराहा रोड़ सहजपुर पर लल्ला चौधरी एव राजेन्द्र चौधरी मिले जो पुराने काम के पैसों के लेनदेन एव ठेकेदारी के काम को लेकर हम तीनों को गाली गलौज करने लगे। उन लोगों गालियां देने से मना किया तो राजेन्द चौधरी ने लोहे की पतली रॉड से तथा लल्ला चौधरी ने डंडा से हमलाकर तीनों को हाथ पैर सिर में चोटें पहुंचा दी तथा दोनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## बाइक सवारों को टक्कर मार भागा कार चालक

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कटंगी थाने में तिलक लोधी उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम धनगुवां जिला दमोह ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह वर्तमान में कटंगी नयागांव के पास ईंट भट्टे में काम करता है । उसके साथ गाड़ा घाट दमोह के पूरन लाल यादव, शेख हारून एवं कन्हैया अहिरवार और प्रताप सिंह भी काम करते हैं । काम से छुट्टी होने के बाद अपनी मोटरसाइकिल से अपने साथी प्रताप सिंह को तथा दूसरी मोटरसाइकिल में पूरन यादव, शेख हारून एवं कन्हैया अहिरवार उसके आगे आगे जा रहे थे रात लगभग 10 बजे जैसे ही पड़रिया के पास पहुंचे तभी मारूती कार का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसके आगे चल रहे पूरन यादव, शेख हारून एवं कन्हैया को टक्कर मार दिया। घायल अवस्था में तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं मारूती कार का चालक गुबरा की तरफ भाग गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



## एपीएन विद्यालय में पौधरोपण

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पौधे हमारे जीवन में प्राण वायु का काम करते हैं जिससे हम स्वछंद गगन में सांस ले सकते हैं। पौधों से जहां हमे आक्सीजन प्राप्त होती है। उक्त आशय के उद्गार एपीएन विद्यालय के वृक्षारोपण कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने पौधारोपण करते हुये व्यक्त किये। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अजय वर्मा, उप प्राचार्या मनु श्रीवास्तव, सिद्दिका उस्मानी, शिंपी सिंह, सहित बडी संख्या में शिक्षकगण एवं छात्र छात्रायें उपस्थित रहे।

## सड़क किनारे जानलेवा गड्डा, स्थानीय जन परेशान

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 7 में कछपुरा के आगे ग्राम पंचायत जुझारी की प्रवेश सीमा क्षेत्र में डामर सड़क के किनारे जानलेवा गड्ढा लंबे समय से राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। वही इस गड्ढे से चंद कदमों की दूरी पर ग्राम पंचायत जुझारी के पूरे गांव में जल की आपूर्ति करने वाला नल जल योजना का बोर स्थित है जिससे पानी दूषित होने का खतरा बना रहता है। आपको बता दें की इस गड्ढे मे समीपी ग्राम की कुछ नालियों के हिस्से का पानी इस गड्ढे में जाकर समा जाता है इस गड्ढे में मल मूत्र गंदगी भरी पड़ी है और इसी के बाजू में नल जल योजना का बोर स्थित है जिससे इस बारिश के मौसम में लोगों को महामारी फैलने का



खतरा मंडरा रहा है वही यह गड्ढा राहगीरो के लिए भी दुर्घटना की ओर इशारा कर रहा है आपको बता दें की इस गड्ढे का अनेकों बार स्थानीय ग्रामीणों की शिकायत पर जनपद पंचायत सिहोरा के सीईओ द्वारा निरीक्षण कर ग्राम पंचायत जुझारी को इस गड्ढे में चेंबर बनवाने की निर्देश दिए गए परंतु आज दिनांक तक यह गड्ढा खुला पड़ा है चेंबर नहीं बनवाया गया। जिससे अनेक परेशानियां पैदा हो रही हैं । मोहल्ले के कमल पटेल, रिंकू पटेल, द्वारका विश्वकर्मा, सुनील ठाकुर, सोहन सोनी, मुस्की श्रीवास ने बताया की अब जल्द ही इस आशय की शिकायत जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत से जनसुनवाई में की जावेगी।



## वर्तिका की मासिक काव्य गोष्ठी सम्पन्न

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** वर्तिका संस्था की मासिक काव्य गोष्ठी हरिशंकर परसाई भवन में अतुल तिवारी पूर्व प्रवर्तक अधीक्षक एवं वरिष्ठ गायक के मुख्य आतिथ्य एवं वरिष्ठ साहित्यकार, नेत्ररोग विशेषज्ञ, डॉ.सुरेंद्रलाल साहू की अध्यक्षता, निर्मला तिवारी के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुई। प्रमुख वक्ता राजेश पाठक प्रवीण थे। समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार कन्हैयालाल ताम्रकार एवं कवयित्री छाया त्रिवेदी की कविताओं के काव्य पटल का लोकार्पण किया गया। प्रारम्भ में वर्तिका के अध्यक्ष संतोष नेमा संतोष ने अतिथियों का परिचय देते हुए आगामी योजनाओं पर प्रकाश डाला। यूनुस अदीब के संचालन में द्वितीय सत्र में कवियों ने एक से बढ़कर एक रचनाओं की प्रस्तुति की।

## वंचितों के पक्षधर थे शरद यादव

### शहर में विचार मंच ने मनाई जन्म जयंती

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** ललित उद्यान में शरद यादव की प्रस्तावित प्रतिमा स्थल पर शरद यादव विचार मंच द्वारा 78 जन्मदिन मनाया गया। शरद यादव समाजवादी एवं सामाजिक न्याय की धारा की बड़ी आवाज रहे, महिला आरक्षण की 100 प्रतिशत पक्षीघर, मजदूर, किसानों, छात्रों, युवाओं के हक अधिकारों के सड़क से लेकर संसद तक गंभीरता से आवाज उठाने वाले शरद यादव राजनैतिक जीवन जबलपुर विश्वविद्यालय से शुरु हुआ था। इस अवसर पर बैजनाथ कुशवाहा,



रामरतन यादव, किशोरी लाल भलावी, घनश्याम यादव, शिव यादव, विवेक अवस्थी, इंद्र कुमार पटेल, राधेश्याम अग्रवाल, नोके लाल प्रज्ञा, पूर्ण विधायक नंदलाल धुर्वे, सरमन रजक, जगदीश नन्हेट, अमित पांडे, भावना दीक्षित, मुश्ताक मंसूरी, सुधीर शर्मा, नरेश बारी, अनुराग सिंह, रिजवान अंसारी, इफ्तारखार अहमद, रज्जन यादव, रामकुमार पटेल आदि उपस्थित रहे।

## युवती ने लगाई फांसी, मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** बरेला थाना चौकी गौर में कमलेश पटैल उम्र 43 वर्ष निवासी ग्राम परसावाड़ा बरेला ने सूचना देकर बताया कि उसके चाचा का लड़का सतीश पटैल निवासी आनंद ढाबा के पास चौकी गौर ने रात फोन कर अपने घर बुलाया। उसने जाकर देखा उसकी भतीजी निशा पटैल उम्र 22 वर्ष ने साड़ी को छत से कुंदा में बांधकर फांसी लगा ली गयी थी। नीचे उतारने तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।



## कचहरी दरगाह में टिपारियों ने दी हाजिरी

### मोहर्रम की 5 तारीख को निकाले गये जुलूस

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहादत के पर्व मोहर्रम की पांचवीं तारीख को शहर के अलग-अलग इलाकों से देर रात इशा की नमाज के बाद रंग-बिरंगे फूलों से सजी हिंदू-मुस्लिम मुजावरों की टिपारियों का जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल अकीदतमंदों ने या अली या हुसैन के नारे लगाए, ढोल, शहनाई और बैंड-बाजों के साथ निकले ये टिपारियों के जुलूस विभिन्न मार्गों से होते हुए हाई कोर्ट के सामने स्थित हजरत ख्वाजा अमीनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह कचहरी वाले बाबा साहब की दरगाह पहुंचे। टिपारियों के जुलूसों के आगमन पर सज्जादानशीन बाबर खां बंदानवाजी और खादिम ए आला चंगेज खान अशरफी ने परंपरागत रूप से बाबा साहिबान का इस्तकबाल किया। इस मौके पर दरगाह शरीफ को आकर्षक रोशनी से सजाया गया था और लंगर भी बांटा गया। दरगाह में बैंड-बाजों पर बज रही मोहर्रम की धुन पर अकीदतमंदों ने नजराना पेश किया। आधी रात तक टिपारियों के जुलूस दरगाह में हाजिरी देने पहुंचते रहे, जुलूस मार्ग में जहां-जहां से टिपारियां गुजरीं, वहां के निवासियों ने अपने घरों से बाहर आकर बाबा साहिबान को अपनी मुरादें बताईं और बाबा साहेब ने उन्हें दुआएं दीं।

**सिटी कोतवाली में मर्सियाखानी और लंगर**-सिटी कोतवाली बाजार स्थित मौलाना साहब की गली में मरहूम शेख मुन्ना नियाजी और मरहूम अब्दुल रऊफ बाबा नियाजी के इमामबाड़े में मोहर्रम की 5 तारीख को मर्सियाखानी का आयोजन किया गया। इस आयोजन में टिपारियों के जुलूस में शामिल अकीदतमंदों के लिए छबील और लंगर का इंतजाम किया गया था। शहनाई वादक भी मोहर्रम की धुनें पेश कर रहे थे।

# 3 लुटेरे अरेस्ट, 7 मोटरसाइकिल बरामद

## चोरी की गाड़ियों से देते थे वारदात को अंजाम

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रांझी में हुई लूटपाट के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लूट के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने रांझी में हुई लूट तथा थाना रांझी, अधारताल, ग्वारीघाट में हुई मोटर सायकिल चोरियों का खुलासा करते हुए आरोपियों के कब्जे से लूट और चोरी की 7 मोटरसाइकिलें भी बरामद कर ली है। पुलिस ने आरोपियों के नाम रांझी निवासी अमित सिंह गौंड उर्फ चना, अभिषेक विश्वकर्मा उर्फ बाबू और विजय यादव उर्फ छोटू बताए हैं। पुलिस का कहना है कि विगत 24 जून को सुजीत दाहिया की अज्ञात आरोपियों ने मोटरसाइकिल और मोबाइल छीन लिया था। पुलिस ने सीसीटीवी पफुटेज और मुखबिर की सूचना पर तीनों आरोपियों को पकड़ा, जिन्होंने इसके अलावा अन्य वारदातें कबूल की। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सात मोटर साइकिल जब्त की। ये वाहन गौरीघाट, अधारताल और



रांझी से लूटे या चोरी किए गए थे।

**पकड़े गए आरोपी**

पुलिस ने इस मामले में अमित सिंह गौंड उर्फ चना पिता जयकरण सिंह उम्र 21 वर्ष निवासी होलीक्रास चर्च के पीछे इन्द्रानगर रांझी, अभिषेक विश्वकर्मा उर्फ बाबू पिता दिलीप उम्र 22 वर्ष निवासी वैष्णव पब्लिक स्कूल के पीछे इन्द्रानगर रांझी, विजय यादव उर्फ छोटू पहाडी पिता शिवकुमार यादव उम्र 27 वर्ष निवासी इन्द्रानगर रांझी को गिरफ्तार किया है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

**लोककर्म विभाग**

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | PRO-294 Date =01/07/2025 2025_UAD_434326_1 | वार्ड क्र. 74 के अंतर्गत कुदवारी श्मशान घाट में शव दहन क्रिया हेतु शेड निर्माण एवं शेड के चारों ओर पेवर ब्लाक निर्माण कार्य | 2 माह 06.29 लाख | 2,000/- 6295/- | 16/07/2025 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री (लोककर्म विभाग) नगर निगम, जबलपुर**

# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व का कोर जोन पर्यटकों के लिए बंद, अब 1 अक्टूबर को खुलेगा पार्क





उमरिया (स्वतंत्रमत)

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के कोर जोन (ताला, मगधी और खितौली) को 30 जून से पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है। फील्ड डायरेक्टर डॉ अनुपम कुमार सहाय ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी मानसून की शुरुआत के साथ ही ट्रैक की स्थिति और वन्यजीवों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जुलाई से अक्टूबर माह तक बंद रखने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि आज की अंतिम सफारी यादगार पल था,इस खूबसूरत और भावुक पल पर बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के अधिकारियों ने पर्यटकों के साथ विदाई की यादगार पल को सेल्फी में कैद किया। उल्लेखनीय है कि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व मध्य प्रदेश के उमरिया जिले में स्थित है और यह वर्ष 1968 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था। 1993 में इसे टाइगर रिजर्व का दर्जा मिला, जिसमें 716 वर्ग किलोमीटर का कोर एरिया और 437 वर्ग किलोमीटर का बफर जोन शामिल है। यह टाइगर रिजर्व बाघों की सर्वाधिक घनत्व वाली आबादी के लिए देश और विदेश के पर्यटकों के बीच खासा लोकप्रिय रहा है। अब आगामी कुछ महीनों तक यह क्षेत्र पर्यटकों के लिए बंद रहेगा और केवल मॉनसून के बाद ही दोबारा खोला जाएगा।

## खास है बांधवगढ़

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व देश के सबसे घनी बाघ जनसंख्या वाले क्षेत्रों में से एक माना जाता है। यहां बाघों को उनके प्राकृतिक परिवेश में देखने का रोमांच पर्यटकों को बार-बार आकर्षित करता है। इसके अतिरिक्त, यहां की हरियाली, पक्षियों की विविधता, तेंदुआ, हिरण, भालू जैसे वन्यजीवों की उपस्थिति और ऐतिहासिक बांधवगढ़ किले के अवशेष भी पर्यटन को नई ऊंचाइयां दे रहे हैं।


## पर्यटकों ने साझा किये अनुभव

बांधवगढ में वन्य प्राणियों और प्रकृति से सीधा रूबरू होकर वापस हो रहे पर्यटको ने पार्क अधिकारियों को अनमोल पलो को साझा करते हुए कहा कि बांधवगढ़ हमारे लिए घर जैसा है। हमें पार्क बहुत पसंद है, यहाँ के वन्यजीव और बाघ हमारे लिए अविश्वसनीय रूप से खास हैं। तीन अलग-अलग बाघों को देखकर सीजन का अंत करना एक शानदार अनुभव रहा है। जबकि दो बाघ अलग-अलग जगहों पर सो रहे थे, आखरी पल में कोई और नहीं बल्कि खुद बजरंग को हमने देखा, उसकी आंखें ऐसी दिखी, जैसे मानो हमें अलविदा कहने आया हो।

## 188787 सैलानियों ने किया भ्रमण

जानकारी के मुताबिक विगत 15 जून तक पार्क के कोर और बफर क्षेत्र मे 188787 सैलानियों ने भ्रमण किया। जिनमे 156207 भारतीय तथा 35575 विदेशी शामिल हैं।सूत्रों के मुताबिक अधिकांश पर्यटकों को सहजता के सांथ बाघों के दर्शन हुए। अंतिम दिनो मे तो कई मादा बाघ अपने शावकों के सांथ देखी गई। जो बीटीआर मे बाघों के वृद्धि का सूचक है। इस सफलता मे प्रबंधन के समर्पण और संवेदनशीलता का महत्वपूर्ण योगदान है। क्षेत्र संचालक डॉ. अनुपम सहाय ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी मानसून मे वन्यजीवों की सुरक्षा तथा अन्य कारणों से 1 जुलाई से 30 सितंबर तक बांधवगढ़ मे पर्यटन बंद रखने का निर्णय लिया गया है। अब 01 अक्टूबर से पर्यटन की गतिविधियां प्रारंभ होंगीं।

## अभिनव पाण्डेय का पहले ही प्रयास में एनडीए में चयन, वायुसेना में शामिल होकर करेंगे देश सेवा



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** अनुशासन वा कड़े परिश्रम और सही मार्गदर्शन से किसी भी सपने को साकार किया जा सकता है वायुसेना में अफसर बनकर देश की सेवा करने का सपना उमरिया ज़िले के मानपुर विधानसभा मुख्यालय के रहने वाले अभिनव पाण्डेय ने संघ लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित एनडीए की परीक्षा पास करके साकार किया है। मानपुर निवासी अभिनव पाण्डेय के एनडीए में चयनित होने पर शहरवासियों में उत्साह का माहौल है। अभिनव शहडोल सम्भागीय मुख्यालय के कोतवाली थाने में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक रामराज पाण्डेय और सीएम राइज स्कूल में हिंदी की व्याख्याता स्मिता पाण्डेय के सुपुत्र हैं। अभिनव ने अपनी उपलब्धि के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि विगत वर्ष 1 सितम्बर को आयोजित एनडीए की परीक्षा में उनका चयन वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर हुआ है । अभिनव की प्रारंभिक शिक्षा पाली स्थित सेंट जोसेफ इंग्लिश मीडियम स्कूल से हुई है उन्होंने अपनी उच्चतर माध्यमिक शिक्षा राजस्थान के कोटा स्थित अकलंक पब्लिक स्कूल से हासिल की है। मिली जानकारी अनुसार अभिनव के दादा श्री छत्रपाल पाण्डेय पुलिस विभाग में निवर्तमान सहायक उपनिरीक्षक के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं दादी श्री मती सुशीला पाण्डेय ने भी अभिनव की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है दादा छत्रपाल पाण्डेय ने खुशी साझा करते हुए कहा कि हमारे परिवार से कई लोगों ने भारतीय सेना और पैरामिलिट्री फोर्सेस में शामिल होकर देश की सीमाओं की रक्षा की है। लेकिन ये पहली बार है जब हमारे परिवार से हमारे नाती का चयन वायुसेना में सीधे अफसर के पद पर हुआ है। अभिनव का चयन राष्ट्रीय रक्षा अकादमी,खडकवासला के लिए हुआ है वहां वे तीन साल के कड़े प्रशिक्षण के बाद फाइटर प्लेन उड़ाने की ट्रेनिंग हेतु इंडियन एयर फोर्स अकादमी हैदराबाद जाएंगे,उसके बाद भारतीय वायुसेना में बतौर फ्लाईंग ऑफिसर अपनी सेवाएं देंगे।

## हाइवे पर मौजूद गड्ढे से गई युवक की जान



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** चंदिया थाना अंतर्गत दर्दनाक सड़क हादसे में पथरहठा निवासी संजय पिता भाईलाल सोनी उम्र 36 वर्ष की मौके पर मौत हो जाने का समाचार प्रकाष में आया है। जानकारी अनुसार सोमवार की रात करीब 8 बजे संजय एफसीआई गोदाम बिसहनी में ड्यूटी के बाद अपनी बाइक क्रमांक एमपी 54 एमए 5311 से घर लौट रहा था।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, चंदिया हाइवे पर सड़क मरम्मत के लिए किया गया गड्ढा हादसे की वजह बना। बाइक सवार संजय जैसे ही उस स्थान पर पहुँचा, बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार संजय एफसीआई गोदाम में कलेक्टर रेट पर मजदूरी करता था और रोज की तरह घर लौट रहा था। जब वह देर रात तक घर नहीं पहुंचा तो परिजन चिंतित हो गए। पड़ोसियों की मदद से उसकी तलाश शुरू हुई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अंततः रात करीब 2 बजे चंदिया पुलिस द्वारा परिजनों को हादसे की जानकारी दी गई। स्थानीय लोगों ने इस हादसे के लिए हाइवे में की गई लापरवाह खुदाई और बिना संकेतक छोड़े सड़क मरम्मत कार्य को जिम्मेदार ठहराया है।

## मानपुर क्षेत्र में गांव-गांव बिक रहा है अवैध शराब, आबकारी विभाग ने साधी चुप्पी..!

मानपुर (स्वतंत्रमत)

जिले के मानपुर क्षेत्र के तकरीबन सभी गांव में खुलेआम पूर्ण स्वतंत्र रूप से अवैध मदिरा का ब्यापार हो रहा है जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बन कर छाया हुआ है, वहीं यदि ग्रामीणों की माने तो जब हर बात की जानकारी प्रशासन को हर समय मिलती रहती है तो क्या अवैध मदिरा ब्यापार की जानकारी न होगी..? सभी गांव में बिक रहे दारू को रोंकनें में जवाबदार प्रशासनिक अमला के पसीने क्यों छूट रहे हैं..? तो क्या मिली भगत अथवा किसी के दवाव की ताकत ने जवाबदारों के हांथ और कलम में ताला जड़ रखा है..? मिली भगत के लालच से यदि सभी गांव और मेहल्ले में अवैध दारू बेचवाने की छूट है तो ब्लॉक अंदर गिन के चार - छह दुकान ही क्यों संचालित हैं, सभी गांव टोला में वैध दारू दुकान संचालित क्यों नहीं करवा दिये जाते हैं.? बल्हौंड़, अमिलिया, मानपुर, परासी, ताला, मानपुर, बिजौरी, कठार, बम्हनगवां, चंसुरा, भरेवा, पड़खुरी, बकेली, उमरिया, बेल्दी, माला, सेमरा, समरकोइनी अथवा इस ब्लॉक के कौन ऐसा गांव बचाहै जहां अवैध मदिरा का ब्यापार न चलता हो.? कई




होटल, ढावा, रेस्टोरेंट, यहां तक की किराना दुकानों में भी आपको मंदिरा बिकते मिल जायेगा, मानपुर ब्लॉक क्षेत्र में तो मप्र के मुख्यमंत्री डॉ यादव जी के शक्त निर्देशों का पालन नहीं हो रहा है और गांव बस्ती के बीच खुलेआम मदिरा ब्यापार संचालित हैं। कोई नई बात नहीं है सब कोई जानता है कि दैनिक बढ़ रहे बिवाद, मारपीट, बीमारी, दुर्घटना और गरीबी का प्रथम श्रेय मदिरापान है। यदि सूत्रों की माने तो ग्रामीण क्षेत्र के गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले गरीब परिवार के लोग सरकार द्वारा प्राप्त निशुल्क का राषन बेंच कर मदिरा पान करते हैं फिर घर अथवा गली में अशांति फैलाते हुये विवाद करते मिला करते हैं..! ऐसे परिवारों में कुपोषण का ग्राफ अक्सर ऊपर बढ़ते मिलना कोई नई बात नहीं है। पौस्टिक आहार और दवाइयां हर जगह न मिलेगा लेकिन मदिरा कहीं भी बड़े सरलता से मिल जायेगा..! ऐसे अवैध ब्यापार से ठेकेदार और गुर्गों का बल्ले - बल्ले तो होगा ही जिन्हें आम जन के नुक्सान से क्या लेना देना ? आये दिन खबर प्रकाशित होता रहता है कि मानपुर ब्लॉक में वैध छह दुकान के गुर्गों द्वारा क्षेत्र के सभी गांव में अवैध मदिरा को पहुंचाने (पैकारी)का काम किया जाता है, तो कई जगह चर्चित है कि वैध दुकानों में भी प्रिंट दर से महगे कीमत में दारू का बिक्री किया जाता है अथवा मिलावट वाले मदिरा दिया जाता है, जिस विषय पर कड़े जांच, कार्यवाही और अवैध दुकानों अथवा ठिकानों को शक्त बंद करवाये जाने के लिये ग्रामीणों ने सरकार से आपेक्षित है।

## बाइक सवार को बचाने अनियंत्रित हुई बस सड़क से उतरी



उमरिया (स्वतंत्रमत)

मंगलवार 1 जुलाई को मुख्यालय से सटे कारीमाटी के पास उमरिया से शहपुरा जा रही एक यात्री बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में उतर गई। इस हादसे में किसी यात्री को चोट नहीं आई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। यात्रियों ने सूझबूझ दिखाते हुए एक अन्य बस की मदद से अपनी यात्रा पुनः शुरू की। बस चालक ने बताया कि सामने अचानक एक बाइक सवार आ गया था, जिसे बचाने के प्रयास में वाहन नियंत्रण से बाहर हो गया।स्थानीय प्रशासन को घटना की सूचना दे दी गई है। गनीमत रही कि मोड़ होने की वजह से बस की रफ्तार धीमी थी,अन्यथा बड़ा नुकसान हो सकता था।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** मंगलवार 1 जुलाई को साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिले के दूर दराज से आए आम जनों की समस्याओं को सुना तथा उनके निराकरण के लिए संबंधित विभाग की ओर आवेदन प्रेषित किया। जनसुनवाई में रेखा बारी शारदा कालोनी ने फौती नामांतरण कराने, शंकुतला बाई चंदिया ने पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने, वेवा बेटी बाई ग्राम बल्हौड़ ने अधिकार पत्र की जमीन को छीनने, मारपीट करने, लोटन गड़ारी ग्राम भरौला ने खेत तक जाने के लिए रास्ता दिलाने, शिवमंगली ग्राम महुरी ने प्राथमिक शाला महुरी में रसोईया का काम दिलाने, कौशल चौधरी चंदिया वार्ड क्रमांक 3 ने आग लगने से हुए नुकसानी की सहायता राशि दिलाने, अंजू निवासी मउहार ने बच्चों का आधार कार्ड बनवाने, अजय सेन ग्राम चंदवार ने पिता की मृत्यु पश्चात संबल योजना का लाभ दिलाने संबंधी आवेदन किया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, डिप्टी कलेक्टर हरनीत कौर सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर को

उमरिया (स्वतंत्रमत)

नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर को किया गया है। नेशनल लोक अदालत में न्यायिक प्रकरण आपराधिक, सिविल, श्रम, मोटरयान दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, कुटुंब न्यायालय में लंबित, प्रिलिटिगेशन के समझौता योग्य प्रिलिटिगेशन के रूप में सभी बैंकों के प्रकरण, नगर पालिका समकेतिक कर एवं जलकर एवं विद्युत प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमरिया ने अधिवक्ताओ एवं जन मानस से अपील की है कि नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों को आपसी सुलह समझौता के माध्यम से निराकृत कराएं तथा आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत का लाभ उठाएं।

## स्वच्छता निरीक्षक का प्रभार उपयंत्री को सौपा गया

**उमरिया।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी किषन सिंह ने बताया कि स्वच्छता निरीक्षक नारायण दुबे अधिवार्षिकीय आयु पूर्ण करने पर 30 जून को अपरान्ह पष्चात सेवानिवृत्त हो गये है। सेवानिवृत्ति के पष्चात स्वच्छता निरीक्षक का प्रभार देवकुमार गुप्ता को सौंपा गया है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न

उमरिया (स्वतंत्रमत)

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभागार में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में उमरिया अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में खनिज राजस्व प्राप्ति, वित्तीय वर्ष 2025-26 में दर्ज अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण पर की गई कार्यवाही, आरआरसी की वसूली के संबंध में चर्चा की। कलेक्टर श्री जैन ने आरआरसी की वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। उप संचालक खनिज फरहद जहां ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025 - 26 में माह अप्रैल 2025 से जून 2025 तक का लक्ष्य 16.75 करोड़ के विरूध्द 9.87 करोड़ रूपये की राजस्व प्राप्ति हुई है। इसी तरह अवैध उत्खनन के 12 प्रकरणों में 8 प्रकरणों का निराकरण किया गया है जिसमें 1.43 लाख रूपये की राजस्व प्राप्त हुई है। अवैध परिवहन के 17 प्रकरणों में से 12 प्रकरणों का



निराकरण किया गया जिसमें 5.50 लाख रूपये की राजस्व आय प्राप्त हुई। अवैध भंडारण के 1 प्रकरण में 0.39 लाख रूपये की राजस्व प्राप्त हुआ है। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज , डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## मोहित पांडे आउटसोर्स आस्थाई कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष नियुक्त



उमरिया (स्वतंत्रमत)।

आउटसोर्स, अस्थाई, अंशकालीन एवं ग्राम पंचायत कर्मचारी संयुक्त मोर्चा मप्र की प्रदेश कार्यकारिणी एवं प्रदेश कोर कमेटी की ओर से संगठन में नियुक्ति के लिए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करते हुए संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष वासुदेव शर्मा के द्वारा नियुक्ति पत्र जारी कर मोहित पांडे को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।जिला अध्यक्ष की नियुक्ति पर उनकी इष्ट मित्रों के द्वारा बधाई दी गई है।

## नैनो डीएपी की कीमत कम, फायदा बराबर

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

आधा लीटर नैनो डीएपी की कीमत डीएपी की एक बोरी से आधे से भी कम होती है लेकिन यह फसलों के लिए डीएपी की एक बोरी के बराबर लाभदायक होती है। पांच सौ मिलीलीटर की नैनो डीएपी की एक बॉटल का मूल्य छः सौ रुपए है जबकि परंपरागत डीएपी की एक बोरी 1350 रुपए की हैं। नैनो डीएपी का उपयोग करने से किसान प्रतिबोरी 750 रुपए की बचत कर सकते हैं। साथ ही बीज उपचार एवं फसलों पर छिड़काव कर बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। उप संचालक फूलसिंह मालवीय ने इस संबंध में बताया कि किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा जिले के किसानों को अत्याधुनिक नैनो तकनीक पर आधारित नैनो डीएपी उर्वरक का उपयोग करने के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। नैनो डीएपी के कण 100 नैनोमीटर से भी कम होते हैं। जो पौधों के बीज, जड़ की




सतह, पत्तियों के स्टोमेटा एवं अन्य छिद्रों के माध्यम से आसानी से पौधों में प्रवेश कर जाते हैं। नैनो डीएपी के उपयोग से पौधों की ओज शक्ति में वृद्धि होती है और पत्तियों में क्लोरोफिल अधिक बनता है, जिससे प्रकाश संश्लेषण अधिक होता है और फसलों की गुणवत्ता और उपज में भी इजाफा होता है। उप संचालक श्री मालवीय ने बताया कि नैनो डीएपी तरल में नाइट्रोजन एवं फास्फोरस क्रमशः 8 एवं 16 प्रतिशत होता है। परम्परागत डीएपी में पौधों द्वारा नाइट्रोजन उर्वरक का 30 से 40 प्रतिशत भाग ही उपयोग किया जाता है एवं बचा हुआ शेष भाग मिट्टी, हवा और पानी को प्रदूषित करता है। नैनो डीएपी का फसल पर सीधे उपयोग करने से पर्यावरण को नुकसान नहीं होता है और पौधों को आवश्यक पोषण प्राप्त होता है। नैनो डीएपी से बीज उपचार करने के बाद फसल की क्रांतिक अवस्थाओं में एक या दो पत्तियों में छिड़काव करने से परम्परागत डीएपी के प्रयोग में 50 प्रतिशत तक कटौती की जा सकती है। उप संचालक कृषि ने नैनो डीएपी से होने वाले लाभों की जानकारी देते हुए बताया कि इसका परिवहन, भंडारण एवं उपयोग करना बहुत आसान होता है। यह सभी फसलों में नाइट्रोजन एवं फास्फोतरस प्रदाय करने का प्रभावी स्त्रोत है। खड़ी फसलों में नैनो डीएपी का स्प्रेह कर नाइट्रोजन एवं फास्फोंरस की कमी को दूर किया जा सकता है। अनुकूल परिस्थितियों में इसकी उपयोग दक्षता 90 प्रतिशत से अधिक है। साथ ही परम्पवरागत डीएपी से सस्ताक होने के कारण किसानों के लिए किफायती भी है।

## जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक संपन्न

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति अत्याचार निवारण अधिनियम जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक जिला पंचायत सभागार में विधायक बांधवगढ़ शिव नारायण सिंह की उपस्थिति एवं कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग डॉ पूजा द्विवेदी ने बताया कि जिले में अनुसूचित जाति, जनजाति के 3 हत्या के प्रकरणों में 24.75 लाख रुपये का भुगतान किया गया है। बलात्कार के 10 प्रकरणों में 36 लाख रुपये, लज्जा भंग के 6 प्रकरणों में 16 लाख रूपये, अपमान अभित्रास के 31 प्रकरणों में 31 लाख रूपये भुगतान किया गया है। बैठक में गवाहों एवं आश्रितों को यात्रा भत्ता परिवहन व्यय आहार एवं भरण पोषण व्यय के तहत अनुसूचित जाति, जन जाति में यात्रा भत्ता, आहार व्यय, भरण पोषण, चिकित्सा एवं अन्य व्यय, सदभावना शिविर, अस्पृश्यवता निवारण शिविर, जागृत शिविर, बच्चो की शिक्षा आकस्मिकता नियम, पुलिस थानों में दर्ज प्रकरणों की स्थिति की जानकारी की समीक्षा की गई।

## नगर पालिका अंतर्गत हटाये गये अस्थाई अतिक्रमण




**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी किषन सिंह ने बताया कि जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति मे लिये गये निर्णय अनुसार नगर के मार्गों में आवागमन प्रभावित करने वाले अतिक्रमण को चिन्हित कर हटाने के निर्देश दिये गये है। नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत ऐसे स्थलों का चयन किया गया है। सड़क यातायात बाधित करने वाले अवैध अतिक्रमणों को हटाए जाने की कार्यवाही सतत रूप से जारी है तथा चयनित स्थल स्टेशन रोड में कतिपय लोगों द्वारा ठेला, गुमटी तथा अस्थाई संरचना लगाकर अतिक्रमण किया गया था। जिसे सोमवार 30 जून को आवागमन की सुविधा की दृष्टि से हटा दिया गया है। नागरिकों से अपील की गई है कि सार्वजनिक मार्ग अथवा सार्वजनिक स्थल में किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें एवं व्यवसायियों से अपील है कि अपने दुकान की सामग्री दुकान के बाहर रखकर आवागमन को बाधित न करें। दुकान की सामग्री दुकान सीमा के अंदर ही रखें।

## तानाशाही और साजिश का पर्दाफाश

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ 26 जून को अशोकनगर में दर्ज फर्जी एफआईआर की कड़े शब्दों में निंदा करती है। यह एफआईआर न केवल बीजेपी की तानाशाही और विपक्ष को कुचलने की साजिश को उजागर करती है बल्कि पीड़ितों की आवाज को दबाने और सच्चाई को झूठ के नीचे दफन करने की उनकी घिनौनी रणनीति का जीता-जागता सबूत है। बीजेपी और मोहन यादव सरकार का यह कृत्य लोकतंत्र पर काला धब्बा है जिसे मध्यप्रदेश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। बीजेपी की तानाशाही और दमनकारी नीतियों के खिलाफ मध्यप्रदेश कांग्रेस और श्री जीतू पटवारी मजबूती से डटकर मुकाबला करेंगे। हम सच्चाई को सामने लाने और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उक्त संबंध में कांग्रेस कार्यालय में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया जहां पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मुनिद्वय का मंगल प्रवेश

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** युग शिरोमणि आचार्य भगवन् श्री विद्यासागर महाराज एवं विद्या शिरोमणि आचार्य श्रीसमय सागर के मंगल आशीर्वाद से चातुर्मास हेतु शनिवार को पूज्य मुनि श्रीनीरजसागर एवं पूज्य मुनि श्रीनिर्मदसागर का व्रती नगरी में हुआ भव्य मंगल प्रवेश घोड़े, रथ, बेंड ध्वजाओं के मध्य श्रावक एवं श्राविकाओं पक्तियों के शीर्ष भाग में मुनिद्वय ऋद्धिधारी ऋषिराज की तरह प्रतीत हो रहें थे। साधु सेवा समिति के मिडिया प्रभारी ऋषभ जैन ने बताया कि चातुर्मास को लेकर सम्पूर्ण नगर में उत्साह का माहौल हैं।

## गौरव चौरसिया बने फार्मासिस्ट अध्यक्ष

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** एमपी फार्मासिस्ट एसोसिएशन की नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जिसमें फार्मासिस्ट सदस्यों की सर्वसम्मति एवं प्रदेश अध्यक्ष अमित सिंह ठाकुर की अनुशंसा एवं मार्गदर्शन से गौरव चौरसिया को जिला अध्यक्ष पद की नई जिम्मेदारी का निर्वहन करने का दायित्व सौंपा गया। पूर्व जिला अध्यक्ष अभिषेक झारिया ने फार्मासिस्ट के हितों में विभिन्न मुद्दों में सुधार करने की बात कही। पूर्व अध्यक्ष नए अध्यक्ष और संभागीय अध्यक्ष ने सभी को शुभकामनाएं दी जिनके द्वारा जिले में चल रही अवैध दवाई दुकान और बिना फार्मासिस्ट के दवाई दुकान सख्त कार्यवाही की जाएगी और जिन दुकानों पर ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट के नियम का पालन नहीं होता है इन दुकानों के ऊपर सख्त कार्रवाई करने की प्रशासन से अनुरोध किया जाएगा। जिला उपाध्यक्ष के रूप में प्रमेश मालवीय, जिला मीडिया प्रभारी अंचल शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष अतुल कुमार पटेल, सह सचिव प्रकाश बघेल, सहसचिव राजदीप पटेल, एवं संरक्षक अभिषेक झारिया और सक्रिय सदस्यता प्रभारी अभिलेख ठाकुर को नियुक्त किया गया।

## मादक पदार्थो के खिलाफ अभियान

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार मादक पदार्थों के तस्करी व विक्रय में लिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध चलाया जा रहे विशेष अभियान एवं मण्डला पुलिस के नशे के विरूद्ध ऑपरेशन क्लीन स्विप के तहत पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसमें अलग-अलग थाना क्षेत्रान्तर्गत प्राप्त सूचना पर 10 प्रकरणों में कुल 23.2 किलो गांजा जप्त किया गया। कार्यवाही में थाना निवास, नैनपुर, बिछिया, मण्डला, बम्हनी, टिकरिया, बीजाडांडी एवं मोहगांव द्वारा एक-एक तथा थाना महाराजपुर द्वारा 2 प्रकरणों में एनडीपीएस की धारा के तहत कार्यवाही की गई। इसी तारतम्य में थाना बीजाडांडी पुलिस को 28 जून को सूचना मिली थी कि ग्राम धनवाही में एक महिला द्वारा गांजा की पुड़िया बनाकर बेचने रखी हुई है। उक्त सूचना पर कार्यवाही करते हुए आरोपी महिला के कब्जे से 0.586 किलो गांजा एवं नगदी 620 रुपये जप्त कर महिला आरोपी के विरुद्ध थाना बीजाडांडी में एनडीपीएस की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जिसके लिए नारकोटिक्स हेल्पलाइन नंबर 7587644166 जारी किया गया है। जिस पर संपूर्ण जिले के किसी भी क्षेत्र से नशे से संबंधित सूचना किसी भी समय दी जा सकती है।

# हरे कृष्णा राधे कृष्णा भजन के साथ धर्मप्रेमियों ने भगवान जगन्नाथ से दुख हरने मांगी कामना, रथयात्रा में उमड़ा जनसैलाब







मण्डला(स्वतंत्रमत)

1 जुलाई को मंडला में भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा भव्यता से निकाली गई। अन्तर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ(इस्कॉन) के द्वारा आयोजित इस रथ यात्रा में सैकड़ो की संख्या में धर्मप्रेमियों ने शामिल होकर भगवान को नगर भ्रमण कराया। इस अवसर पर मंडला कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, एसडीएम सोनल सिडाम, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, भाजपा वरिष्ठ नेता विनय मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, राष्ट्रीय स्वयं सेवक के विभाग प्रचारक पंकज तिवारी, समाजसेवी नीरज अग्रवाल, सुनील मिश्रा, सुधीर कांसकार, वरिष्ठ शिक्षक मुकेश पांडे ने भगवान जगन्नाथ स्वामी का पूजन कर श्रीफल अर्पण करते हुए रथ को नगर भ्रमण के लिए रवाना कराया। रथ यात्रा के पूर्व राम मंदिर पड़ाव में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलदेव, बहन सुभिद्रा की विधि विधान से स्थापना की गई। यहां पर महाआरती के साथ भगवान जगन्नाथ स्वामी को 56 भोग अर्पण किए गए। मातृशक्तियों ने विभिन्न प्रकार के पकवान मिष्ठान तैयार किए और भगवान जगन्नाथ स्वामी को अर्पित किए। इस दौरान हरे कृष्णा, राधे कृष्णा के भजन के साथ धर्मप्रेमियों ने भगवान जगन्नाथ स्वामी से अपने दुख हरने की मनोकामना मांगी। इस दौरान स्वामी का भक्तों ने स्वागत वंदन करते हुए इस कार्यक्रम के आयोजन को लेकर आभार व्यक्त किया। रथ महोत्सव के इस आयोजन पर नगर के विभिन्न स्थानो में सामाजिक संगठनों के द्वारा स्वागत किया गया और धर्मप्रेमियो ने भगवान जगन्नाथ स्वामी की जगह-जगह आरती करते हुए जयघोष के साथ जय जगन्नाथ के नारे लगाए। इस अवसर परम पूज्य भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद जी ने बताया कि इस रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ, जो कि भगवान कृष्ण हैं व उनके बड़े भाई बलभद्र जो बलराम जी हैं और बहन सुभद्रा जो कि अर्जुन की पत्नी हैं के साथ बड़े शान से सौंदर्य तरीके से सजाये गये सुसज्जित रथ के साथ मंडला के निवासियों पर अपनी कृपा कटाक्ष बरसाते हुए आए हैं। ऐसी पौराणीक मान्यता है कि जो रथ पर सवार इन भाई-बहनों को देखेगा वह सभी पापों से मुक्त हो जाएगा। रथयात्रा का आध्यात्मिक इतिहास अत्यंत गहरा है। पुराणों में वर्णित है कि पहली रथ यात्रा तब मानी जाती है जब वृंदावन वासियों ने भगवान श्रीकृष्ण को कुरुक्षेत्र से रथ में बैठाकर अपने साथ ले जाने का प्रयास किया। उसी प्रेम भावना को पुरी और कुरुक्षेत्र की रथ यात्राएं दोहराती हैं। शास्त्रों में कहा गया है कि भगवान के रथ-दर्शन से करोड़ों जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं और यह रथयात्रा उसी कृपा का विस्तार है। बता दें अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ इस्कॉन के द्वारा भव्य जगन्नाथ रथयात्रा का आयोजन किया गया है। यह आयोजन इस्कॉन उज्जैन की प्रेरणा से हो रहा है जो कि पूरे मध्यप्रदेश में 34 स्थानों पर रथयात्रा जा रही है। इसी कड़ी में 1 जुलाई को यह रथ यात्रा मंडला पहुंची जहां इस पुनीत कार्य का नेतृत्व परम पूज्य भक्ति प्रेम स्वामी महाराज ने किया। जो इस्कॉन उज्जैन के अध्यक्ष और दीक्षा गुरु हैं। यह दो किलोमीटर लंबी रथयात्रा दोपहर 2 बजे राम मंदिर पड़ाव से आंरभ हुई जो चिलमन चौक बड़ चौराहा, रेडक्रॉस, बैगा-बैगी चौंक, नेहरू स्मारक होते हुए महिष्मति घाट पहुंची। जहां पर भगवान जगन्नाथ स्वामी की महाआरती की गई और भक्तों के दर्शन के लिए रथ को विश्राम दिया गया। साथ ही यहां पर मां नर्मदा की पंचचौंकी महाआरती की गई जिसमें सैकड़ो की संख्या में धर्मप्रेमी शामिल हुए। वहीं भव्य भंडारे प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। बता दें कि मंडला की इस विशाल रथ यात्रा जो कि नगर में आकृर्षण और चर्चा का विषय बन गई जिसकी मुख्य वजह ऐसा रथ जो 15 फीट ऊंचा विशेष रथ जिसमें 10 फीट ऊंचा समायोज्य गुंबद भी रहा है। जो उज्जैन से मंडला लाया गया था। पूरे मार्ग में 20 से अधिक स्वागत स्थलों पर भगवान का आरती, छप्पन भोग पुष्पमाला के साथ जोरदार स्वागत धर्मप्रेमी सामाजिक संगठनों ने किया। इस शोभायात्रा में विशेष आकर्षण के रूप में आदिवासी सांस्कृतिक दल शामिल रहा जिससे आदिवासी सांस्कृति की झलक दिखाई दी। बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी। वहीं स्कॉट गाईड और एनसीसी के बच्चों ने भी सहभागिता दर्ज कराई यातायात व्यवस्था को लेकर इनर वॉइस को जिम्मेदारी दी गई थी। रथयात्रा में भक्तों की टोली ने पूरे मार्ग में हरिनाम संकीर्तन करती हुई वातावरण को भक्तिमय बना दिया। बताया गया इस कि रथ यात्रा का आध्यात्मिक संदेश अत्यंत गहन और प्रेरणादायक है। यह उत्सव दर्शाता है कि ईश्वर की कृपा सभी भक्तों के लिए समान रूप से उपलब्ध है चाहे वे किसी भी वर्ग या धर्म के हों। रथ यात्रा में भगवान का मंदिर से बाहर आना प्रतीक है कि वे अपने भक्तों के करीब हैं और उनकी भक्ति को स्वीकार करते हैं। रथ का खींचना जीवन की आध्यात्मिक यात्रा को दर्शाता है जो आत्मा को भौतिक बंधनों से मुक्त कर ईश्वर की ओर ले जाती है। सैकड़ो भक्तों का एक साथ रथ खींचना सामूहिक भक्ति, एकता, और सहयोग की शक्ति को प्रकट करता है। यह उत्सव विनम्रता का पाठ पढ़ाता है। वहीं पत्रकार कमलेश मिश्रा ने सभी भक्तो के माथे में तिलक लगाया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, नगर पालिका उपाध्यक्ष अखिलेश कछवाहा, भाजपा नेता पारस असरानी, राजेश क्षत्री, सुनील अग्रवाल, रोहित बघेल, मुकेश सोनी, अनमोल अग्रवाल, प्रवीण तिवारी, कपिल तिवारी, पार्षद सुधीर मिश्रा, नरेश सिंधिया, जितेन्द्र वर्बे, सुनील मिश्रा, इन्द्रेश बब्बल खरया, बब्बी रावत, मनोज चौरसिया, नरेश कछवाहा, रोचीराम गुरवानी, अंकित नामदेव, रेनू कछवाहा, गुड्डू सिंधिया, किशोर रजक, कमलेश सोनी, दिनेश चौधरी, दिनेश दुबे, आकाश क्षत्री, रंजीत कछवाहा, सुनील बाली, सुधीर दुबे, गीता साहू, उमा यादव, दीप्ती नरेलिया, सहायक आयुक्त श्रीमति वंदना गुप्ता, शिखा श्रीवास्तव, अनीता तिवारी, शशि पटैल, शीतल वैष्णव, नीता उपाध्याय, पुष्पा ज्योतिषी उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम में मंच का संचालन अखिलेश उपाध्याय के द्वारा किया गया। वहीं रथयात्रा के आरंभ समय श्रीराम मंदिर प्रागंण में सामाजिक कार्यकर्ता अशोक खरबंदा एवं श्रीमति आशा खरबंदा के द्वारा भक्तों को खिचड़ा वितरण किया गया।

## आकाशीय बिजली से बचाव हेतु दिये सुझाव

मण्डला(स्वतंत्रमत)

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.जे. गोहन्ती ने जानकारी दी कि वर्षा ऋतु में आकाशीय बिजली गिरने की अधिक संभावना होती है। आमजन को आकाशीय बिजली बजपात आदि प्राकृतिक आपदओं से बनाय हेतु सुझाव दिया गया है। बाहरी गतिविधियों खेतों, औद्योगिक स्थान, लोडिंग और अनलोडिंग जैसे निर्माण और सामगी हैंडलिंग वाले रणानों पर काम करने वाले लोग सर्वाधिक संवेदनशील होते है। जिन्हें लक्षित करते हुए बचाव संबंधी जानकारी दी जाए। विशेष रूम कमरा से उंची नुकीली संरचनाओं पेड़ो पर बज्रपात की अधिक संभावना होती है एवं एक ही स्थान पर कई बार बजपात हो सकता है। अतः आकाशीय बिजली वर्ष के किसी भी रामय गिर सकती है, परन्तु मानसून के पूर्व जून-जुलाई में आमतौर पर ऐसी घटनाएं अधिक होती है। दोपहर एवं सायंकाल के गध्य आकाशीय बिजली की घटनाएं सर्वाधिक देखी गई है। रबर सोल के जूते अथवा टायर से बचाव नहीं हो सकता है। यह आवश्यक नही है कि बारिश के दौरान ही बजपात हो ऐसी घटना वर्षा ऋतु में तूफान के 10 मील के दायरे तक संभावित हो सकती है। आकाशीय बिजली की घटना तूफान आने के पहले व बाद में भी घटित हो सकती है। बिजली एवं इलेक्ट्रोनिक के समस्त उपकरणों के संपर्क से दूरी बनायें एवं उन्हें पावर प्लग से पृथक करें, ताकि मुख्य सप्लाई से बिजली का प्रवाह नही हो पाये, घरेलू अथवा कार्यालयीन रामरत विद्युत उपकरणों अथवा विद्युत आउटलेट से जुड़ी किसी भी चीज का उपयोग न करें। बिजली का प्रवाह किसी भी इलेक्ट्रिकल्स सिस्टम मोबाइल, रेडियों और टेलीविजन, रिसेप्सन सिस्टम और कांकीट की दीवारे फर्श में धातु के तारों के माध्यम से हो सकता है, घर व कार्यालयों में अर्थिंग होना सुनिश्चित करें। खुले हुए खिड़की दरवाजे, धातु के पाइप इत्यादि के पास खड़े न रहे, पानी के धातु के पाइप से बिजली प्रवाहित हो सकती है, बिजली गिरने की संभवना हो तो पाइप लाइन से दूर रहें बिजली के प्रवाह करनी वाली सामग्री से दूर रहें। धातु के मचान, उपकरण, पानी के पाइप या प्लविंग सहित बिजली का संचालन करने वाली सामग्री सतहों के संपर्क से बचें। पहाडी, टेकरी, बिजली के खंभे, टेलीफोन के खंगे, उंचा पेड, इमारतों की छत. बडी मशीने जैसे बुलडोजर, केन, ट्रेक्टर वाहनो से दूर रहें।

## चिकित्सा में निष्ठा मानवता के साथ कार्यरत

मण्डला(स्वतंत्रमत)



1 जुलाई को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर हम उन चिकित्सकों को याद करते हैं जो मानव जीवन की रक्षा और सेवा के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर देते हैं। ऐसा ही एक प्रेरणादायक नाम है डॉ. गुरुमोहन सिंह एक समर्पित जनरल सर्जन एवं एंडोस्कोपिस्ट जो पिछले 25 वर्षों से चिकित्सा सेवा में निष्ठा और मानवता के साथ कार्यरत हैं। डॉ. सिंह वर्तमान में हेल्थ केयर हॉस्पिटल एंड डायग्नोस्टिक सेंटर मंडला में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनका दृष्टिकोण केवल उपचार तक सीमित नहीं है बल्कि वे रोगियों को सही मार्गदर्शन बेहतर सुविधाएं और आत्मीयता प्रदान करने में विश्वास रखते हैं। वे कहते हैं मेरा उद्देश्य सिर्फ इलाज नहीं बल्कि रोगियों को सही दिशा और सुविधाएं देना है। डॉ. सिंह ने मंडला जैसे जिले में रहकर वह सभी उन्नत सर्जिकल सेवाएं उपलब्ध कराईं हैं जिनके लिए पहले मरीजों को बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था। उनके अस्पताल में जनरल सर्जरी वीडियो एंडोस्कोपी फाइब्रोस्कैन (लिवर जांच) तथा लेजर विधि से पथरी एवं प्रोस्ट्रेट ग्रंथि की शल्यक्रियाएं सहज रूप से उपलब्ध हैं उनका सपना है कि मंडला के मरीजों को किफायती दरों पर महानगरों जैसी चिकित्सा सुविधा मिले जिससे उन्हें न तो आर्थिक बोझ उठाना पड़े न ही यात्रा की कठिनाई। चिकित्सा के क्षेत्र में प्रतिदिन आने वाली चुनौतियों का सामना वे योग और मेडिटेशन के माध्यम से मानसिक संतुलन बनाए रखकर करते हैं। यही संतुलन उन्हें हर रोगी के प्रति संवेदनशीलता और नई ऊर्जा से भर देता है डॉ. गुरुमोहन सिंह जैसे अनुभवी और समर्पित चिकित्सक जिले के लिए एक वरदान हैं। उनके निरंतर प्रयासों से स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं में एक नई दिशा और विश्वास जुड़ा है डॉक्टर्स डे के इस अवसर पर हम ऐसे समर्पित चिकित्सक को नमन करते है जो न केवल चिकित्सा सेवा प्रदान कर रहे हैं बल्कि समाज को बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में भी मार्गदर्शन दे रहे हैं।

## डायमंड वैली प्ले स्कूल का उद्घाटन

मण्डला(स्वतंत्रमत)। शिक्षा एवं संस्कारों का केंद्र हिंदी एवं इंग्लिश भाषाओं में संचालित डायमंड वैली प्ले स्कूल झुलपुर एवं एक्सपर्ट कोचिंग सेंटर झुलपुर में भारत माता एवं सरस्वती मां का पूजन कर रिबन काट कर विद्यालय का उद्घाटन किया गया। इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री देवसिंह सैयाम, जनपद पंचायत अध्यक्ष ओमवती उईके, जिला पंचायत सदस्य प्रजय जैन, रानी दुर्गावती कॉलेज नैनपुर अध्यक्ष दामोदर झारिया, ग्राम पंचायत सरपंच पति सीताराम मसराम, गारमेंट स्कूल झुलपुर प्राचार्य दुलीचंद अर्जुनवार, संचालक दुर्गेश साहू, ग्रामपंचायत सचिव एवं ग्राम वासी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सम्मानित अतिथि डायमंड वैली संरक्षक शिक्षा समिति के सदस्य, देवसिंह, सीताराम, गोंडे लाल भांवरें, गजराज, विमल, सुलीचंद, जहीर खान, ओमवती, रामचरण, दुलीचंद, सुशीला, हीरो बाई, समलबती, समता, संतोष, ओमकार, दिलीप, बहादुर, रामेश्वर, सतीष, सुरेश, पुनाराम, सुशील, राजाराम, रूपराम, गजानंद, नोने लाल , चंद्र, अशोक रहे।

## धरती आबा शिवर में कृषकों को रागी बीज का वितरण




नैनपुर (स्वतंत्र मत)

विकास खंड नैनपुर की ग्राम पंचायत सगोनिया में उप संचालक कृषि अश्विनी झारिया के मार्गदर्शन में आत्मा परियोजना के अंतर्गत नेशनल मिशन आंन नेचुरल फार्मिग (हस्र्ह्स्न) मे चयनित कृषको को रागी बीज किस्म ङ्करू-379 बीज का वितरण जनपद सदस्य बीरबल परते, सरपंच श्रीमति इन्दा बरकड़े की उपस्थिति में आत्मा परियोजना संचालक आर डी जाटव मंडला के द्वारा वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, कृषि विस्तार अधिकारी व बी.टी.एम. की उपस्थिति मे किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कृषकों की उपस्थित रही। आर डी जाटव मंडला के द्वारा उपस्थित कृषकों को जागरूक करते हुए बताया गया कि रागी एक पोषक फसल है जिसे कम पानी एवं कम उर्वर न्यूनतम लागत मे अच्छी उपज ले सकते हैं और अच्छे दामों बेच कर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकते हैं।

## आज नैनपुर में निकलेगी भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा

### रथयात्रा का नैनपुर में होगा विशेष पड़ाव

### आज नैनपुर पहुंचेगा भगवान श्री जगन्नाथ जी का दिव्य रथ



नैनपुर (स्वतंत्र मत)

अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ इस्कॉन परिवार द्वारा भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा आज नैनपुर में निकाली जायेगी। इस्कॉन परिवार ने बताया कि इस वर्ष मध्यप्रदेश में प्रथम बार एक ऐतिहासिक च्भगवान जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सवज्ज का आयोजन किया जा रहा है। यह रथयात्रा इस्कॉन उज्जैन के माध्यम से प्रदेश के 34 नगरों में आयोजित की जा रही है। यह पावन यात्रा 27 जून 2025 को उज्जैन से आरंभ होकर 9 दिनों में प्रदेश के 34 स्थलों पर पहुंच रही है। इस यात्रा का एक विशेष पड़ाव आज नैनपुर में रखा गया है। आज दोपहर बाद भगवान श्रीजगन्नाथ का रथ नैनपुर पहुंचेगा । साथ में सुसज्जित रथ, भव्य कीर्तन मंडली, भक्त समुदाय और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की टोली भी नैनपुर में होगी। यह दूसरा अवसर है जब इस्कॉन द्वारा नैनपुर में जगन्नाथ रथयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस रथयात्रा के माध्यम से इस्कॉन परिवार सभी समुदायों, धर्मों एवं वर्गों को एक साथ जोड़ते हुए, नगर में सांस्कृतिक एकता व आध्यात्मिक चेतना को प्रोत्साहित करना चाहते है। इस पावन आयोजन की व्यापक तैयारियां की गई हैं। रथ यात्रा में भगवान श्री जगन्नाथ के साथ बल्देव और सुभद्रा महारानी विराजमान रहेंगे। यात्रा नगर के वार्ड 15 स्थित श्री कृष्ण मंदिर परिसर से आरम्भ होगी। जो बस स्टैंड, चकोर तट, उमरिया बांसुरी वादन चौक, पुरानी बस्ती बुधवारी बाजार से खेरमाई रोड होते हुए सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय प्रांगण में सम्पन्न होगी।

## किड्जी में मनाया नेशनल डॉक्टर्स डे

मण्डला(स्वतंत्रमत)

किड्जी प्ले स्कूल सिविल लाइन में नेशनल डॉक्टर्स डे सेलिब्रेट किया गया। यहां पर जिले के चिकित्सकों को आमंत्रित किया गया।उन्होंने स्कूल के नन्हे बच्चों को शरीर और स्वास्थ्य संबंधी चिकित्सा की आवश्यक जानकारियां प्रदान की। डॉ मोहसिन मंसूरी ने बच्चों को बताया कि कभी भी अस्वस्थता महसूस हो तुरंत डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। दैनिक दिनचर्या में अच्छे स्वास्थ्य के लिए अपनाई जाने वाली आदतों समय पर सोना संतुलित आहार व्यायाम के बारे में बताया। डॉ.राहुल पमनानी ने बच्चों को दांतों की देखभाल और साफ-सफाई की दिनचर्या सिखाई बच्चों को दिन में दो बार ब्रश करना चाहिए। डॉ. साकेत अग्रवाल नेत्र सर्जन ने बच्चों को बताया कि आंखें हमारे शरीर का सबसे महत्वपूर्ण इंद्रीय अंग हैं अतः उन्हें स्क्रीन टाइम कम करके और साफ-सफाई रखकर सुरक्षित रखना चाहिए। डॉ. नेहा तिवारी ने अपने दंत चिकित्सा उपकरणों की सहायता से बच्चों को सही तरीके से ब्रश करने के स्टेप्स बहुत सुंदर और सरल ढंग से समझाए डॉक्टर्स की उपस्थिति ने बच्चों के चेहरे पर आनंद और उत्सुकता ला दी। बच्चों की उम्र के अनुसार जानकारी दी गई। आयोजन में प्राचार्या शालिनी शुक्ला एवं शैक्षणिक समन्वयक राशि पमनानी के मार्गदर्शन में आयोजन संपन्न हुआ।


**कार्यालय शासकीय कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय छात्रावास मोहगॉव**

कं./ बा.छा./2025/166 मोहगॉव दिनांक 01/07/25

**निविदा सूचना**

राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान अन्तर्गत संचालित कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय छात्रावास मोहगॉव में निवासरत बालिकाओं के भोजन व्यवस्था, स्वच्छता, मेडिकल, सामग्री एवं सब्जी, फल, दूध हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं। आवश्यकतानुसार सामग्री की सूची एवं शर्त निविदा फार्म के साथ प्राप्त की जा सकती है। निविदा फार्म कय करने की अंतिम तिथि 04.07.2025 को शाम 04:00 बजे तक एवं दिनांक 05.07.2025 को प्रातः 11:30 बजे तक जमा की जा सकेगी। प्राप्त निविदाएं दिनांक 07.07.2025 को 03:00 बजे समिति के समक्ष खोले जायेंगें। शर्ते यदि राज्य कार्यालय के द्वारा टेंडर किया जाता है तो यह निविदा स्वतः ही समाप्त हो जायेगी।

**प्राचार्य/आहरण संवितरण अधिकारी**
**कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय**
**छात्रावास मोहगाँव, जिला मण्डला**

संपादकीय

## बहस-तलब मुद्दे

आजकल दो संवैधानिक मुद्दे बहस-तलब और विवादित हैं। पहला यह है कि 1976 में 42वें संविधान संशोधन के तहत दो शब्द-'समाजवादी' और 'पंथनिरपेक्ष'-संविधान की प्रस्तावना में जोड़े गए। संविधान सभा के दौर में जाएं, तो इन शब्दों पर व्यापक बहस हुई थी। सांसद प्रो. केटी शाह और कामथ सरीखों ने संविधान के अनुच्छेद 1 के तहत इन शब्दों को जोड़ने की मांग की थी। संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर की दलीलें थीं कि ये शब्द औसत भारतीय की आत्मा में समाए हैं। अनुच्छेद 31 में इन शब्दों का उल्लेख है। नीति निर्देशक तत्वों में भी ये शब्द शामिल हैं। इन्हें संविधान की प्रस्तावना में रखने से लोकतंत्र का लचीलापन समाप्त होगा। लोकतंत्र नष्ट भी हो सकता है, लिहाजा वह प्रस्ताव गिर गया और बाबा अंबेडकर ने उन दो शब्दों को प्रस्तावना में नहीं जोड़ा। 1976 के संविधान संशोधन के बाद छह साल भाजपा-एनडीए की वाजपेयी सरकार केंद्र में रही और अब 11 साल से मोदी सरकार मौजूद है। इनके अलावा, 1977-80 के दौरान जनता पार्टी भी सत्ता में रही। सवाल है कि तब वे शब्द क्यों नहीं हटाए गए? जब 2020 में सर्वोच्च अदालत में एक याचिका दाखिल की गई, जिस पर 2024 में तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली न्यायिक पीठ ने फैसला सुनाया कि इतने लंबे सालों के बाद इन शब्दों से छेड़छाड़ न की जाए। पीठ ने 'समाजवादी' और 'पंथनिरपेक्ष' की व्याख्या भी की। यह राजनीतिक विडंबना है कि 'मंडल बनाम कमंडल' की राजनीति के दौर में एक शब्द बदल कर 'धर्मनिरपेक्ष' कहा जाने लगा और भाजपा समर्थक राजनीति को 'सांप्रदायिक' करार दिया जाने लगा। अब उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संविधान की प्रस्तावना में जोड़े गए दो शब्दों को 'नासूर' करार दिया है, लिहाजा राजनीति ज्यादा विषाक्त हो गई है।

दूसरा मुद्दा बिहार में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण से जुड़ा है। विपक्ष कह रहा है कि उसके वोट बैंक के कई नाम सूचियों से काटे जा सकते हैं और भाजपा-समर्थक नाम जोड़े जा सकते हैं। विपक्ष का लगातार आरोप रहा है कि चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र और हरियाणा में भी ऐसा ही किया था, नतीजतन भाजपा सरकारें बनीं। सवाल यह है कि बीते 11 सालों के कालखंड के दौरान चुनाव आयोग की मंशा, चुनावी कवायदों, मतदाता सूचियों के संशोधन आदि शक के घेरे में क्यों हैं? मौजूदा चुनाव आयोग को 'भाजपापंथी' आरोपित क्यों किया जाता है? क्या चुनाव आयोग इतनी घालमेल कर सकता है कि भाजपा की ही सरकार बने, तो देश के कई राज्यों में कांग्रेस, द्रमुक, तृणमूल कांग्रेस, झामुमो और वामदलों की सरकारें क्यों और किस आधार पर हैं? ये जवाब विपक्ष नहीं देगा। संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत चुनाव आयोग को मतदान कराने से पूर्व मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण और संशोधन के विशेषाधिकार प्राप्त हैं। यह कवायद हर लोकसभा और विधानसभा चुनाव से पहले की जाती रही है। विपक्ष की कुछ दलीलें सार्थक हैं कि आयोग बिहार में 2003 के बाद बने मतदाताओं के सत्यापन करना चाहता है और यह संख्या करीब 5 करोड़ है, क्या यह कवायद मात्र 25 दिन में पूरी की जा सकती है? बेशक 98,000 से अधिक बूथ लेवल अफसर घर-घर जाकर डाटा इकट्ठा करेंगे। इसे नागरिकता की पात्रता का भी साक्ष्य माना गया है। पहले घर-घर जाकर दस्तावेज और निजी डाटा इकट्ठा करेंगे, फिर सूचियां छापी जाएंगी। उस पर किसी भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार को आपत्ति होगी, तो उसका समाधान निकालना पड़ेगा।

# टीएमसी नेताओं की निर्लज्ज टिप्पणियों से उठा विवाद



ललित गर्ग

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

कोलकाता में कानून की एक छात्रा से सामूहिक दुराचार-गैंगरेप का मुद्दा एक बार फिर पश्चिम बंगाल में जितना बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनने लगा है उतना ही बड़ा नारी उत्पीड़न का मुद्दा बनकर उभर रहा है। इस मामले में पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के दो वरिष्ठ नेताओं की अनर्गल एवं निर्लज्ज टिप्पणी स्त्री की मर्यादा, सम्मान एवं अस्मिता के खिलाफ शर्मनाक, दुर्भाग्यपूर्ण व संवेदनहीन प्रतिक्रिया है। इन नेताओं ने गैंगरेप मामले पर विवादित बयान से राज्य एवं देश में भारी जनाक्रोश पैदा हो गया था। विशेषत: राजनेताओं के बयानों एवं सोच में एक बार फिर शर्मनाक ढंग से पीड़िता पर दोष मढ़ने की बेशर्म कोशिश की गई है। इस मामले में सत्तारूढ़ टीएमसी पार्टी अन्दर एवं बाहर दोनों मोर्चों पर घिरती हुई नजर आ रही है। जहां इस मामले में पार्टी के अन्दर गुटबाजी एक बार फिर सामने आयी है, वहीं भाजपा आक्रामक रूप से ममता सरकार को घेर रही है। टीएमसी की महिला नेत्री महुआ मोइत्रा टीएमसी नेताओं कल्याण बनर्जी और मदन मित्रा के उन बयानों पर निराशा व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया है कि इन राजनेताओं के बयान में स्त्री-द्वेष पार्टी लाइन से परे है।

यह एक बदतर स्थिति है कि जिस पार्टी के नेताओं ने ये दुर्भाग्यपूर्ण बयान दिए हैं, उस पार्टी की सुप्रीमो एक महिला ही है। यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि ममता बनर्जी जैसी तेजतर्रार मुख्यमंत्री के शासन और नेतृत्व के वर्षों के दौरान टीएमसी के भीतर नारी सम्मान एवं अस्मिता को लेकर संवेदनशीलता लाने और मानसिकता में बदलाव लाने के प्रयास विफल होते नजर आ रहे हैं। अकसर महिलाएं और महिला राजनेता पुरुष नेताओं के हाथों अश्लील, अभद्र और तौहीन भरी टिप्पणओं की शिकार होती रही हैं। ऐसे बयानों के बावजूद अकसर ये राजनेता किसी कठोर कार्रवाई की बजाय हल्की फुल्की फ़टकार के बाद बच निकलते हैं। ये बयान कभी महिलाओं की बॉडी शेमिंग करते नज़र आते हैं तो कभी बलात्कार जैसे गंभीर अपराध को मामूली बताने की कोशिश करते हुए नजर आते हैं। इसके साथ ही ये चिन्ताजनक संदेश भी जाता है कि महिलाओं के बारे में हल्के और आपत्तिजनक बयान देना विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के लिये सामान्य बात है।

जब किसी देश की बेटियां न्याय का अध्ययन कर रही हों और वहीं उनके साथ अन्याय की पराकाष्ठा हो तो यह केवल एक आपराधिक घटना नहीं, बल्कि पूरे समाज, व्यवस्था और सोच के लिए एक जघन्य आइना बन जाती है। प्रतिष्ठित लॉ कॉलेज की छात्रा के साथ हुए सामूहिक बलात्कार की घटना ने न केवल राजनीतिक सोच एवं कानून के मंदिरों को शर्मसार किया है, बल्कि हर संवेदनशील मन को झकझोर दिया है। पीड़िता एक




लॉ कॉलेज में अध्ययनरत छात्रा थी, जो अपने उज्ज्वल भविष्य के सपनों के साथ शिक्षा के पथ पर अग्रसर थी। घटना की रात वह अपने कुछ परिचितों के साथ बाहर थी, जिनमें से ही कुछ ने उसकी अस्मिता को रौंद डाला। उसे नशा दिया गया और फिर सुनसान स्थान पर ले जाकर कई लोगों ने उसके साथ बलात्कार किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया है, लेकिन सवाल यह है कि जब कानून पढ़ने वाली लड़की खुद असुरक्षित है, तो आम महिलाएं कैसे सुरक्षित होंगी? क्या यह कानून की शिक्षा देने वाली संस्थाओं एवं शासन करने वाली सत्ताओं के लिए आत्ममंथन का समय नहीं है? ऐसी घटनाओं पर निर्भया कांड के बाद बने कानूनों का सख्ती से पालन हो। रेप को सिर्फ एक 'जुर्म' नहीं, 'राष्ट्रीय आपदा' माना जाए, और उसकी रोकथाम के लिए शिक्षा, संस्कार और तकनीकी सुरक्षा साधनों को प्राथमिकता दी जाए। कोलकाता की लॉ छात्रा की यह दर्दनाक घटना हमें चेताती है कि केवल कानून बना लेना काफी नहीं, जब तक समाज की सोच नहीं बदलेगी, तब तक बेटियां असुरक्षित रहेंगी। यह केवल एक छात्रा की लड़ाई नहीं, बल्कि हर बेटी की सुरक्षा की लड़ाई है। न्याय तब होगा जब ऐसी घटनाएं रुकेंगी और उसके लिए हमें मिलकर लड़ना होगा।

सबसे दुखद पहलू यह है कि अनेक बार ऐसी घटनाओं में समाज चुप रहता है, पीड़िता को दोषी ठहराने की कोशिश की जाती है। सोशल मीडिया पर तंज, मीडिया ट्रायल और व्यक्तिगत चरित्रहनन जैसी बातें पीड़िता को न्याय से अधिक पीड़ा देती हैं। पीड़िता के लिये यह पीड़ा तब और बढ़ जाती है जब उनके जन-प्रतिनिधि निर्लज्ज बयानबाजी करते हैं। विडंबना यह है कि पीड़िता के प्रति निर्लज्ज बयानबाजी अकेले पश्चिम बंगाल का ही मामला नहीं है, देश के अन्य राज्यों में भी ऐसी संवेदनहीन टिप्पणियां सामने आती रही हैं। यदि इक्कीसवीं सदी के खुले समाज में हम महिलाओं के प्रति संकीर्णता की दृष्टि से मुक्त नहीं हो पा रहे हैं, तो इसे विडंबना ही कहा जाएगा। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही कि ये वे लोग हैं जिन्हें जनता अपना नेता मानती है और लाखों लोग उन्हें चुनकर जनप्रतिनिधि संस्थाओं में कानून बनाने व व्यवस्था चलाने भेजते हैं। देश में बढ़ रही यौन-शोषण, रेप एवं नारी दुराचार की घटनाओं को देखते हुए जन-प्रतिनिधियों को ज्यादा संवेदनशील होने की अपेक्षा की जाती है। बड़ा प्रश्न है कि आखिर किसी राजनेता को हर महिला के साथ हुए दुर्व्यवहार और यौन शोषण को असंवेदनशील तरीके से देखने की छूट क्यों एवं कैसे मिल जाती है।

भारत ही ऐसा देश है, जहां महिलाओं की अस्मिता एवं अस्तित्व को तार-तार करने वाले नेताओं के निर्लज्ज बयानों के बावजूद उन पर कोई ठोस, सख्त एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं होती। जबकि विश्व के अन्य देशों में ऐसा नहीं है। जैसे 2017 में ब्रिटेन के एक पार्षद के सामान्य से बयान पर अच्छा खासा बवाल मचा था। पार्षद ने सांसद का चुनाव लड़ रही एक गर्भवती महिला राजनेता के बारे में कह दिया था, 'वो गर्भवती हैं और उनका समय तो नैपी बदलने में ही बीत जाएगा, वो आम लोगों की आवाज़ क्या उठाएंगी?' इसके लिए पार्षद को माफ़ी मांगनी पड़ी। ब्रिटेन जैसे कई देशों में अकसर ऐसे बयानों पर कार्रवाई होती है। मिसाल के तौर पर 2017 में ही यूरोपियन संसद के एक सांसद ने बयान दिया था कि महिलाओं को कम पैसा मिलना चाहिए क्योंकि वो कमज़ोर, छोटी और कम बुद्धिमान होती हैं।' इसके बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया था और उन्हें मिलने वाला भत्ता भी बंद हो गया था।

कोलकाता की लॉ छात्रा मामले में टीएमसी नेताओं की टिप्पणियां निस्संदेह निंदनीय हैं, लेकिन पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा भी कड़े शब्दों में इसकी निंदा की जानी चाहिए। ममता बनर्जी के सामने एक और चुनौती है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज बलात्कार- हत्याकांड और उसके बाद देश भर में उपजा आक्रोश अभी भी यादों में ताजा है। निस्संदेह, केवल टिप्पणियों से पार्टी को अलग कर देना ही पर्याप्त नहीं है। सार्वजनिक जीवन में नारी सम्मान एवं जीवन-मूल्यों के खिलाफ जाने वाले लोगों के लिये परिणाम तय होने चाहिए। अन्यथा समाज में ये संदेश जाएगा कि ऐसे कुत्सित प्रयासों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं होती है। किसी अपराध की रोकथाम अच्छे शासन की अनिवार्य शर्त बनना चाहिए लेकिन जब कोई अपराध होता है तो प्रभावी प्रतिक्रिया भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। टीएमसी दोनों ही मामलों में विफल प्रतीत होती है। ऐसे मामलों में अत्याचार करने वालों की ही भांति अत्याचार का समर्थन करने वाले दोषी है। अत्याचारियों के लिये ही त्वरित न्याय और सख्त सजा जरूरी है लेकिन जन-प्रतिनिधि की निर्लज्ज बयानबाजी भी अपराध के दायरे में होनी चाहिए। आजीवन शोषण, दमन, अत्याचार, अवांछित बर्ताव और अपमान की शिकार रही भारतीय नारी को अब ऐसे और नये-नये तरीकों से कब तक जहर के घूंट पीने को विवश होना होगा। अत्यंत विवशता और निरीहता से देख रही है वह यह क्रूर अपमान, यह वीभत्स अनादर, यह दूषित व्यवहार एवं संकुचित न्याय। न्याय एवं राजनीति की चौखट पर भी उसके साथ दोयम दर्जा एवं दुराग्रहपूर्ण सोच बदलना सर्वोच्च प्राथमिकता हो। यदि हम सच में नारी के अस्तित्व एवं अस्मिता को सम्मान देना चाहते हैं तो ईमानदार स्वीकारोक्ति, पड़ताल एवं निष्पक्ष न्याय से ही यह संभव होगा।

# क्रांतिकारी इतिहासकार पं. सुंदरलाल



डॉ. सुधीर सक्सेना

लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं

18 मार्च, सन 1938 को एक किताब छपकर आई थी - भारत में अंग्रेजी राज। प्रकाशन के चार दिन बाद ही अंग्रेज सरकार ने इस पर पाबंदी लगा दी थी। ब्रिटिशदास्ता के खिलाफ यह अपने तईं संघर्ष का अनूठा और साहसिक उपक्रम था। इसमें भारत को अपना उपनिवेश बनाने की अंग्रेजों की कुटिल चालों और दुरभिसंधियों का प्रामाणिक विवरण था। दो खण्डों में बंटी यह किताब अंग्रेजों के पाखंड को खण्ड-खण्ड करती थी और सच को उदघाटित करती थी। पहला संस्करण दो हजार प्रतियों का था। तैयारी जबर्दस्त थी। तीन दिनों के भीतर ही 1700 प्रतियां ग्राहकों तक पहुंचा दी ईं। शेष 300 प्रतियां डाक और रेल से अलग-अलग गंतव्यों को रवाना की गयीं, लेकिन प्रतिबंध लगते ही उन्हें जब्त करने की कार्रवाई की गयी। ग्राहकों को भेजी गई किताबें भी तलाशी गयीं, लेकिन इन दोनों ही मोर्चों पर सरकार को आंशिक सफलता ही हाथ लगी।

इस किताब के लेखक के पंडित सुंदरलाल। क्रांतिकारी, सत्यशोधक और गाँधी के अनुयायी। गदर पार्टी के लाला हरदयाल के सहयोगी। विश्व इतिहास के गहन अध्येता। बापू के सत्य ही ईश्वर है से अनुप्रेरित। उन्होंने बंगभंग के पीछे अंग्रेजों की मंशा और इतर कूटनीतिक चालों को बखूबी बूझ लिया था। सन 1857 का संघर्ष उनके तईं गदर नहीं, वरन स्वतंत्रता संग्राम था। उन्होंने दस्तावेजों को विधिवत खंगाला और सन्दर्भ जुटाये। क्रांतिकारी बाबू नित्यानंद चटर्जी के घर पर करीब तीन साल रहकर उन्होंने मिशन की तरह इसे निबाहा। वह दर्जनों सहायक ग्रंथों और सन्दर्भों को देख-देखकर धारा प्रवाह बोलते और इलाहाबाद के युवा कार्यकर्ता विशंभरनाथ पांडेय लिखते जाते थे। इस तरह पांडुलिपि तैयार हुई। अंग्रेजों का खुफिया विभाग बड़ा चौकन्ना था, लिहाजा अलग-अलग नगरों में अलग-अलग खण्ड छपे। तैयार खंडों को प्रयाग लाकर उन्हें एकजाई बाइंड किया गया और किताब की शक्ल दी गयी।



किताब छपने की देर थी कि जलजला आ गया। किताब ने अलख जगा दी। पाबंदी लगी तो गांधी ने यंग इंडिया में पं. सुंदरलाल के पक्ष में लेख लिखा। सत्याग्रही इसकी प्रतियां स्मगल करजेलों में ले गये। वहां बैरकों में पन्नों को जेलरों की निगाहों से बचकर सामूहिक वाचन हुआ। किताब ने चौतरफ आग धधका दी। पं. सुंदरलाल ने अदालत की शरण ली। उनके वकील थे तेजबहादुर सप्रू। सप्रू ने अदालत में दलील दी कि किताब का हरूफ-हरूफ सच है। सरकार वकील ने खंडन के बजाय हाथ खड़े कर कहा मी लॉर्ड! यह इसीलिये अधिक खतरनाक है। पं. सुंदरलाल ने लगे हाथों संयुक्त प्रांत की सरकार को अर्जी भी भेजी। लाट साहब पहले तो तैयार नहीं हुए, लेकिन टालमटोल के बाद उन्होंने पाबंदी हटाने का हुक्म जारी किया।


किस्सा यहीं खत्म नहीं होता। यूपी के उपरांत अन्य प्रांतों में भी प्रतिबंध हटा तो नया संस्करण छापने की तैयारी शुरू हुई। किताब अपने कंटेंट से सुर्खियों में थी, लिहाजा पब्लिशरों की कमी न थी। मगर पंडित सुंदरलाल अलग ही मिट्टी के बने थे। उनकी शर्तों में अहम यह थी कि किताब वहीं से छपेगी, जो कम से कम दामों में छापेगा। इसके पीछे किताब को अधिक से अधिक हाथों में पहुंचाने की नीयत काम कर रही थी। अंततोगत्वा ओंकार प्रेस, प्रयाग ने करीब हजार पन्नों के इस सचित्र विपुल ग्रंथ को केवल सात रूपये की कीमत पर छापा। किताब की डिमांड या लोकप्रियता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि प्रकाशन से पेश्तर करीब दस हजार प्रतियों के आर्डर लेखक/प्रकाशक तक पहुंच चुके थे। प्रसंग से पंडित सुंदरलाल की अव्यावसायिक भावना और जागृति की आकांक्षा का आभास मिलता है। बहरहाल, राष्ट्र की स्वाधीनता के इस गौरव ग्रंथ का तीसरा संस्करण भारत सरकार के प्रकाशन विभाग ने सन 1960 में छापा। इसके बाद वहीं से उसके अनेक संस्करण निकले और भारत में अंग्रेजी राज ने प्रकाशन-जगत में कीर्तिमान स्थापित किया।

क्रांतिकारी चेतना से ओतप्रोत पंडित सुंदरलाल का कृतित्व उक्त पुस्तक तक सीमित नहीं रहा। स्वतंत्रता सेनानी सुंदरलाल पत्रकार, लेखक, संपादक और स्तंभ लेखक रहे। इतिहासका वह अव्वल दर्जे के थे। उन्होंने कर्मयोगी और स्वराज का संपादन किया और पचासेक किताबें लिखीं। स्वाधीनता के बाद उन्होंने अपना जीवन कौमी एकता और सांप्रदायिक सद्भाव को समर्पित कर दिया। उनकी विश्व संघ की ओर, द गीता एण्ड द कुरान और हाऊ इंडिया लॉस्ट हर फ्रीडम चर्चित रही। वह भारत चीन मैत्री संघ परिषद के अध्यक्ष भी रहे। पं. नेहरू ने उन्हें अनेक बार शांति मिशनों में विदेश भेजा।

आज की पीढ़ी पंडित सुन्दरलाल के क्रांतिकारी व्यक्तित्व से परिचित नहीं है और अक्षर विश्व से भी उसका संबंध शिथिल होता जा रहा है, अन्यथा पंडित सुन्दरलाल काबिले-फख्र रिवल्यूशनरी थे। उनका जन्म 26 सितंबर, सन 1885 को उत्तरप्रदेश में मुजफर नगर में खतौली गांव में कायस्थ-परिवार में तोताराम के घर हुआ था। बचपन से ही उनके मन में स्वतंत्रता की उर्मियां हिलोर लेने लगी थी। शीघ्र ही वह प्रयाग चले गये और आजादी के लड़ाकों की उत्साही टोली से जुड़ गये। बनारस जाकर सशस्त्र विद्रोह की पैरोकार गदर पार्टी से संबद्धता के दौर में वह अरविन्द घोष, लोकमान्य तिलक और लाला लाजपत राय आदि के सम्पर्क में आये। लाला हरदयाल के साथ उन्होंने समस्त उत्तर भारत का सघन दौरा किया और भारत में सशस्त्र क्रांति के गदर पार्टी के प्रयासों का अत्यंत सजीव वर्णन किया। कलम उनका हथियार बनी। सन 1914 में वह क्रांतिकारी शचीन्द्रनाथ सन्याल के साथ बम परीक्षण में जख्मी हो गये। लॉर्ड कर्जन की सभा में बमकांड में शरीक क्रांतिकारियों में वह भी शरीक थे। यह कृत्य उन्होंने पंडित सोमेश्वरानंद के छद्मय नाम से किया था। अध्ययनशील होने से वह गंभीर चिंतन और मनन में लिप्त रहते थे। प्रथम विश्वयुद्ध के उपरांत महात्मा गांधी के अनुयायी हुये और सन 1921 से 1942 के दरम्यान बतौर सत्याग्रही आठ बार जेल गये। अपने अध्ययन और लेखन के दौरान पं. गणेश शंकर विद्यार्थी की भेंट पंडित सुंदरलाल से हुई तो वह बड़ा प्रभावित हुये। गणेश शंकर को विद्यार्थी उपनाम पं. सुंदरलाल की ही देन है। बताते हैं कि उन्होंने ही उनको लेखन और पत्रकारिता की ओर प्रवृत किया।

पंडित सुंदरलाल महान शब्द शिल्पी और रचयिता थे। उन्होंने लंबा और सार्थक जीवन जिया। वह संकल्प और जिजीविषा के धनी थे। कपोल कल्पना व अति रंजना के बजाय वह सत्य और वह भी प्रामाणिक सत्य में यकीन रखते थे। वह कलम के निर्भीक सिपाही थे। नौ मई, सन 1981 को उनका देहांत हुआ। उनकी कृति भारत में अंग्रेजी राज ऐसी मूल्यवान धरोहर है, जिसे हर राष्ट्रप्रेमी के घर में होना चाहिये।

## चाणक्य नीति



आचार्य चाणक्य की गिनती भारत के श्रेष्ठ विद्वानों में की जाती है। ये एक कुशल राजनीतिज्ञ, कूटनीतिज्ञ और रणनीतिकार होने के साथ ही अर्थशास्त्र के मर्मज्ञ भी थे। परेशानियों से बचने के लिए अक्सर लोग चाणक्य नीति को अपनाते हैं। चाणक्य के नीतिशास्त्र में जीवन के कई पहलुओं की समस्याओं से जुड़े सूत्र हैं जिन्हें अपनाकर लोग अपनी परेशानियों का निवारण करते हैं। आचार्य चाणक्य ने नीतिशास्त्र में निजी जीवन से लेकर नौकरी, व्यापार और रिश्तों से जुड़े सभी पहलुओं पर अपने विचार साझा किए हैं। नीतिशास्त्र में बताई गई बातें अक्सर लोगों को कठोर लगती हैं लेकिन ये बातें व्यक्ति को सही और गलत का मार्ग बताती हैं। आज हर व्यक्ति जीवन में अपनी इच्छा अनुसार सफलता पाना चाहता है और ऐसा ना होने पर वह जीवन के प्रति निराशा व्यक्त करने लगता है। इस विषय में आचार्य चाणक्य ने चाणक्य नीति में बताया है कि मनुष्य किस प्रकार सफलता हासिल कर सकता है।

**अपनी कमजोरी किसी को न बताएं**- आमतौर पर लोग अपनी कमजोरी अपने करीबियों को बता देते हैं जिसका परिणाम केवल दुख होता है। आचार्य चाणक्य के अनुसार, मनुष्य को अपनी कमजोरियां किसी को भी नहीं बतानी चाहिए। ऐसा करने पर सामने वाला व्यक्ति उस कमजोरी को किसी के भी सामने उजागर कर सकता है।

**सोच समझ कर खर्च करें** -आचार्य चाणक्य के अनुसार, इंसान को भविष्य के लिए हमेशा धन संचय करना चाहिए। ऐसा करने से आप किसी भी मुश्किल का सामना कर सकते हैं। इसलिए घर में धन का संग्रह होना अति आवश्यक है। इसलिए हमेशा धन को बहुत ही सोच विचार कर खर्च करें। जितना हो सके उसका संचय करें।

**मूर्ख लोगों से न करें विवाद**- आचार्य चाणक्य के अनुसार, कभी भी मूर्ख लोगों से विवाद नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से केवल आपका ही नुकसान होता है। साथ ही इससे आपकी छवि पर भी बुरा असर पड़ता है।

**ऐसे लोगों पर न करें विश्वास** - आचार्य चाणक्य के अनुसार, आपकी बातों को अनसुनी करने वाले लोग विश्वास के योग्य नहीं होते। आपको दुख में देखकर खुश रहने वाले लोगों पर कभी भरोसा नहीं करना चाहिए। ऐसा व्यक्ति आपको धोखा जरूर देगा। इसलिए इन लोगों को वही बातें बताएं जो आप हर किसी से साझा कर सकते हैं।

**किसी को न बताएं अपना लक्ष्य**- अपने लक्ष्य को किसी के सामने व्यक्त नहीं करना चाहिए। इससे लोग आपके रास्ते में अड़चन पैदा कर सकते हैं। चाणक्य नीति के अनुसार, व्यक्ति की सफलता उसके परिश्रम, रणनीति और समय प्रबंधन पर निर्भर करती है।

# 90 डिग्री का कितना इंपोर्टेंस है ये वो इंजीनियर्स ही जानते थे..




भोपाल के ऐशबाग रेलवे क्रॉसिंग पर 90 डिग्री मोड़ वाले रोड ओवर ब्रिज का हल्ला क्या मचा सरकार एकदम से एक्शन पर आ गई। वैसे तो इस ब्रिज का निर्माण जिन इंजीनियर्स की सरपरस्ती में हुआ था वे सब सरकार के खासम खास माने जाते थे लेकिन जब सरकार की ही छीछालेदर हुई तो फिर सरकार ने अपनी खाल बचाने के सात इंजीनियरों को एक झटके में सस्पेंड कर दिया जिसमें सबसे ज्यादा विवादास्पद चीफ इंजीनियर वर्मा जी भी शामिल है

वैसे अपने हिसाब से इन इंजीनियर्स ने इतना बड़ा गुनाह नहीं किया था कि उन्हें सस्पेंड कर दिया जाए क्योंकि नब्बे डिग्री का कोण (90 डिग्री एंगल) गणित, विज्ञान और वास्तविक जीवन में बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। इसे समकोण भी कहा जाता है, और यह एक आयत, वर्ग, और समकोण त्रिभुज जैसे ज्यामितीय आकृतियों का एक अभिन्न अंग है। 90 डिग्री का कोण एक समकोण होता है और रेखागणित में

आयत, वर्ग, और समकोण त्रिभुज में 90 डिग्री के कोण होते हैं भौतिक विज्ञान में 90 डिग्री का कोण भौतिकी में बल, गति और ऊर्जा के संदर्भ में महत्वपूर्ण होता है। तो दूसरी तरफ 90 डिग्री का कोण इंजीनियरिंग में संरचनाओं और मशीनों को डिजाइन करने में महत्वपूर्ण है। 90 डिग्री का कोण निर्माण में दीवारों, फर्शों और छतों को सीधा और समकोण बनाने के लिए उपयोग किया जाता है यानी कुल मिलाकर 90 डिग्री का कोण का उपयोग विभिन्न क्षेत्रों में किया जाता है, अब आप ही बताओ कि जिस 90 डिग्री का कोण जब इतना महत्वपूर्ण है तो यदि इन इंजीनियर्स ने पुल को 90 डिग्री पर मोड़ द दिया तो ऐसा क्या गुनाह कर दिया? अरे भाई ज्यादा ज्यादा क्या होता दोनों तरफ से आने वाले लोग एक दूसरे से भिड़ जाते, एक दूसरे को गाली देते, एकाध दो लोगों को चोट लग जाती, हो सकता है एक दो गंभीर रूप से घायल भी हो जाते तो ये तो आजकल आम बात है,अगर आप सड़क पर चलोगे तो दुर्घटना तो होगी अब उस पर अगर आप 90 डिग्री का पुल बनाने वाले इंजीनियर को दोषी मान लोगे तो ये तो बहुत ही नाइंसाफी है। वे बरसों से सरकार की सेवा कर रहे हैं और ठेकेदार उनकी सेवा में लगे हैं वैसे भी सरकारी काम में तो ये सब चलता आया है । पुल बनता नहीं कि बह जाता है, सड़क बनती नहीं उखड़ जाती है, पत्ता हिलता है तो बिजली गोल हो जाती है, पेड़ लगता नहीं और कट जाता है तो जब ये सब आम बातें हैं तो फिर इन बेचारे गरीब इंजीनियरों को काहे को सस्पेंड कर दिया? एक झटके में सारी इज्जत तार तार कर दी कितने नेताओं की सेवा करके तरह तरह के जुगाड़ लगाकर इतनी बड़ी-बड़ी पोस्टों पर पहुंचे थे । अब घर बैठे पचास परसेंट तनख्वाह लेना पड़ेगी और ऊपरी आमदनी बंद हो जाएगी लेकिन इन इंजीनियर्स को अपनी तरफ से अपन एक सांत्वना देना चाहते हैं कि बिल्कुल चिंता मत करो आप लोग ,ये सब हाथी के दांत दिखाने के हैं 2 4-6 महीने घर पर बैठो और बाद में अपने पद पर आ जाओ क्योंकि जांच चालू है और जो भी जांच चालू होती है उसका रिजल्ट कभी नहीं आता बस कुछ दिन की बात है सहन कर लो फिर तो वही जलवा खींचोगे जो अभी तक रहा है।

## अब तो रुक जाते हुजूर....

लो साहेब सागर के एक कृषि विस्तार अधिकारी अपने जन्मदिन और रिटायरमेंट के दो दिन पहले पचास हजार की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार हो गए । कम से कम लोकायुक्त वालों को ये तो सोचना था कि बेचारे का जन्मदिन है कितना जश्न नहीं मनाया होगा मां बाप ने कि उसके यहां ऐसा सपूत पैदा हुआ है । दो दिन बाद सेवानिवृति भी थी ले लेने देते पचास हजार जिंदगी भर तो यही करते रहे हैं साहब जी, आखिरी टाइम में और कर लेते तो ऐसा क्या हो जाता, लेकिन लोकायुक्त वालों को चैन कहां ऐन वक्त पर पकड़ लिया उधर घर में केक काटने की तैयारी चल रही होगी और इधर भाई साहब का पेंट उतरवा कर उनको लोअर पहना दिया गया क्योंकि हुजूर ने रिश्वत की रकम अपनी जींस की जेब में रख ली थी अब उस जींस को बतौर गवाही के रूप में लोकायुक्त ने रख लिया है। वैसे इस अधिकारी को भी ये सोचना था कि इतने साल नौकरी करी है ना जाने कितनी बार रिश्वत ली होगी लोगों का जेनुइन काम करने के लिए, अब जब दो दिन बचे थे रिटायरमेंट को तो थोड़ा रुक जाते, अभी जीपीएफ मिलना था, ग्रेच्युटी मिलनी थी, लीव इनकेशमेंट भी मिल सकता था साठ सत्तर लाख रुपए तो रिटायरमेंट के बाद मिलने थे लेकिन कहते हैं ना धन का लोभी अपना लाभ नहीं छोड़ सकता, उन्होंने भी सोचा होगा दो दिन रिटायरमेंट के बचे हैं जितना कमा सकते हैं कमा लो उन्हें क्या पता था कि ये दिन भी देखने पड़ेंगे जब रिटायरमेंट के दो दिन पहले लोअर में घर जाना पड़ेगा ।अपनी तो अब तमाम उन रिश्वतखोरों को एक ही सलाह है कि जो कुछ करना है रिटायरमेंट के एक साल पहले तक कर लो, उसके बाद एकदम हरिश्चंद्र बनकर नौकरी करो वरना फिर ऐसी ही बेइज्जती सहना पड़ेगी जैसी इन भाई साहब को सहना पड़ रही है । उधर केक बिना कटा पड़ा है और जींस भी वापस नहीं मिल रही है।

## तू मेरा मैं तेरा जाने....

कई बरस पहले रमेश सिप्पी की फिल्म आई थी शान जिसका एक पात्र शाकाल अभी तक दर्शकों को याद है उस फिल्म में गाना बड़ा मशहूर हुआ था मैं तेरा तू मेरी जाने सारा हिंदुस्तान इस गाने को अपने जबलपुर पूर्व विधानसभा के एकमात्र कांग्रेसी विधायक लखन घनघोरिया ने मैं तेरा तू मेरा जाने पूरी कांग्रेस में बदल दिया हुआ यूं कि जब बाहर से कांग्रेस के पर्यवेक्षक कांग्रेस की हालत देखने के लिए जबलपुर आए तो घनघोरिया जी ने स्पष्ट तौर पर कह दिया की कांग्रेस से भाजपा में शामिल हो गए महापौर अन्नू जी विवेक तंखा के और पूर्व वित्त मंत्री तरुण भनोट के आदमी थे पूर्व नगर अध्यक्ष दिनेश यादव मेरा था, वर्तमान नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा मेरा नहीं है । घनघोरिया जी ने पूरा राज खोल दिया कि कौन उनका है और कौन किसी और का। यानी जो उनके थे उनके लिए उन्होंने गा दिया तू मेरा मैं तेरा जान ले पूरी कांग्रेस और जो नहीं थे उनके बारे में भी बोल दिया ना तू मेरा ना मैं तेरा जान ले पूरी कांग्रेस । इसी अपना तेरी में प्रदेश में कांग्रेस की लाई लुटी जा रही है पर्यवेक्षक आए हैं रायशुमारी करने के लिए कि कौन अध्यक्ष बन सकता है लेकिन यहां तो खुलेआम बता दिया गया है कि कौन मेरा है और कौन पराया। पर्यवेक्षक भी भारी

हलाकान है कि किसको अध्यक्ष बनाएं क्योंकि एक को अध्यक्ष बनाया तो दस उसके पीछे लठ्ठ लेकर पड़ जाएंगे और अगर दूसरे को बनाया तो ये भाई साहब उसको ऐसा पटकेंगे कि वो अपने को ही भूल जाएगा अपना तो पर्यवेक्षकों से कहना है कि इन लोगों को उनके हाल पर छोड़ दो कांग्रेस का वैसे ही भट्टा बैठ चुका है और ज्यादा से ज्यादा क्या होगा।


# हाइपरसोनिक मिसाइलों की दुनिया में जापान की बड़ी छलांग
# चीनी स्टील्थ लड़ाकू विमान और पाकिस्तान के अरमान स्वाहा!

टोक्यो

भारत के दोस्त जापान ने हाइपरसोनिक मिसाइलों की दुनिया में बहुत बड़ी छलांग लगाई है। भारत और जापान, क्वाड के सदस्य हैं और दोनों का कॉमन दुश्मन चीन है, ऐसे में इस हाइपरसोनिक मिसाइल ने चीन की नींद छीन ली होगी। जापान ने अपनी नई मोबाइल हाइपरसोनिक मिसाइल, हाइपर वेलोसिटी गाइडेड प्रोजेक्टाइल का अनावरण किया है, जिसने पूर्वी एशिया की डिफेंस स्ट्रैटजी को बदल दिया है। एशिया टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक एचव्हीजीपी हाइपरसोनिक मिसाइल को लेकर जापान की घोषणा का मतलब है, कि जापान ने अपनी स्ट्रैटजी को बदल दिया है। अब वो अपनी डिफेंसिव रणनीति से बाहर निकलकर आक्रामक रणनीति को आजमाया है, जिसमें आवश्यकता पड़ने पर आक्रामक हमले करने की क्षमता होना शामिल है। एक्सपर्ट्स इसे सिर्फ एक तकनीकी छलांग नहीं, बल्कि जापान की दशकों पुरानी सेना नहीं रखने की नीति में पूरी तरह से बदलाव मान रहे हैं।

एचव्हीजीपी मिसाइल की सबसे बड़ी खासियत इसकी अत्यधिक स्पीड और बहुत लंबी दूर तक हमला करने की क्षमता है। यह मिसाइल मेच 5 यानि आवाज की गति से पांच गुना तेज स्पीड पर उड़ती है और फिलहाल इसकी रेंज 900 किलोमीटर है, जिसे आने वाले वर्षों में बढ़ाकर 2,000 से 3,000 किलोमीटर तक किया जाएगा। यानी जापान अब न सिर्फ अपने तटों की रक्षा कर सकता है, बल्कि चीन के नौसैनिक अड्डों, उत्तर कोरिया के मिसाइल ठिकानों और यहां तक कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में फैले खतरे को घर में घुसकर नष्ट कर सकता है।

चीन की नौसेना, खासकर उसके एयरक्राफ्ट कैरियर ग्रुप, अब तक दक्षिण चीन सागर से लेकर पूर्वी चीन सागर क्षेत्र में प्रभुत्व जमाने की कोशिश करते रहे हैं।



चीन, तीन स्तरों में अपनी रक्षा करता है, 1- बाहरी घेरे में जे-15 फाइटर जेट्स, 2- मध्य घेरे में डिस्ट्रॉयर और पनडुब्बियां, और 3- भीतरी घेरे में नजदीकी-शत्रु हथियार प्रणाली और एंटी-सबमरीन डिफेंस। यही मॉडल पाकिस्तान ने भी आंशिक रूप से अपनाया हुआ है, जिससे उसकी नौसेना चीन-निर्भर बनी हुई है। लेकिन जापान की हाइपर वेलोसिटी गाइडेड प्रोजेक्टाइल मिसाइल ने इस पूरे ढांचे को ही कमजोर कर दिया है। इसकी गति इतनी ज्यादा है कि चीनी रडार और इंटरसेप्टर सिस्टम के पास प्रतिक्रिया देने का समय ही नहीं रहेगा। यानी तीनों रक्षा परतें एक के बाद एक बेकार साबित हो सकती हैं। इस मिसाइल में गाइडेंस इतनी ज्यादा सटीक है वह चलती हुई पनडुब्बी या समुद्र में गतिशील एयरक्राफ्ट कैरियर को भी मार सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस मिसाइल से चीन की पारंपरिक नौसैनिक श्रेष्ठता को तगड़ा झटका लगेगा।

पाकिस्तान ने हाल के वर्षों में चीन के सहयोग से अपनी मिसाइल प्रणाली, रडार, और नौसेना को मजबूत किया है। लेकिन जापान की हाइपर वेलोसिटी गाइडेड प्रोजेक्टाइल जैसी मिसाइलें पाकिस्तान की वर्तमान रक्षा क्षमताओं के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती हैं। पाक नौसेना में जो प्लेटफॉर्म्स हैं, जैसे चीनी डिजाइन पर आधारित फ्रिगेट और पनडुब्बियां, वे हाइपर वेलोसिटी गाइडेड प्रोजेक्टाइल जैसी तेज गति वाली मिसाइलों के सामने बेबस हैं। इसके अलावा, यदि हाइपर वेलोसिटी गाइडेड प्रोजेक्टाइल को अमेरिका की खुफिया जानकारी और सैटेलाइट सिस्टम के साथ जोड़ दिया जाए, तो यह मिसाइल पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों, नौसेना अड्डों और मिसाइल बैटरियों को पहले वार में ही निष्क्रिय कर सकती है। चूंकी भारत और जापान में काफी गहरा रक्षा सहयोग है और दोनों क्वाड पार्टनर हैं, ऐसे में इस मिसाइल ने पाकिस्तान को भी परेशान कर दिया होगा, जिसके पास काफी कमजोर एयर डिफेंस सिस्टम हैं

जापान की हाइपर वेलोसिटी गाइडेड प्रोजेक्टाइल मिसाइल बनाने के पीछे एक और बड़ा मकसद है, उत्तर कोरिया का परमाणु खतरा। किम जोंग उन की सरकार लगातार ऐसे परमाणु हथियार बना रही है जिन्हें चलती गाड़ियों, ट्रेनों, या गुप्त ठिकानों से दागा जा सके। जापान की नई मिसाइलें इन मोबाइल लॉन्च सिस्टम्स को सटीकता से पहचानने और नष्ट करने में सक्षम हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि जापान की यह मिसाइल उत्तर कोरिया के 100 से ज्यादा संभावित परमाणु लॉन्च ठिकानों को लक्ष्य बना सकती है। अगर सैटेलाइट और ड्रोन इंटेलिजेंस की मदद से इन ठिकानों की सही पहचान कर ली जाए, तो हाइपर वेलोसिटी गाइडेड प्रोजेक्टाइल मिसाइलें मिनटों में तबाही मचा सकती हैं। साथ ही जापान अब सिर्फ हाइपर वेलोसिटी गाइडेड प्रोजेक्टाइल पर ही नहीं, बल्कि टॉमहॉक क्रूज मिसाइल और लॉन्ग-रेंज टाइप-12 मिसाइल भी तैनात कर रहा है, जिससे वो पूरी तरह से एक हमला करने वाली सेना बना लेगा।

# मस्क अपनी दुकान बंद कर दक्षिण अफ्रीका लौट जाएं

## ट्रंप ने दी टेस्ला की सब्सिडी रोकने की धमकी

वॉशिंगटन



ट्रंप के बिग ब्यूटीफुल बिल के खिलाफ एलन मस्क लगातार मुखर हैं और बिल का विरोध कर रहे हैं। अब लग रहा है कि ट्रंप के सब्र का भी बांध टूट गया है और अब उन्होंने भी मस्क को धमकी दे डाली है। ट्रंप ने मस्क की कंपनियों को दी जाने वाली सब्सिडी बंद करने की धमकी दी है और कहा है कि मस्क अपनी दुकान बंद करें और दक्षिण अफ्रीका वापस लौट जाएं। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि एलन मस्क को राष्ट्रपति पद के लिए मेरा समर्थन करने से पहले ही पता था कि मैं ईवी जनादेश के खिलाफ हूं। ये बकवास है और मैंने हमेशा अपने अभियान में इसका जिक्र किया। इलेक्ट्रिक कारें ठीक हैं, लेकिन हर किसी पर उन्हें थोपा नहीं जा सकता। एलन मस्क को इतिहास में किसी भी व्यक्ति से ज्यादा सब्सिडी मिल सकती है और सब्सिडी के बिना एलन मस्क को शायद अपनी दुकान बंद करके दक्षिण अफ्रीका वापस लौटना होगा। कोई और रॉकेट लॉन्च, सैटेलाइट या इलेक्ट्रिक कारों का उत्पादन नहीं होगा और हमारे देश का बहुत सारा पैसा बचेगा। सरकारी दक्षता विभाग को इस बारे में गहराई से विचार करना चाहिए। बहुत सारा पैसा बचाया जाना चाहिए। ट्रंप का यह पोस्ट ऐसे समय आया है, जब एलन मस्क ने भी सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में ट्रंप के बिग ब्यूटीफुल बिल की तीखी आलोचना की और साथ ही धमकी दी कि जो भी संसद सदस्य बिग ब्यूटीफुल बिल का समर्थन करेंगे उन्हें अगले साल होने वाले प्राइमरी चुनाव में हार का सामना करना पड़ सकता है। मस्क ने अपने पोस्ट में लिखा कि कांग्रेस का हर सदस्य, जो सरकारी खर्च में कटौती और देश के इतिहास में सबसे ज्यादा कर्ज में इजाफा करने का समर्थन कर रहा है, उसका सिर शर्म से झुकना चाहिए। वे लोग अगले साल होने वाले प्राइमरी चुनाव में भी हारेंगे। मस्क ने ये भी धमकी दी कि अगर बिल पारित हो गया तो उसके अगले ही दिन वे अपनी नई पार्टी लॉन्च कर देंगे। मस्क ने कहा कि देशवासियों को डेमोक्रेटिक पार्टी और रिपब्लिकन पार्टी के अलावा भी विकल्प मिलने चाहिए, जो उनकी आवाज उठा सके।

# मैं पढ़ना चाहती हूं, फीस देना मुश्किल, योगी ने कहा- खूब पढ़ो बिटिया, फीस की व्यवस्था हम करेंगे

**गोरखपुर।** कोतवाली क्षेत्र के पुरदिलपुर की रहने वाली कक्षा सात की छात्रा पंखुड़ी त्रिपाठी के लिए नए शैक्षिक सत्र का पहला दिन (एक जुलाई) आजीवन यादगार बन गया। फीस न दे पाने की स्थिति में इस बिटिया की पढ़ाई छूटने की नौबत आ गई थी लेकिन मंगलवार को जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात होते ही पढ़ाई में आड़े आ रही आर्थिक बाधा दूर हो गई। मुख्यमंत्री ने पंखुड़ी को भरोसा दिया कि उसकी पढ़ाई नहीं रुकेगी। वह या तो फीस माफ करवाएंगे या फिर फीस की खुद व्यवस्था कराएंगे। यही नहीं, सीएम योगी ने साथ फोटो खिंचाने की उसकी इच्छा भी पूरी की। मुख्यमंत्री की सहृदयता से भावविभोर पंखुड़ी ने कहा-महाराज जी जैसा कोई नहीं है।



गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन रहे थे। समस्याओं के निस्तारण के लिए अफसरों को निर्देशित कर रहे थे। मुलाकात करने वाले लोगों की कतार में कक्षा सात में पढ़ने वाली कोतवाली इलाके के पुरदिलपुर की रहने वाली बच्ची पंखुड़ी त्रिपाठी भी बैठी थी। मुख्यमंत्री जब पंखुड़ी के पास पहुंचे तो उन्हें प्रार्थना पत्र देते हुए पंखुड़ी बोल पड़ी। महाराज जी, मैं पढ़ना चाहती हूं, फीस माफ करवा दीजिए या फीस का इतंजाम करा दीजिए। मुख्यमंत्री रुक गए और आत्मीयता से संवाद कर पंखुड़ी की सारी परेशानी जानी। पंखुड़ी ने बताया कि वह एक इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ती है। पिता राजीव त्रिपाठी के दिव्यांग हो जाने से परिवार आर्थिक रूप से काफी कमजोर हो गया है। मां मीनाक्षी एक शॉप पर नौकरी कर रही हैं। उसके अलावा कक्षा 12 में पढ़ने वाला भाई भी है। पंखुड़ी ने बताया कि फीस न जमा कर पाने के कारण आज वह स्कूल जाने की बजाय मुख्यमंत्री के पास मदद की गुहार लेकर आई है।

मुख्यमंत्री ने पंखुड़ी की बातों को सुनने के बाद कहा, बिलकुल परेशान मत हो। पढ़ाई बाधित नहीं होने देंगे। फीस माफ कराने के लिए बात कराएंगे। और, माफ न होने की दशा में फीस का इंतजाम खुद करा देंगे। इसे लेकर उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि फीस के अभाव में पंखुड़ी की पढ़ाई रुकनी नहीं चाहिए। मुख्यमंत्री से भरोसा मिलते ही प्रफुल्लित पंखुड़ी ने उनके साथ फोटो खिंचाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने उसकी इस ख्वाहिश को भी पूरा कर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन दौरान करीब 100 लोगों की समस्याएं सुनीं और कहा कि चिंता न कीजिए, सबकी समस्याओं का समाधान होगा।

## थाईलैंड की प्रधानमंत्री को संवैधानिक कोर्ट का बड़ा फैसला

# कंबोडिया के प्रधानमंत्री को 'अंकल' कहने पर किया सस्पेंड

बैंकॉक

थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा को सस्पेंड कर दिया गया है। देश के संवैधानिक न्यायालय ने मंगलवार को उन्हें सस्पेंड करने का बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कंबोडिया के साथ राजनयिक विवाद के बाद थाईलैंड की प्रधानमंत्री के खिलाफ बहुत बड़ा फैसला सुनाया है, जिससे देश की राजनीति काफी गरम हो चुकी है। थाईलैंड की मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कोर्ट का ये फैसला एक लीक हुई टेलीफोन कॉल को लेकर आया है, जिसमें उन्होंने कंबोडिया के साथ सीमा विवाद पर अपनी भूमिका में कथित रूप से मंत्री पद की नैतिकता का उल्लंघन किया है। थाईलैंड की संवैधानिक अदालत ने 7-2 के बहुमत से फैसला लेते हुए कहा कि कि संवैधानिक अदालत बहुमत से निर्णय लेते हुए 1 जुलाई से प्रधानमंत्री को उनके कार्यों से निलंबित करती है, जब तक कि अदालत इस मामले में अंतिम निर्णय न सुना दे। आपको बता दें कि ये पूरा विवाद मई 2025 में थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा पर हुए टकराव के बाद शुरू हुआ था, जिसमें एक कंबोडियाई



सैनिक की मौत हो गई थी। सीमा पर चल रही तनातनी के बीच प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न ने कंबोडियाई नेता और पूर्व प्रधानमंत्री हुन सेन को फोन किया था, जो अब भी देश की राजनीति में मजबूत हस्ती माने जाते हैं। हाल ही में वही टेलीफोन कॉल की एक रिकॉर्डिंग लीक हो गई, जिसमें थाईलैड की प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न ने हुन सेन को अंकल कहकर संबोधित किया था और थाईलैंड की सेना के एक वरिष्ठ कमांडर को अपना विरोधी कहा था। उनके इस बयान ने देश के रक्षा प्रतिष्ठान और संसद में बैठे रूढ़िवादी सांसदों के बीच बवाल खड़ा कर दिया।

थाई संसद के एक समूह, जो कि सेनाओं के करीबी माने जाते हैं, उसने इस लीक कॉल को आधार बनाकर प्रधानमंत्री के खिलाफ एक याचिका दायर की थी। उनका आरोप है कि प्रधानमंत्री ने इस संवेदनशील मसले में कंबोडिया के आगे झुकने का संकेत दिया और सेना को सार्वजनिक रूप से नीचा दिखाया है, जो कि संविधान में बताए गये मंत्री पद की नैतिक मर्यादा और स्पष्ट ईमानदारी की कसौटी पर खरा नहीं उतरता।

# तुर्की में पैगम्बर मुहम्मद का कार्टून बनाने से भड़के मुसलमानों का जोरदार प्रदर्शन

अंकारा

तुर्की के इस्तांबुल शहर में भयानक हिंसक झड़पें हुई हैं और गुस्साई भीड़ को तीतर बीतर करने के लिए पुलिस को रबर की गोलयां तक चलानी पड़ी हैं। हिंसक भीड़ को काबू में करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे और लाठी चार्ज किया। विरोध प्रदर्शन की वजह पैगम्बर मुहम्मद का कार्टून था, जिसे लेमन पत्रिका ने बनाया था। हिंसक विरोध प्रदर्शन के बीच पत्रिका के प्रधान संपादक, ग्राफिक डिजाइनर, इंस्टीच्यूशनल डायरेक्टर और कार्टूनिस्ट को गिरफ्तार कर लिया है। तुर्की के आंतरिक मंत्री अली येरलिकाया ने कार्टून को बेशर्मी कहा, न्याय मंत्री यिलमाज़ तुनक ने कहा, कोई भी स्वतंत्रता, किसी आस्था के पवित्र मूल्यों को बदसूरत तरीके से हास्य का विषय बनाने का अधिकार नहीं देती। भीड़ ने पत्रिका के दफ्तर पर पत्थर फेंके। तुर्की में हो रहा विरोध प्रदर्शन फ्रांस का चार्ली हेब्दो पत्रिका के दफ्तर हुए जानलेवा हमले की याद दिलाता है, जिसमें 12 लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। उस हमले की वजह भी यही थी, पैगंबर मुहम्मद का कार्टून बनाना। तुर्की की पत्रिका ने जो कार्टून बनाया था, उसमें कथित तौर पर पैगंबर मुहम्मद और पैगंबर मूसा को मिसाइल हमले के बीच हवा में अभिवादन करते हुए दिखाया गया था।

# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अध्यक्ष बना पाकिस्तान, भारत ने खोल दी पोल

संयुक्त राष्ट्र/ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभालने के बाद मंगलवार को भारत ने जोरदार पलटवार किया। भारत ने इस्लामाबाद' की सीमा पार आतंकवाद में संलिप्तता को उजागर किया। भारत ने हाल के पहलगाम नरसंहार पर ध्यान दिलाया, जो पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा किया गया था। यह कदम वैश्विक स्तर पर बढ़ती अस्थिरता की चिंता के बीच उठाया गया है, जब भारत ने हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में पाकिस्तान चीन के साथ मिलकर कश्मीर मुद्दे को गरमाने की तैयारी कर रहा है। यही नहीं कई वैश्विक मुद्दों पर अब पाकिस्तान भारत विरोधी कदम उठा सकता है। पाकिस्तान के अध्यक्ष बनने से एक दिन पहले भारत ने संयुक्त राष्ट्र भवन के प्रवेश द्वार पर द ह्यूमन कॉस्ट ऑफ टेररिज्म नामक प्रदर्शनी आयोजित कर पाकिस्तान की आतंकवाद में भूमिका को उजागर किया, जिसमें न केवल भारत बल्कि 9/11 जैसे वैश्विक हमलों में भी उसकी संलिप्तता दिखाई गई। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि यह प्रदर्शनी आतंकवाद के पीछे के दोषियों को बेनकाब करने और वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने की मांग के लिए है।



सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान अपने 'सदाबहार मित्र' चीन के साथ मिलकर काम करता है। अध्यक्ष के रूप में पाकिस्तान को प्रक्रिया के नियमों और कूटनीतिक परंपराओं का पालन करना होगा, जिसमें सदस्यों को बोलने की अनुमति देना और प्रस्ताव पेश करना शामिल है। महीने का एजेंडा परिषद की बैठक के पहले दिन सर्वसम्मति से अपनाया जाता है। 2023 में रूस ने अमेरिका और अल्बानिया की अध्यक्षता के दौरान इसे अवरुद्ध किया था, जिसके कारण परिषद को अस्थायी एजेंडा के साथ काम करना पड़ा। अध्यक्ष के रूप में इस्लामाबाद उच्च-स्तरीय हस्ताक्षर कार्यक्रम और अपनी पसंद के विषयों पर खुली बहस के रूप में जाना जाता है। पाकिस्तान उच्च-स्तरीय बैठकें और खुली बहस आयोजित कर सकता है। इसका स्थायी प्रतिनिधि असीम इफ्तिखार अहमद अधिकांश बैठकों की अध्यक्षता करेगा, लेकिन उप-प्रधानमंत्री मोहम्मद इशाक डार जैसे नेता भी शामिल हो सकते हैं। इस बीच, पाकिस्तान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल पुरस्कार के लिए नामित कर सकता है, लेकिन ईरान और इजरायल-हमास संघर्ष जैसे मुद्दों पर वह रूस और चीन के साथ है। पिछले महीने ईरान पर आपातकालीन सत्र में पाकिस्तान ने अमेरिका और इजरायल के हमलों की निंदा करने की मांग की थी। चीन और रूस के साथ पाकिस्तान ने अमेरिका और इजरायल द्वारा की गई बमबारी की निंदा करते हुए एक मसौदा प्रस्ताव पेश किया था। हालांकि, सीजफायर के कारण इस पर विराम लग गया और किसी भी मामले में उसे अमेरिकी वीटो का सामना करना पड़ता। इजरायल-हमास संघर्ष में पाकिस्तान फिलिस्तीन के साथ है और कश्मीर को इस मुद्दे से जोड़ने की कोशिश करता है, लेकिन अब तक वो समर्थन पाने में कामयाब नहीं हुआ है।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# 'आमी डाकिनी' का हिस्सा बनकर रोमांचित है हितेश भारद्वाज

अभिनेता हितेश भारद्वाज सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो 'आमी डाकिनी' का हिस्सा बनकर रोमांचित हैं। शो आमी डाकिनी ,अपनी रोमांचक कहानी और अप्रत्याशित मोड़ों के कारण पहले ही दर्शकों को आकर्षित कर रहा है। कोलकाता की खूबसूरत पृष्ठभूमि पर आधारित यह शो चैनल की गूढ़ और रोमांचकारी कहानियों की वापसी का प्रतीक है , बिल्कुल वैसी ही रहस्यमयी अनुभूति जो एक समय पर उनके प्रतिष्ठित शो 'आहट' की पहचान थी। इस शो में हितेश भारद्वाज आयान की भूमिका में, शीन दास डाकिनी के रूप में और राची शर्मा एक महत्वपूर्ण किरदार में नजर आ रही हैं। हितेश भारद्वाज ने अपने उत्साह को साझा करते हुए कहा, 'आहट' बचपन की एक आदत थी। उसकी खामोशी और अचानक आने वाली सिहरन में कुछ ऐसा था जो मुझे अपनी ओर खींचता था। डर लगता था, लेकिन देखना बंद नहीं कर सकता था।मुझे याद है कि मैं इसे अपने कजिन्स के साथ देखता था ।हम सब एक कंबल के नीचे दुबककर बहादुरी का दिखावा करते, लेकिन हर छोटी आवाज़ पर चौंक जाते थे। वो यादें आज भी ताजा हैं।



# शब्बीर आहलूवालिया के साथ अभिनय करना सपना सच होने जैसा: आशी सिंह



अभिनेत्री आशी सिंह का कहना है कि सोनी सब के शो उफ्फज् ये लव है मुश्किल में शब्बीर आहलूवालिया के साथ अभिन करना उनके लिये सपना सच होने जैसा है। सोनी सब के रोमांटिक कॉमेडी शो 'उफ्फज् ये लव है मुश्किल' में कैरी शर्मा की भूमिका निभा रहीं आशी अपने को-स्टार शब्बीर आहलूवालिया की बहुत बड़ी प्रशंसक रही हैं। उनके साथ अभिनय करना उनके लिए एक सपना सच होने जैसा है। यह शो प्रेम और रिश्तों की जटिलताओं को सामने लाता है, जिसमें शब्बीर आहलूवालिया युग सिन्हा के रूप में एक रहस्यमयी, रुखे और गंभीर किरदार निभा रहे हैं, वहीं आशी का किरदार कैरी एक चुलबुली और खुशमिजाज युवती का है, जो एक सफल वकील बनने का सपना देखती है। स्क्रीन पर जहां दोनों की नोकझोंक देखने लायक होती है, वहीं पर्दे के पीछे आशी ने एक मजेदार शौक पाल लिया है। शब्बीर की तस्वीरें चोरी-छुपे खींचने का, जब वह अपने 'युग मोड' में होते हैं, रहस्यमय, गंभीर और हल्के से चिड़चिड़े! आशी सिंह ने इंस्टाग्राम पर मजाकिया अंदाज में लिखा,पूरी कोशिश की कि शब्बीर की एक कैंडिड फोटो ले सकूं जब वो पूरी तरह युग बने हुए थे... लेकिन जाहिर है, वो फिर भी ऐसे लगते हैं जैसे शूट से सीधा बाहर निकले हों। बिना मेहनत के इतने हैंडसम लगना , कैसे करते हो यार।

# काजोल की फिल्म मां ने पहले वीकेंड में 17 करोड़ से अधिक की कमाई की



बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल की फिल्म मां ने अपने पहले वीकेंड के दौरान तीन दिनों में भारतीय बाजार में 17 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। विशल फुरिया के निर्देशन में बनी काजोल की फिल्म मां, एक मायथोलॉजिकल हॉरर ड्रामा है, जिसमें काजोल एक अलग अवतार में नजर आ रही हैं। फिल्म मां 27 जून को सिनेमाघरों में प्रदर्शित हुयी है।इस फिल्म को दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली रही है।जियो स्टूडियोज और देवगन फिल्म्स ने इस फिल्म का निर्माण किया है। इस फिल्म में काजोल के अलावा इंद्रनील सेनगुप्ता, रोनित रॉय और खीरिन शर्मा भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म %मां% ने भारतीय बाजार में पहले दिन 4.65 करोड़ की कमाई की थी। दूसरे दिन फिल्म ने आंकड़ा 06 करोड़ की कमाई की।सैकनिल्क की अर्ली रिपोर्ट के अनुसार फिल्म मां तीसरे दिन 6.75 करोड़ का कारोबार किया है।इस तरह फिल्म मां भारतीय बाजार में तीन दिनों में 17 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर चुकी है। फिल्म मां की कहानी आधुनिक समय में घटती है, जहां प्राचीन शक्तियां फिर से सामने आती हैं. इसमें एक मां की कहानी है, एक ऐसी मां जिसका अटूट प्रेम उसके बच्चे को खतरे में डालने पर दैवीय क्रोध में बदल जाता है।वह एक तरफ मां का प्यार दिखाती हैं, तो दूसरी तरफ गुस्से में राक्षसों का विनाश करने वाली देवी जैसी लगती है।

# नेहा धूपिया ने मुंबई से सूरत तक वंदे भारत ट्रेन यात्रा की, बचपन की यादों में खो गयी



बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा धूपिया ने हाल ही में वंदे भारत एक्सप्रेस से मुंबई से सूरत तक एक खास ट्रेन यात्रा की, जो केवल सफर नहीं बल्कि उनकी बचपन की यादों को ताजा करने वाला अनुभव बन गया। सुबह-सुबह की यह यात्रा नेहा धूपिया को पुराने दिनों की याद दिला गई। वही जाने-पहचाने दृश्य, आवाजें और भावनाएं, जिन्हें उन्होंने अपने नए यूट्यूब व्लॉग में खूबसूरती से साझा किया है। वीडियो में नेहा उत्साहित नजर आती हैं, जैसे ही वह ट्रेन में चढ़ती हैं और अपने बचपन की बातें याद करती हैं। वह मुस्कुराते हुए कहती हैं, बचपन में मम्मी-पापा के साथ ट्रेन से सफर करती थी... आज भी वही एहसास हो रहा है। इस सफर ने बहुत सी प्यारी यादें वापस ला दीं। नेहा धूपिया ने कहा, ये अनुभव बहुत ही सुंदर और भावुक करने वाला था। सफर आरामदायक था, सेवा बेहतरीन थी और रास्ते में कुछ अच्छे लोगों से भी मुलाकात हुई। नेहा का यूट्यूब चैनल उनके फैंस को उनकी ज़िंदगी के सच्चे और निजी पलों की झलक देता है ,फिर चाहे वो कोई कहानी हो, कोई नई सीख, या इस तरह का अचानक किया गया सफर। जब भी वो यात्रा करती हैं, कुछ नया सीखती हैं या बस एक पल के लिए ठहरती हैं, तो वो अपने दर्शकों को भी उस अनुभव का हिस्सा बनाती हैं।मुंबई से सूरत की यह ट्रेन यात्रा उनके लिए और अब उनके दर्शकों के लिए भी यादगार बन गई है ,ये सिर्फ एक मंज़िल तक पहुंचने का जरिया नहीं था, बल्कि एक पुरानी याद को फिर से जीने, सादगी में खुशी ढूंढ़ने और उस ख़ास एहसास को महसूस करने का सफर था, जो ट्रेन यात्राएं अक्सर अपने साथ लेकर आती हैं।

# हसनी हुसैनी सोयायटी ने निकाला परचम अलम का जुलूस



गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

मोहर्रम की चार तारीख की शाम को शक्ति चौक से अब्बास अलमदार की शान में खुशनुमा अंदाज में हुसैनी परचम अलम का जुलूस निकला । जो शहनाई की धुन पर शहीदी कलाम के साथ शक्ति चौक से शुरू होकर शिवालय चौक, गंज स्कूल, पुरानी गल्ला मंडी, नया बस स्टैंड बाबली दरगाह शरीफ पहुचा, वहा पर जुलूस का जोरदार स्वागत कर तबर्रुक तकसीम हुआ इसी तरह शास्त्री वार्ड में व श्याम टाकीज के पास भी शरबत सबील तबर्रुक वितरण किया गया। जुलूस छोटा सराफा ,झंडा चौक से वापस अपने मुकाम शक्ति चौक पहुँचा । हसनी हुसैनी सोसायटी के युवा यहतराम के साथ अलम परचम लेकर या हुसैन या अली शहीदाने करबला की शान में नारे लगाते हुए उत्साह के साथ चल रहे थे ।

शक्ति चौक को दुल्हन की तरह सजाया गया । जुलूस के उपरांत परचम कुसाई की गई । इस मौके पर फातेहा दुआ के उपरांत हसनी हुसैनी सोसायटी के वरिष्ठ पदाधिकारियो ने बताया कि सोयायटी का उद्देश्य खिदमते खल्क समाजसेवा से जुड़े हुए कार्य करना है । मोहर्रम पर ही इंसानियत का पैगाम देते हुए सोसायटी के 20 लोगो ने गाडरवारा चिकित्सालय में रक्तदान किया , सोयायटी की समाजसेवा निरंतर जारी रहेगी ।

नगर निरीक्षक विक्रम रजक के मार्ग दर्शन पुलिस महकमा ने यातायात व्यवस्था पर ध्यान देते हुए जुलूस को व्यवस्थित तरीके निकलवाने में सहयोग किया व नगर पालिका की साफ सफाई भी बेहतर रही । हसनी हुसैनी समिति के अध्यक्ष लकी अली ने प्रशासनिक अधिकारियों एवं नगर वासियों के सहयोग के प्रति आभार जताया है । जुलूस में मुस्लिम समाज के जिम्मेदार सहित सेक?ो नौजवान शामिल रहे ।

## आदिवासी परिवारों के घरों को जबरन गिरा दिया

**नरसिंहपुर ।स्वतंत्रमत।** वन विभाग ने पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में वर्षों से रह रहे आदिवासी परिवारों के घरों को जबरन गिरा दिया।आरोप है कि इस कार्रवाई के दौरान महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के साथ मारपीट की गई। इससे पहले 14 जून को एक आदिवासी महिला के साथ वन विभाग के कर्मचारी ने छेड़छाड़ की। जब सामाजिक संगठनों ने इसका विरोध किया, तो महिला के पति पर शासकीय कार्य में बाधा का केस दर्ज कर दिया गया। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदिवासी कांग्रेस विभाग ने ज्ञापन में कई मांगें रखी हैं। इनमें स्नश्हद्दह्यह ऋद्धद्दह्नह्य॰ष्ह्र, 2006 के तहत वन अधिकार पट्टे देने, प्रभावित परिवारों को टिन शेड, राशन और पेयजल की सुविधा देने की मांग शामिल है। दोषी वन विभाग अधिकारियों को निलंबित करने और महिला से अभद्रता करने वाले कर्मी को बर्खास्त करने की मांग भी की गई है।ज्ञापन में पेसा कानून का पालन सुनिश्चित करने और बिना ग्राम सभा की सहमति के कार्रवाई न करने की मांग की गई है।



# अखंड रामचरित मानस पाठ आयोजित

### जाट ने सेवानिवृत होने पर कराया आयोजन

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** गत दिवस स्थानीय चन्द्रकेसर कॉलोनी मे धीरेन्द्र सिंह जाट ने अपने आवास पर शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने पर अखंडरामचरित मानस पाठ का आयोजन कराया। विदित हो कि श्री जाट वर्ष 1987 मे ग्रन्थपाल के पद पर शासकीय महाराणा प्रताप स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय मे पदस्थ हुए थे।



बीच मे कुछ वर्षो तक उन्होंने स्वामी विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर मे भी सेवाएं दी थी। अखंड रामचरित मानस पाठ का आयोजन 28 ?ून से शुरू हुआ था। इस धार्मिक आयोजन में नागरिकों ने संगीत की सुमधुर धुन पर रामायण की चौपाइयाँ गाई। इस अवसर पर श्री जाट ने बताया कि शासकीय सेवा से सेवानिवृत्ति के अवसर पर प्रभु की भक्ति में अखंड रामायण पाठ का आयोजन करके असीम प्रसन्नता हो रही है। पाठ के अंतिम दिन मंगलवार को भंडारा एवं प्रसादी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी श्रद्धालु उपस्तिथ रहे।

## नवीन सत्र में दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन

**नरसिंहपुर ।स्वतंत्रमत।** स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नवीन सत्र में दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 2 जुलाई से 4 जुलाई 2025 तक तीन दिवसीय किया जा रहा है प्रथम दो दिवस में मेजर विषय से संबंधित विद्यार्थी अपने अपने विभाग में उपस्थित रहेंगे तथा अंतिम दिवस 4 जुलाई को प्रातरू 11 बजे से यह कार्यक्रम आडीटोरियम में आयोजित किया जाएगा। यह नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए प्रेरणात?मक कार्यक्रम है जिसमें महाविद्यालय के वातावरण में समायोजित होने और सहज महसूस करने में मदद करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य छात्रों को संस्थान की संस्कृति और मूल्यों से परिचित करानाए उनके बीच संबंध स्थापित करना और उन्हें व्यापक उद्देश्य और आत्म.खोज से परिचित कराना है। इसमें महाविद्यालय के नव प्रवेशित स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपेक्षा की गई है।

## सर्पदंश से मृतक के परिवार को 4 लाख की सहायता

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** लामता तहसील के ग्राम बूढ़ी के निवासी पुस्तकला की 30 मई 2025 को साँप के काटने से मृत्यु हो जाने के कारण बालाघाट के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री गोपाल सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रावधानों के तहत मृतक के वारिस पति राजकुमार को 04 लाख रुपये की सहायता राशि मंजूर की है। यह राशि ई-पेमेंट के माध्यम से राजकुमार के बैंक खाते में जमा करा दी जाएगी।

# एक पेड़ मां के नाम से विद्यावन वाटिका में बेलपत्र के पौधे का रोपण

नरसिंहपुर ।स्वतंत्रमत।

स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में संस्था प्राचार्य डॉआर. बी.सिंह निर्देशन में एक पेड़ मां के नाम से विद्यावन वाटिका में बेलपत्र के पौधे का रोपण किया गया । पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु को संरक्षित करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए लगभग 15 पौधों का रोपण किया गया । इस अवसर पर नव. प्रवेशित छात्र.छात्रायें बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उन्हें पर्यावरण का महत्व भी बताया गया तथा पेड़ लगाकर प्रकृति को सरंक्षित करने के लिए प्रेरित भी किया गया । इस अवसर पर पुराने अध्ययनरत अनेक छात्र.छात्रायें उपस्थित रहे तथा स्टाफ से भी अनेक अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे थे । स्टाफ के



सदस्यों में प्रभारी प्राचार्य डॉण् मनीष अग्रवाल प्रोण् केशवप्रसाद पांडेयए प्रोण्रीता रावत एवं राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई अधिकारी डॉ जीएस मर्सकोले छात्रा इकाई कार्यक्रम अधिकारी प्रो रीता रावत, प्रो रितेश अग्रवाल ने उपस्थित होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ स्वयंसेवकों में पूर्व दलनायक वेदांत दुबे, वरिष्ठ स्वयंसेवक मानस गुप्ता, रोहित गौंड, देवांश पचोरी, हर्षित जाटव, हर्षित चौरसिया, विवेक मेहराए ऋतिक कुशवाहा, छात्रा दलनायिका शिखा वर्मा, मनीषा राजपूत, भूमि दुबे, रजनी चढार, विवेक साहू, ब्रजेश चौधरी, सौरभ कुशवाहा, रोहित नौरिया, उदय उईके आदि अनेक विद्यार्थी उपस्थित थे । वर्तमान दलनायक दिनेश अग्रवाल ने पौधे उपलब्ध कराये। विद्यार्थियों ने पौधारोपण कर समाज से भी पौधारोपण करने की अपील की तथा छात्रों ने पौधों को बड़ा करने का संकल्प भी लिया।



## डॉक्टर्स डे पर डॉक्टर्स को किया धन्यवाद

दमोह।

कौंरासा स्थित डीपीएस दमोह स्कूल में उत्साहपूर्वक डॉक्टर्स डे मनाया गया। मार्निंग असेम्बली में बच्चों ने स्वास्थ्य जागरूकता की विषेष शपथ ली। इसके पश्चात् स्त्री रोग विषेषज्ञ डॉ. अनु दुआ ने कक्षा 6 से 12वीं तक की छात्राओं की एक विषेष सभा में संबोधित किया। डॉ. दुआ ने छात्राओं से बातचीत कर उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और भ्रांतियों को जाना और उनका उचित मार्गदर्षन भी किया। छात्राओं द्वारा पूछे गए सवालों के उचित उत्तर देकर उन्हें संतुष्ट किया। वहीं कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के छात्र-छात्राओं ने षिक्षकों के मार्गदर्षन में शहर के विभिन्न डॉक्टरों के निवास स्थलों और क्लीनिक पर जाकर उन्हें पौधा एवं ग्रीटिंग कार्ड देकर उन्हें धन्यवाद दिया। प्राचार्य श्रीमती अंजलि शेंड्ये ने बताया कि को-चेयरपर्सन श्रीमती पूजा मलैया के मार्गदर्षन में छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के अलावा अलग-अलग क्षेत्रों में जागरूकता के लिए हम इस तरह की गतिविधियाँ समय-समय पर आयोजित करते रहते हैं ताकि जीवन के अधिकतर पहलुओं से विद्यार्थी परिचित हों।

# तालाबों के गहरीकरण में ग्रामीणों ने निभाई सक्रिय भूमिका

दमोह।

पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल की गरिमामय उपस्थिति में पथरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बोतराई में जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा जल गंगा संवर्धन अभियान का आज समापन हो रहा हैं। पथरिया विकासखंड में 4 करोड़ 80 लाख रुपए के विकास कार्य स्वीकृत हुए थे जिसमें से अधिकांश कार्य पूर्ण हो चुके हैं। उन्होंने कहा यहां का तालाब देखकर बहुत अच्छा लगा हैं, तालाब का विस्तारीकरण किया गया है, उसकी बडिंग और पत्थर





से जो घाट बनाए गए हैं, सौंदर्य करण भी अच्छा हुआ। उन्होंने ग्रामीणजनों से आग्रह करते हुए कहा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जन सहभागिता से जो कार्य किए गए हैं ऐसे ही जिले की अन्य जगहों पर भी अच्छे से कार्य करने का प्रयास किया जाये। राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ होते हैंए सेवा निवृत्त होने के बाद भी उनके अनुभव समाज के लिए उपयोगी हैं, वे नई पीढ़ी को मार्गदर्शन देना जारी रखें। राज्यमंत्री ने कहा यह अभियान मुख्यमंत्री के संकल्प के साथ 30 मार्च से 30 जून तक पूरे मध्यप्रदेश में चलाया गया था। दमोह जिले में इसके तहत विशेष रूप से तालाबों का गहरीकरण, जीर्णोद्धार व जलस्त्रोतों के संरक्षण संबंधी कार्य किए गए जिसमें ग्रामीणों ने सक्रिय सहभागिता दिखाई। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल ने कहा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत बोतराई में समापन कार्य में सभी ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया हैं।भूमिगत जलस्तर बड़े किसानों को लाभ मिले। इस दौरान पथरिया क्षेत्र के दो सेवानिवृत्त शिक्षकों को मंच से शाल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर एसडीएम निकेत चौरसिया, खरग राम पटेल, संगीता श्रीधर, ललती संतोष मोदी, श्याम रानी अठ्या, रघुवीर सिंह, नीलेश सिंह, कलू, जनपद सीईओ रामभरत कटारे, सरपंच-सचिव, उपयंत्री और शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## सीएम राइज प्राथमिक शाला बूढा हटा परिसर में भरा बारिश का पानी

हटा।

राज्य शासन का स्कूली शिक्षा विभाग बच्चों की सुविधाओं के प्रति कितने गंभीर है इसकी बानगी प्राथमिक शाला बूढा हटा में देखने मिल जाएगी, इस शाला में पिछले साल भी इसी तरह जलभराव की समस्या निर्मित हुई थी प्रशासनिक अधिकारियों ने नगर पालिका की टीम के साथ जाकर पानी की निकासी की व्यवस्था कराई थी किन्तु एक साल बाद भी प्राथमिक शाला परिसर से पानी भराव की समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। उल्लेखनीय बात यह है कि स्कूल के बाहर की ओर नगर पालिका द्वारा सड़क निर्माण के कारण स्कूल की सतह नीची हो



जाने के कारण चारों ओर का पानी स्कूल में ही भरने लगा है और नौनिहालों को पानी में से होकर क्लास रूम तक जाने मजबूर होना पड़ रहा है।

इस सम्बंध मै संकुल प्राचार्य अशोक अग्रवाल का कहना है कि इस समस्या का जल्दी ही निराकरण कराया जाएगा। उन्होने खुद स्कूल का भ्रमण किया और पाया कि नगर पालिका द्वारा निर्मित सडक ऊंची हो गई है एक ओर मुहल्ले के लोग कचरा डाल रहे है, बच्चों को परेशानी है जिसके त्वरित निराकरण के लिए परिसर में गिट्टी डालकर पानी भराव रोका जाएगा और कचरा डालने सख्ती से रोक लगाई जाएगी।



## मातृ शिशु व बाल स्वास्थ्य एवं पोषण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**पथरिया।** दमोह जिले की समस्त गर्भवती, स्तनपान करवाने वाली एवं 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों की माताएं इस कार्यक्रम में सम्मलित हो सकती हैं। मातृ शिशु व बाल स्वास्थ्य एवं पोषण कार्यक्रम महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है जो कि भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड द्वारा उनके निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्यपूर्ण विकास, वृद्धि एवं उनके विकास हेतु संचालित किया जाता है। मध्यप्रदेश के दमोह जिले में कार्यक्रम के संचालन की जिम्मेदारी द्वारा सामाजिक विकास संस्थान को सौंपी गई। जिसके लिए प्रगत संस्था द्वारा एक वृहद कार्यक्रम की रूप रेखा बनाई गई। यह कार्यक्रम माताओं एवं शिशुओं के स्वास्थ एवं पोषण से संबंधित वैश्विक स्तर पर संचालित किए जा रहे है।इस कार्यक्रम का प्रयोजन महिलाओं को जागरूक करना है। जैंसे स्तनपान से जुड़ी श्रेष्ठ प्रकियाओं पर जोर देना, माताओं के आहार पोषण में सुधार हेतु जानकारी प्रदान करना, कुपोषण की स्थिति को दूर करने हेतु जाग्रति लाना, बच्चों की देख रेख एवं स्वास्थ्य संबंधी प्रक्रियाओं का सुदृढ़ीकरण करना आदि।

# शिशु मंदिर एक ऐसा विद्यालय जहां परिवार के संस्कार भी दिए जाते हैं

### 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के मेधावी भैया बहन हुए सम्मानित

**दमोह।** जिन विद्यार्थियों के 95, 96, 97, 98 प्रतिशत नंबर लाए उनको बधाई देता हूं, साथ ही जो कम नंबर लाये उनको भी बधाई देता हूं ताकि वे बेहतर करने की कोशिश करें वो भी आगे बढ़ेंगे। शिशु मंदिर एक ऐसा विद्यालय है जहां पर सिर्फ विद्या ही नहीं परिवार के संस्कार भी यहां दिए जाते हैं। किसी भी संस्था को खड़े करने के लिए जब तक समाज की सहभागिता नहीं होगी तब तक शायद खड़ा करना बहुत मुश्किल काम है। इस आशय की बात पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेन ने सरस्वती विद्या विहार सीनि सेके स्कूल केशवनगर के लोकार्पण एवं



मेधावी छात्र अलंकरण समारोह के दौरान व्यक्त किए। इस अवसर पर विधायक जयंत कुमार मलैया, विद्या भारती मध्य क्षेत्र अध्यक्ष विवेक शेंडे एवं विद्या भारती महाकौशल प्रांत के संगठन मंत्री अमित दवे मंचासीन रहे।

राज्यमंत्री पटेल ने कहा आज उस बात को सुनकर के सुखद अनुभव हो रहा है, उन लोगों की मेहनत आज रंग लाई और इतने बड़े-बड़े विद्यालय जिले में स्थापित हो गए। उन्होंने कहा सच में विद्यार्थीगण बहुत मेहनत कर रहे हैं और उनके साथ-साथ माता-पिता सहयोग कर रहे हैं, मैं देखता हूं कि किसी ना किसी गांव का परिवार किराये से रहकर के अपने पूरे परिवार के साथ बच्चों को पढ़ाने का काम कर रहा हैं। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा शिक्षा का स्तर बड़ा है और उसमें बहुत बड़ा योगदान हर जगह, हर जिले में लगभग 13000 विद्यालय पूरे देश में चल रहे हैं। उन्होंने कहा विधानसभा पथरिया का विद्यालय नंबर वन हैं, देख कर अच्छा लगता है कि यहाँ के बच्चे बहुत आगे बढ़ रहे हैं।

विधायक जयंत मलैया ने कहा सागर संभाग के सर्वोत्तम विद्यालय में खड़ा हूँ, आज जो कुछ चीजों के लोकार्पण एक साथ हुए हैं, मैंने पहले कभी देखा नहीं है। इस दौरान राज्यमंत्री पटेल और दमोह विधायक मलैया ने विजय कुमार मलैया बाबू जी की पुण्यस्मृति में समर्पित कालिदास सभागार, विनायक राव शेंडे की पुण्यस्मृति में समर्पित पुस्तकालय कक्ष, खुशाल चंद जैन की पुण्यस्मृति में समर्पित कंप्यूटर कक्ष, ओमप्रकाश राय की पुण्यस्मृति में समर्पित संगीत कक्ष एवं नृत्य कक्ष का लोकार्पण किया। उन्होंने प्रत्येक कक्ष में जाकर दी जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया। साथ ही कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के मेधावी भैया बहनों का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के पूर्व में विद्यालय के भैया बहनों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

इस अवसर पर लालजी राम पटेल, डॉ. राजीव पाण्डे, राकेश पुजारी, राजीव बिरथरे, कपिल शुक्ला उपस्थित थे।

## वृक्ष मित्र ने पौधरोपण कर मनाया जन्मदिन

**हटा।** हटा नगर में जगह.जगह वृक्षारोपण की अलख जगाने मुक्तिधाम में वृक्षारोपण की शुरुआत करने वाले भारत भारती युवा संगठन के अध्यक्ष कंचन चौरसिया का जन्मदिन भी वृक्षारोपण कर मनाया गया। उनके जन्मदिन पर मंगलवार को मित्र मंडली द्वारा पौधारोपण किया एवं एक पौधा उपहार में दिया। इसी दौरान विवेक जैन के पुत्र सोविक जैन के जन्म दिवस पर भी पौधारोपण किया गया एवं गौशाला में जाकर गायों के लिए चारा एवं भूसा की व्यवस्था की गई। सदस्यों ने संदेश दिया कि जब भी अपने इष्ट मित्रों का जन्मदिन या सालगिरह होती है तो हम लोग इसी तरह उनके जन्मदिन और सालगिरह को मानते हैं। योगेश गोलू सराफ, विनोद वर्मन अंचल जैन कंचन चौरसिया विवेक जैन सारिका सोनम जैन और उनकी पुत्री उपस्थिति रही।

# बीज के नाम पर किसानों से ठगी

## कृषि विस्तार अधिकारी अपनी दुकान से कीटनाशक खरीदने बना रहे दबाव

कटनी (स्वतंत्रमत)।

किसानों को प्रदर्शन बीज के नाम पर ठगा जा रहा है। कई किसानों ने शिकायत की है कि उन्हें घटिया या नकली बीज दिए जा रहे हैं। जिससे उनकी फसलें खराब हो रही हैं और उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। कुछ किसानों को कृषि विभाग या अन्य विक्रेताओं द्वारा घटिया या नकली बीज दिए जा रहे हैं, जो असली बीज के समान दिखाई देते हैं। प्रदर्शन बीज के नाम पर किसानों को कम कीमत पर बीज दिए जाते हैं लेकिन ये बीज असर खराब गुणवाा के होते हैं। सूत्रों की माने तो नकली बीज बनाने वाला गिरोह इन दिनों सक्रिय हैं, जो प्रसिद्ध कंपनियों के नाम पर नकली बीज बेचते हैं, जिससे



किसानों को धोखा होता है।

### निजी दुकान से खाद व कीटनाशक लेने का दबाव

किसानों ने बताया कि किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग स्लीमनाबाद के वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा किसानों के साथ खुली लूट की जा रही है। किसानों ने बताया प्रदर्शन बी में बी का 600 रूपए लेने के बाद 1200 रूपए की दवाई जबरन किसानों दी जा रही है। किसान संग ने आरोप लगाते हुए बताया वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा खुद की कीटनाशक एवं बीज की दुकान तेवरी स्लीमनाबाद में है। उसी दुकान से दवाई सप्लाई कर उसी दुकान का बिल जारी किया जाता है। किसानों ने बताया अधिकारी द्वारा कहा जाता हमारे यहां से खाद लेने पर कि पैसा आपके खाते में वापस आ जाएगा जो आज तक किसानों का नहीं आया है किसी विभाग इसी तरह किसानों के साथ धोखाधड़ी कर रहा है। किसानों का आरोप है की शिकायत के बाद भी प्रशासन कोई कार्यवाही नही कर रहा। जिसका कोई देखने वाला नहीं है अगर इसी तरह चलता रहा तो हो सकता है। किसानों को सड़क पर आंदोलन को मजबूर होना पड़ेगा।

# स्कूलों में होगी अतिथि शिक्षकों की भर्ती

## स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किये निर्देश

कटनी (स्वतंत्रमत)।



स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में रिक्त पदों के विरुद्ध ऑनलाइन माध्यम से अतिथि शिक्षक व्यवस्था के संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने दिशा-निर्देश जारी किये हैं। यह कार्यवाही जीएफएमएस पोर्टल के माध्यम से की जायेगी। निर्देशों में कहा गया है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अतिथि शिक्षक आमंत्रण के लिये प्रदर्शित रिक्तियां एजुकेशन पोर्टल 3.0 के अंतर्गत जीएफएमएस पोर्टल पर प्रदर्शित की गयी हैं। प्रमाणित रिक्तियों के विरुद्ध ही शासकीय विद्यालय में अतिथि शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित की जायेगी। अतिथि शिक्षक के प्रथम चरण की कार्यवाही 26 जून से शुरू हो गयी है। अतिथि शिक्षक की उपस्थिति रिवेस्ट का प्रमाणीकरण एक से 3 जुलाई तक किया जायेगा। पोर्टल पर द्वितीय चरण की संभावित समय-सारणी 5 जुलाई से शुरू होकर 12 जुलाई तक समाप्त हो जायेगी। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अतिथि शिक्षक की कार्यवाही पूर्णत: ऑनलाइन है, किसी भी अतिथि शिक्षक को ऑफलाइन आमंत्रित नहीं किया जायेगा। अतिथि शिक्षक व्यवस्था के विस्तृत रूप से दिशानिर्देश स्कूल शिक्षा विभाग के एजुकेशन पोर्टल 3:0 पर देखे जा सकते हैं।



# अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने ली जनरल परेड की सलामी, परेड का किया निरीक्षण

कटनी (स्वतंत्रमत)।

1 जुलाई को पुलिस लाइन, कटनी में प्रात: 7 बजे जनरल परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया ने परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। परेड का नेतृत्व रक्षित निरीक्षक संध्या राजपूत द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों और जवानों के अनुशासन, वर्दी, और टर्नआउट की सराहना की। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को तत्काल पुरस्कार प्रदान किए गए, जबकि कुछ को सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके पश्चात, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने स्टोर रूम, शस्त्रागार का भी निरीक्षण किया और अस्त्र-शस्त्रों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर निरीक्षक संजय दुबे, निरीक्षक अनूप सिंह, कार्यवाहक निरीक्षक आशीष शर्मा, थाना प्रभारी बरही शैलेंद्र यादव, थाना प्रभारी बहोरीबंद सुरेंद्र शर्मा, थाना प्रभारी केमोर अरविंद चौबे, थाना प्रभारी ढीमरखेड़ा शाहिद खान और अन्य 65 अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महापौर ने लाल बहादुर शास्त्री वार्ड का निरीक्षण कर जानी नागरिकों की समस्या

## सुगम जल निकासी हेतु नाली एवं रोड़ निर्माण का तैयार करें प्रस्ताव : महापौर

कटनी (स्वतंत्रमत)।

नगर विकास के साथ-साथ नागरिकों की सुगमता से मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करानें हेतु सदैव तत्पर रहनें वाली महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा मंगलवार को लाल बहादुर शास्त्री वार्ड पन्ना मोड, पेट्रोल पंप के पीछे स्थित बस्ती का औचक निरीक्षण कर नागरिकों की समस्याएं जानी तथा मौजूद अधिकारियों को जल निकासी की सुविधा हेतु नाली का प्रस्ताव तैयार करानें के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान शकुंतला सोनी क्षेत्रीय उपयंत्री अश्विनी पांडेय सहित स्थानीय नागरकों की मौजूदगी रही। नागरिकों को निगम प्रशासन के माध्यम से उपलब्ध कराई जाने वाली मूलभूत सुविधाओं को परखनें पहुंची महापौर को निरीक्षण के दौरान सरला नगर के निवासी सोहनलाल श्रीवास्तव नें बताया कि नाली से उचित जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण वर्षा के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न होने के कारण क्षेत्रीय जनों



का आवागमन भी प्रभावित होता है। नागरिकों की समस्या से अवगत होकर महापौर द्वारा क्षेत्री उपयंत्री अश्विनी पाण्डेय को सावित्री स्कूल से सोहनलाल श्रीवास्तव के घर तक नाली निर्माण कराये जानें का नियमानुसार प्रस्ताव तैयार कर नाली निर्माण कार्य कराने के निर्देश दिए गए।

### एफसीआई गोदाम मार्ग में जल निकासी की समस्या का होगा शीघ्र समाधान

बिरसा मुण्डा वार्ड स्थित कृषि उपज मंडी से एफसीआई गोदाम मार्ग में जलभराव के कारण आवागमन में होने वाली समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा क्षेत्रीय पार्षद नन्ही बाई गौटिया के साथ मीरा धाम कॉलोनी मार्ग का पैदल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनों द्वारा बताया गया कि पूर्व में निर्मित नालियां क्षतिग्रस्त होनें तथा ढाल सही होने के कारण अतिवर्षा के दौरान मार्ग में घुटनों तक की पानी भराव की समस्या उत्पन्न होने से नागरिकों का आवागमन बुरी तरह से प्रभावित होता है। जिस पर महापौर द्वारा नागरिकों की इस गंभीर समस्या के निराकरण हेतु नाली निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश मौके पर उपस्थित उपयंत्री अश्विनी पांडेय को दिए गए।

### मथुरा धाम कॉलोनी में बनेगी डब्ल्यूबीएम रोड एवं नाली

महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा मथुराघाम कॉलोनी के भ्रमण के दौरान स्थानीय नागरिकों द्वारा सड़क एवं नाली निर्माण की मांग किये जाने पर महापौर नें उपयंत्री अश्वनी पांडेय को सुगम आवागमन हेतु डब्लयू बीएम रोड एवं जल निकासी की व्यवस्था हेतु नाली निर्माण का प्रस्ताव तैयार करानें के निर्देश दिए। उपरोक्त निरीक्षण के दौरान मंडल अध्यक्ष अशोक दत्त, संजू गर्ग, समाज सेवी तुलाराम गोटिया, विक्की पांडेय, अजय पांडेय, डॉ. सुनील द्विवेदी, स्थानीय वरिष्ठ नागरिक भगवानदास पटेल, पवन शर्मा, सुनील कुमार द्विवेदी, सूरज सोनी, अरुण गौतम, सोहनलाल श्रीवास्तव, संजय बर्मन, बृजभूषण पांडेय, भुवनेश्वर शर्मा, रजनीश सिंह, अंजनी मिश्रा, ब्रजभूषण पांडेय सहित अन्य स्थानीय गणमान्य जनों की मौजूदगी रही।

# सनशाइन एकेडमी समदरिया में डॉक्टर्स डे का महत्व बताया



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** सनशाइन एकेडमी समदरिया में शिक्षकों के द्वारा 1 जुलाई डॉक्टर्स डे का महत्व बताया गया। शिक्षकों ने अपने नन्हें मुन्ने बच्चों को यह संदेश देते हुए समझाया कि डॉक्टर्स डे को डॉक्टर के त्याग समर्पण और स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए बनाया जाता है। साथ ही साथ बच्चों को कुछ स्वास्थ से संबंधित कुछ जरूरी बिंदु भी बताए गए जैसे हमेशा खाने से पहले और बाद में अपने हाथों को अच्छी तरह धोना, अपने नाखूनों को समय समय से काटना एवं स्वच्छ रखना इत्यादि। बच्चों को यह सिखाया गया कि जब भी वह चिकित्सालय जाए उन्हें हमेशा अपने चिकित्सक को इलाज के बाद धन्यवाद जरूर देना चाहिए। साथ ही इससे सभी को यह संदेश जाता है कि बीमारी की रोकथाम और स्वास्थ्य संवर्धन को बढ़ावा देते हैं, व्यक्तियों और समुदायों को टीकाकरण, जांच और स्वस्थ जीवन शैली के बारे में शिक्षित करते हैं।

# शासकीय महाविद्यालय बरही में 1 जुलाई से शैक्षणिक सत्र 2025-26 प्रारंभ

कटनी (स्वतंत्रमत)। शासकीय महाविद्यालय बरही में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए 1 जुलाई से तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया है। महाविद्यालय के प्रवेश प्रभारी डॉ. अरविन्द सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से महाविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित विभिन्न योजनाओं, राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एवं अन्य योजनाओं से संबंधित जानकारी दी जाएगी। दीक्षारंभ कार्यक्रम में नव प्रवेशित विद्यार्थी शिक्षकों से भी परिचित होंगे तथा महाविद्यालय में प्राप्त विभिन्न प्रकार की सुविधाओं की जानकारी भी प्रदान की जायेगी। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि दीक्षारंभ कार्यक्रम में पूर्व छात्रों के अनुभवों का लाभ नव प्रवेशित विद्यार्थी प्राप्त कर सकेंगे।

## कटनी जंक्शन में अवैध वेंडर का बोलबाला

# अपराधियों के आगे नतमस्तक जीआरपी और आरपीएफ

कटनी (स्वतंत्रमत)।

कटनी से लेकर शहडोल, सतना, जबलपुर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में पिछले काफी समय से अवैध वेंडरों की भरमार है, जिसकी भनक रेल्वे सुरक्षा बल के आला अधिकारियों को भी है। रेलवे प्रशासन द्वारा अपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है, लेकिन इसके बाद भी अपराध चरम पर है। रेलवे सुरक्षा बल तत्काल मामले को संज्ञान में लेकर कटनी, सतना, शहडोल आरपीएफ को अलर्ट करना चाहिए। सूत्रों के अनुसार रेलवे परिसर में अधिकारियों के नाम से मोटे मोटे लिफाफे एकत्रित कर रहा है।

रेल्वे स्टेशन परिसर में अपराधिक वैंडर और ठेकेदार को संरक्षण दे रहे। संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों पर जांच कर कार्रवाई करें। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अवैध वेंडर संचालित एवं ठेकेदारी में पार्टनर की सहभागिता की चर्चा भी जोरों पर है, जो जांच का विषय है। रेल्वे प्रशासन एवं विजिलेंस एवं आरपीएफ के आला अधिकारियों से इन कर्मियों की कॉल डिटेल एवं चल चरित्र की जांच करने जन गुजारिश है। वर्तमान परिवेश में कटनी,




जबलपुर से इटारसी के बीच सूरज माला रिंकु, सुरेश, सुमित के अलावा अन्य अवैध वेंडरों के लोग कटनी जंक्शन, मुड़वारा से जाने वाली यात्री ट्रेनों में पराठा घटिया कंपनी की पानी बाटल दूषित तेल के समोसे, आलू, बड़े सड़े गले चना मसाले दूषित खाना कोरोना काल के पानी पाऊच की भरमार सभी गाड़ियों में देखी जा सकती है। लंबी दूरी यात्रा करने वाले यात्रियों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इस बात की जन चर्चा जोरों पर है कि सुरेश साह फर्जी कार्ड धारक वेंडर चला रहा है और रिंग चाबी छल्ला, चाकू, छुरी के साथ चाईनीज सामग्री न बिल न रसीद और जहांनुमा स्वाद का पेठा खान-पान की सामग्री बैधड़क बेच रहे हैं। मानों इनके लिए रेलवे सुरक्षा बल ने शायद खुली परमीशन दे रखी हैं।

# लाखों बच्चों का भविष्य संवार कर राजेश दुबे हुए सेवानिवृत्त

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** विजयराघवगढ़ धार्मिक नगरी मे निवास करते वाले शासकीय शिक्षक राजेश दुबे की सेवाएं 30 जून को समाप्त हुई वह अपने परिवार की खुशियो मे सामिल हुए। राजेश दुवे ने सम्पूर्ण जीवन समाज हित के साथ साथ छात्रों के भविष्य को संवारने मे लगाया श्री दुबे शिक्षक के साथ साथ राम भक्त भी है साथ ही दुबे जी का सम्पूर्ण परिवार धार्मिक आस्था मे लिन रहता है। राजेश दुबे एक बहुत सुन्दर वक्ता भी माने जाते हैं मंच संचालन जब जब दुबे जी ने किया अनोखी शब्दावली के साथ सम्बोधन प्राप्त हुआ कुल मिला कर एक शिक्षक को सरस्वती माता का बरदान प्राप्त रहा। उनकी मधुर वाणी दुशमन को भी गले लगाले इन सभी खुवियो के साथ राजेश दुबे ने शिक्षा जगत मे रह कर लाखो बच्चों का भविष्य सवारा। ईश्वर की कृपा से सर्वसुविधायुक्त होते हुए भी कभी कोई घमंड लालच नही देखा गया स्वभाव के मामले मे सरल सहज किन्तु गलत कभी बर्दास्त नही करते न खुद गलत करते न्याय अन्याय की परख के साथ उन्होंने अपने बच्चों मे भी संस्कारों की गंगा का प्रवाह किया साथ ही अनेको स्कूलों मे अपनी सेवा देने वाले राजेश दुवे जी ने समय समय पर शिक्षा जगत में अनेको ऐसे कार्य किए जिनकी वजह से शिक्षा जगत गौरवान्वित हुआ। छात्रों के भविष्य के लिए वह उनके जीवन को सवारने के लिए कई बार शिक्षको को शक्ति बर्तनी पढ़ती है दुबे जी ने भी शक्ति दिखाई किन्तु बाद मे छात्रों को अपनी ज्ञान गंगा से अभिसिंचित करते हुए समझाते हुए उन्हे उचित मार्गदर्शन कर उन्हे नेक राह पर चलना सिखाया। लगभग शासकीय सेवाओं को 60 वर्षो तक देने के पश्चात जब उन्हे शिक्षा जगत परिवार छोड़ना पडा तो राजेश दुबे की आखे नम दिखी खुशी अपने परिवार को अधिक समय देने की थी तो दुख शिक्षा जगत को छोडने का था भावुक छडो मे दुबे जी ने ईश्वर का सहरा लिया और यही कहा ईश्वर की कृपा रहेगी तो मैं अपने परिवार के साथ साथ अपने शिक्षक व छात्रों को भी समय देता रहूगा। शासन ने मुझे शिक्षा का दाईतव परिवार पालने के लिए नही बल्कि छात्रों का भविष्य सवारने के लिए मिला था मैने अपने दाईतवो का निर्वाहन पूरी इमानदारी से किया अगर कही कोई त्रुटि या गलती हुई हो तो मुझे माफ करे। इन शब्दों मे राजेश दुवे जी की भावनाएं झलक रही थी वह न चाहते हुए भी समय अनुसार अपने दाईतवो का त्याग कर रहेथे वह चाहते थे की कुछ व्यक्त और इस शिक्षा जगत को दू पैसो की खातिर नही बल्कि जीवन भर की गयी सेवा से मिला एक लगाव अपने पन का अहसास करा रहा था। दुवे जी के विदाई समारोह मे बडे बुजुर्गो साथियों मित्रों ने राजेश दुवे के साथ गुजरे वक्त और अनुभव को साझा किया तो वही छोटो व छात्रों ने जीवन मे मिले अनमोल रत्न शिक्षा से जीवन को सवारने वाले राजेश दुवे की ख्याति का गुडगान किया राजेश दुवे जैसे शिक्षक की आवश्यकता आज भी है कल भी रहेगी ऐसे शिक्षको की बजह से आज समाज को डॉक्टर, इंजीनियर, सैनिक व पुलिस जैसे अनेको शिक्षित युवाओं का सत्संग प्राप्त होता है ज्ञान गंगा की तरह एक दूसरे के माध्यम से हमेशा निरंतर बहता ही रहता है राजेश दुबे जी की शिक्षा को हमेशा शिक्षा जगत याद करेगा आज एक सितारा शिक्षा जगत से दूर हुआ किन्तु अब समाज ऐसे शिक्षक के ज्ञान से अभिसिंचित होगा।

# संस्कार भारती कटनी इकाई की साधारण सभा संपन्न

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** संस्कार भारती की साधारण सभा का प्रारंभ विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित विभाग संघचालक विपिन तिवारी, संस्कार भारती के मध्य क्षेत्र प्रमुख अनिल जोशी, महाकौशल प्रांत के महामंत्री धनराज गुप्ता की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात ध्येय गीत इकाई की मातृ शक्तियों द्वारा प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात मां सरस्वती की वंदना कुमारी तोयजा गुप्ता द्वारा प्रस्तुत किया गया।

इकाई का प्रतिवेदन कार्यकारी अध्यक्ष मीरा दीदी द्वारा प्रस्तुत किया गया, आय-व्यय का ब्यौरा कोष-प्रमुख हीरामणि बरसैंया द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसे सर्वसम्मति से ओम के उच्चारण के साथ पारित किया गया। मार्ग दर्शन विभाग संघचालक विपिन तिवारी द्वारा प्राप्त हुआ, संगठन की रीति नीति नवीन रचना अनुसार क्षेत्र प्रमुख अनिल जोशी द्वारा बताया गया। उसके पश्चात प्रांत महामंत्री धनराज गुप्ता द्वारा कार्यवाही करते हुए पुराने इकाई को भंग कर नवीन इकाई की घोषणा की गई और दायित्व सौंपे गए। जिसमें संरक्षक-मीरा भार्गव, प्रतिमा रमन, दिनेश पांडे, आशा कोहली। विशेष आमंत्रित सदस्य- रंजना बहरे, जिला अध्यक्ष के रूप में अशोक तिवारी, उपाध्यक्ष हीरामणि



बरसैन्या, कल्पना कोटक, शशी दुबे महामंत्री- राजेश बरसैया, सह महामंत्री- सुशील तिवारी, कोष प्रमुख वीरेंद्र श्रीवास्तव, मंचीय कला संयोजक पूनम गुप्ता, एवं टोली सदस्य अनीता सिजारिया, दृश्य कला संयोजक- दीपाली गुप्ता, टोली सदस्य किटी गुप्ता एवं अर्चना, लोक कला संयोजक- आकांक्षा बरसैंया, टोली सदस्य- शालिनी, साहित्य विधा संयोजक- नवीन गुप्ता कार्यकारिणी सदस्य गीता पांडे, माया तिवारी, गीता बरसैन्या, प्रियंका गुप्ता, आशु सुहाने तनु गुप्ता, के नाम की घोषणा की गई और कला कुंज भारती लेने का आग्रह भी मंच से किया गया। और आशा की गई थी कटनी इकाई प्रदेश एवं देश में सर्वश्रेष्ठ इकाई के रूप में अपना स्थान सुनिश्चित कर सकेगा।

# कटनी पहुंचे रेल संरक्षा आयुक्त : झलवारा मझगवां ग्रेड सेपरेटर का किया निरीक्षण

## मालगाड़ियों के जल्द परिचालन की जताई उम्मीद

कटनी (स्वतंत्रमत)।

जबलपुर और बिलासपुर मंडल के बीच एनकेजे के समीप बनी 1.8 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन सेतु का काम करेगी। कटंगी खुर्द से झलवारा के बीच बनाई गई इस नई रेललाइन से अब दोनों की मंडल मालगाड़ी ट्रेनों को बिना मेन लाइन में लाए ही आसानी से चला सकेंगे। सोमवार को नई रेल लाइन का रेल संरक्षा आयुक्त, मध्य वृत्त, मुम्बई मनोज अरोरा द्वारा संरक्षा की दृष्टि से सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रेल सुरक्षा आयुक्त ने इस रेल खंड पर संरक्षा एवं सुरक्षा से जुड़े संसाधनों, ओएचईलाइन, सबद्ध उपकरण तथा सिग्नलिंग आदि का विस्तार से निरीक्षण किया एवं उनकी कार्य क्षमता को परखा। इस दौरान सीआरएस के साथ पमरे मुख्यालय से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण एमएस हाश्मी एवं जबलपुर मंडल से मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार मुख्य सुरक्षा आयुक्त ने कटंगी खुर्द से



झलवारा एवं झलवारा से कटंगी खुर्द, अप डाउन दोनों लाइनों का मोटर ट्रॉली से निरीक्षण किया गया जिसमें पॉइंट एवं रेलवे क्रॉसिंग का निरीक्षण करते हुए स्लीपर स्पेसिंग गैप, रेलवे ट्रैक एवं उसकी मैपिंग को देखा। कटंगी खुर्द स्टेशन के क्रॉसओवर, टर्न आउट, क्रॉसिंग, चेक रेल, टर्नआउट गेज का निरीक्षण किया। झलवारा स्टेशन की क्रॉसओवर, टर्न आउट, क्रॉसिंग, गेज, हाउसिंग का निरीक्षण करते हुए स्टेशन का भी निरीक्षण किया गया। मुख्य सुरक्षा आयुक्त मनोज अरोरा ने बताया कि जल्द ही इस ट्रेक पर ट्रेनों का आवागमन शुरू हो सकेगा। इससे एनकेजे में ट्रेनों का ट्रैफिक कम होगा। ग्रेड सेपरेटर को लेकर उन्होंने कहा कि जल्द ही इसका निरीक्षण किया जाएगा। कटनी-बिलासपुर रेलखंड के झलवारा स्टेशन व सिंगरौली रूट पर बने कटंगीखुर्द स्टेशन को जोड़ती हुई अर्द्ध चंद्राकार डबल कॉर्ड लाइन रेलवे द्वारा बनाई गई है।

इस कॉर्ड लाइन को ग्रीन सिग्नल मिलते ही यहां से ट्रेनों का आवागमन शुरू हो सकेगा। बिलासपुर की ओर से आने वाली ट्रेनों को सिंगरौली रूट पर जाने के लिए पहले एनकेजे यार्ड पर आना होता है। यहां इंजन बदलने के बाद ही ट्रेनें इस रूट पर रवाना होती है। रेलवे ने अब सिंगरौली रूट पर कंटगीखुर्द स्टेशन व बिलासपुर रूट पर झलवारा स्टेशन को जोड़ते हुए कॉर्ड लाइन का निर्माण किया है। कंटगीखुर्द को इस लाइन से पहले ही जोड़ा जा चुका है तो वहीं कुछ दिनों झलवारा को भी जोड़ा गया है। यह लाइन शुरू होने से ट्रेनों को एनकेजे यार्ड आने की जरूरत नहीं पड़ेगी वे सीधे इस रूट पर रवाना हो सकेंगी।

# दिव्यांशी ने ताशकंद में अंडर-15 एशियाई युवा चैंपियन का खिताब जीता

कोलकाता (वार्ता)।

दूसरी वरीयता प्राप्त क दिव्यांशी भौमिक ने ताशकंद के हुमो एरिना में आयोजित 29वीं एशियाई युवा चैंपियनशिप 2024 में अंडर-15 गर्ल्स सिंगल्स में चीन की झू किही को 4-2 से हराकर स्वर्ण पदक के साथ यादगार जीत दर्ज की। नॉकआउट चरण में चीनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपनी दूसरी जीत के साथ दिव्यांशी ने न केवल खुद को एशियाई चैंपियन का खिताब दिलाया, बल्कि नवंबर में रोमानिया में होने वाली विश्व युवा चैंपियनशिप के लिए सीधे स्थान भी हासिल किया। उनके स्वर्ण पदक ने चैंपियनशिप में भारत के शानदार अभियान का समापन किया, जिसमें एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक शामिल थे।

### दिव्यांशी ने किही के खिलाफ मजबूत शुरुआत की

सात गेम के कड़े सेमीफाइनल में लियू जिलिंग को हराने के बाद, आत्मविश्वास से भरी दिव्यांशी ने किही के खिलाफ मजबूत शुरुआत की और अपने तीसरे गेम पॉइंट पर पहला गेम जीत लिया। उसने अपनी गति बनाए रखी और 2-1 से आगे हो गई, हालांकि किही ने वापसी करते हुए बराबरी हासिल कर ली। इससे विचलित हुए बिना, भारतीय खिलाड़ी ने अपनी सर्विस और सामरिक विविधता को बढ़ाया और 3-1 से बढ़त हासिल कर ली। चीनी पैडलर ने पांचवें गेम में वापसी की और दिव्यांशी के 9-9 से बराबरी करने के



बावजूद 11-9 से गेम अपने नाम कर लिया। लेकिन छठे गेम में, मुंबई की लड़की ने 6-2 से बढ़त हासिल कर ली, लेकिन किही ने अंतर को 8-8 पर ला दिया। अपने धैर्य को बनाए रखते हुए, दिव्यांशी ने चतुराई से सर्विस और रिटर्न पर गति को बदला और मैच को 13-11, 11-8, 8-11, 12-10, 9-11, 11-8 से अपने नाम कर लिया।

### सेमीफाइनल में दिव्यांशी का शानदार प्रदर्शन

सेमीफाइनल में दिव्यांशी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीन की जिलिंग लियू को 4-3 से हराया और फाइनल में अपनी जगह पक्की की। पहले गेम में कड़ी टक्कर मिलने और दूसरे गेम में कड़ी चुनौती का सामना करने के बाद दिव्यांशी ने लय हासिल करते हुए 2-1 की बढ़त हासिल की, लेकिन इसके बाद उन्होंने अगला गेम गंवाकर अपनी प्रतिद्वंद्वी को बराबरी पर ला दिया। एक बार फिर दिव्यांशी 3-2 से आगे हो गई, लेकिन लियू आसानी से हार मानने वालों में से नहीं थी। उसने छठे गेम में वापसी करते हुए मैच को 3-3 से बराबर कर दिया और आखिरकार इसे निर्णायक गेम तक ले गई। एक तनावपूर्ण अंतिम गेम में दिव्यांशी ने अपना धैर्य बनाए रखा और 10-12, 11-9, 11-6, 10-12, 11-9, 5-11, 11-9 से जीत दर्ज की।

### भारतीय जोड़ी अपना संयम बरकरार नहीं रख सकी

इससे पहले दिन में अंकुर भट्टाचार्य और पी.बी. अभिनंद को अंडर-19 बॉयज डबल्स में मलेशिया के गैर-वरीयता प्राप्त याप रुई झे और लैम ई सिम की जोड़ी से आश्चर्यजनक हार का सामना करना पड़ा, जिससे वे पदक जीतने का मौका चूक गए। 2-1 की बढ़त लेने के बावजूद, भारतीय जोड़ी अपना संयम बरकरार नहीं रख सकी। मैच में अंकुर को दो पीले कार्ड जारी किए गए, जिनकी स्पष्ट हताशा और संयम की कमी ने जोड़ी के खेल को प्रभावित किया। गति में बदलाव का फायदा उठाते हुए, मलेशियाई जोड़ी ने जोरदार वापसी की और अंतिम दो गेम और मैच अपने नाम करते हुए 6-11, 11-8, 11-8, 5-11, 8-11 से जीत दर्ज की।

# जिम्बाब्वे पर दक्षिण अफ्रीका ने दर्ज की सबसे बड़ी जीत

### ब्रॉश और प्रीटोरियस ने किया बड़ा कारनामा



**हैदराबाद।** दक्षिण अफ्रीका की युवा टीम ने पहले टेस्ट मैच में जिम्बाब्वे को 328 रनों से हरा दिया है। ये रनों के लिहाज से जिम्बाब्वे की सबसे बड़ी हार है. इससे पहले उनकी सबसे बड़ी हार 315 रनों की थी जब उन्हें श्रीलंका ने 2002 में गॉले में मात दी थी। बुलावायो में खेले गए पहले टेस्ट मैच में दक्षिण अफ्रीका ने जिम्बाब्वे के सामने जीत के लिए 537 रनों का असंभव लक्ष्य रखा था। लेकिन जिम्बाब्वे की टीम चौथे दिन 208 रनों पर ही ढेर हो गई. जसकी वजह से उन्हें रिकॉर्ड मार्जिन से हार का सामना करना पड़ा. इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। दक्षिण अफ्रीका की इस जीत में कई खिलाड़ियों ने अहम भूमिका निभाई, जिसमें कॉर्बिन बॉश के पहले दिन शतक के साथ-साथ चौथे दिन पांच विकेट लेना और दूसरी इनिंग में वियान मुल्डर की शतकीय पारी के अलावा पहली इनिंग में 19 वर्षीय लुआन-ड्रे प्रीटोरियस की शानदार 153 रनों की पारी भी शामिल थी, जिसकी वजह से उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड के लिए भी चुना गया. इस के साथ वो टेस्ट डेब्यू मैच में ये अवॉर्ड जीतने वाले 8 वें दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी बन गए हैं। कॉर्बिन बॉश ने मैच में शानदार खेल का प्रदर्शन किया. वो टेस्ट में शतक बनाने और पांच विकेट लेने वाले पांचवें दक्षिण अफ्रीकी बन गए हैं।

उन्होंने ये कारनामा अपने दूसरे टेस्ट मैच में ही कर दिया. जबकि वियान मुल्डर इस सूची में शामिल होने से उसी मैच में सिर्फ एक विकेट से चूक गए। बता दें कि दक्षिण अफ्रीका ने अपनी पहली पारी 9 विकेट पर 418 रन बना कर घोषित कर दी थी। जबकि जिम्बाब्वे की पहली पारी 251 पर ही सिमट गई थी। दूसरी पारी में अफ्रीका 369 पर ऑल आउट हो गई थी. लेकिन पहली इनिंग की लीड की वजह से उन्होंने जिम्बाब्वे के सामने जीत के लिए 537 का विशाल लक्ष्य रखा, लेकिन जिम्बाब्वे की टीम दूसरी पारी में 208 रन पर ही ढेर हो गई।

# ऋषभ पंत रचेंगे इतिहास

### विराट कोहली और मोहम्मद अजहरुद्दीन का तोड़ेंगे महारिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज और उप कप्तान ऋषभ पंत के पास दो खास उपलब्धि हासिल करने का मौका होगा. पंत ये बड़ी उपलब्धि इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में हासिल कर सकते हैं. दरअसल, भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच 2 जुलाई यानी बुधवार को होने वाला है। बर्मिंघम के एजबेस्टन क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले इस मैच में ऋषभ पंत के



पास दो बड़े रिकॉर्ड अपने नाम करने का मौका होगा। इस मुकाबले में ऋषभ पंत के पास विराट कोहली, सुनील गावस्कर और मोहम्मद अजहरुद्दीन का रिकॉर्ड तोड़ने का मौका होगा।

### पंत के पास अजहरुद्दीन की बराबरी करने का मौका

इस मैच में ऋषभ पंत के पास इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बनने का मौका होगा। एजबेस्टन टेस्ट में अगर पंत शतक लगाते हैं तो वो भारत के लिए इंग्लैंड के खिलाफ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। इस मैच में शतक लगाने के साथ ऋषभ पंत पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे। ऋषभ पंत ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 शतक लगाए हैं। जबकि मोहम्मद अजहरुद्दीन 6 शतक लगाकर दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ 7-7 शतकों के साथ भारत के लिए इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज ने संयुक्त रूप से पहले स्थान पर हैं।

### विंबलडन के पहले दौर में पेगुला की सनसनीखेज हार

**लंदन (वार्ता)।** तीसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका की जेसिका पेगुला ने विंबलडन के पहले दौर में बाहर होने के बाद कहा है कि यह उनके लिए साल का सबसे खराब नतीजा था, क्योंकि वह अब तक टूर्नामेंट में हारने वाली सर्वोच्च वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बन गई हैं। पेगुला को इटली की एलिसाबेटा कोकियारेटो ने 6-2, 6-3 से हराया, जो विश्व में उनसे 113 पायदान नीचे 116वें स्थान पर हैं। 31 वर्षीय पेगुला के दाहिने घुटने पर भारी पट्टियाँ बंधी हुई थीं, लेकिन उन्होंने कहा कि उन्हें इससे कोई परेशानी नहीं हुई, क्योंकि उन्हें कोर्ट दो पर मात्र 58 मिनट में हार का सामना करना पड़ा।

# बर्मिंघम में बल्लेबाज या गेंदबाज, कौन मचाएगा धमाल

नई दिल्ली।

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच 2 जुलाई यानी बुधवार से बर्मिंघम के एजबेस्टन क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाने वाला है। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के तहत होने वाले इस मैच का टॉस भारतीय समानुसार दोपहर 3 बजे होगा, जबकि मैच की शुरुआत 3:30 बजे से होगी। इस मैच में भारत की कप्तानी शुभमन गिल और इंग्लैंड की कप्तानी बेन स्टोक्स करते हुए नजर आएंगे. उससे पहले आज हम आपको एजबेस्टन की पिच रिपोर्ट के साथ-साथ इस मैदान के आंकड़ों के बारे में भी बताने वाले हैं।



### एजबेस्टन की पिच रिपोर्ट

एजबेस्टन की पिच की बात करें तो यहां पर बल्लेबाज, तेज गेंदबाज और स्पिनर्स सभी के लिए मदद मौजूद है। ये पिच मैच के पहले और दूसरे दिन गेंदबाजों को मदद करती है। शुरुआत में यहां पर नई गेंद के साथ तेज गेंदबाजों को बाउंस और गति मिलती है। इसके साथ ही अगर बादल छाए रहते हैं तो गेंद सीम और स्विंग करती है।

जब पिच थोड़ी पुरानी हो जाती है तो तीसरे और चौथे दिन पिच बल्लेबाजों को मदद करने लगती है। ऐसे में अगर बल्लेबाज सेट हो जाता है तो वो लंबी पारी खेल सकता है। पिच मैच के पांचवें दिन यानी अंतिम दिन स्पिनर्स को भी मदद करती है। पिच की दरारें अंतिम दिन में खुल जाती हैं, जिससे स्पिनर्स को मदद मिलती है। इस पिच पर टेस्ट मैच में पहली पारी का औसत स्कोर 310 रन है, जबकि दूसरी पारी का औसत स्कोर 280 रन है। एजबेस्टन की पिच पर तीसरी पारी का औसत स्कोर 230-250 तक है. इस पिच पर चौथी पारी का औसत स्कोर 170-200 रन है।

हाउस्टेट के अनुसार इस पिच पर पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम का प्रतिशत 32.14 है। इस मैदान पर कुल 56 टेस्ट मैच खेले गए हैं. इस दौरान 41 मैच का परिणाम रहा है, जबकि 15 टेस्ट मैच ड्रॉ रहे हैं. इस मैदान पर टीम इंडिया का रिकॉर्ड निराशाजनक रहा है।

### एंडरसन पीटर्स चोट के कारण नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 से हटे

**बेंगलुरु, (वार्ता)।** दो बार के विश्व चैंपियन और पेरिस 2024 ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता एंडरसन पीटर्स टखने की चोट के कारण भारत में होने वाली नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 भाला फेंक प्रतियोगिता से हट गए हैं। उद्घाटन नीरज चोपड़ा क्लासिक 5 जुलाई, 2025 को बेंगलुरु में आयोजित किया जाएगा। पोलैंड के साइप्रियन मिर्जीग्लोड को पीटर्स की जगह चुना गया है। 27 वर्षीय मिर्जीग्लोड पूर्व यूरोपीय अंडर 20 और अंडर 23 चैंपियन हैं और उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 85.92 मीटर है, जो उन्होंने इस साल जून में फिनलैंड में आयोजित मोटोनेट जीपी कुओर्टेन एथलेटिक्स मीट जीतने के दौरान दर्ज किया था।

### सुरजीत हॉकी सोसाइटी का हॉकी और खिलाड़ियों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान : नितिन कोहली

**जालंधर (वार्ता)।** हॉकी इंडिया के सह-अध्यक्ष, हॉकी पंजाब के अध्यक्ष और आम आदमी पार्टी के जालंधर (केंद्रीय) हल्का प्रभारी नितिन कोहली ने आज सुरजीत ग्रीष्मकालीन हॉकी कोचिंग कैंप-2025 में भाग लेने वाले 4 से 16 वर्ष की आयु के 200 से अधिक युवा खिलाड़ियों और कोचों को सम्मानित किया। सुरजीत हॉकी सोसाइटी के सीईओ इकबाल सिंह संधू ने बताया कि सुरजीत ग्रीष्मकालीन हॉकी कोचिंग कैंप-2025 का समापन समारोह सुरजीत हॉकी स्टेडियम, बर्लटन पार्क, जालंधर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आम आदमी पार्टी के जालंधर (केंद्रीय) हल्का प्रभारी नितिन कोहली ने शिविर में भाग लेने वाले 4 से 16 वर्ष की आयु के 200 से अधिक युवा खिलाड़ियों और कोचों को सम्मानित किया।

### कैबिनेट ने राष्ट्रीय खेल नीति 2025 को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज राष्ट्रीय खेल नीति (एनएसपी) 2025 को स्वीकृति दे दी है। देश के खेल परिदृश्य को नया आकार देने और खेलों के माध्यम से लोगों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक यह ऐतिहासिक पहल है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुए बताया कि नई नीति मौजूदा राष्ट्रीय खेल नीति, 2001 का स्थान लेगी और देश को वैश्विक खेल महाशक्ति के रूप में स्थापित करने और वर्ष 2036 ओलंपिक खेलों सहित अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित करने के लिए एक दूरदर्शी और कार्यनीतिक रोडमैप तैयार करेगी।

### सरे ने डरहम के खिलाफ क्लब का रिकॉर्ड 820 रन का स्कोर बनाया

लंदन,(वार्ता)

डोम सिबली की 10 घंटे की 305 रन की पारी और डैन लॉरेंस तथा विल जैक्स के तेज शतकों की बदौलत सरे ने किआ ओवल में 820-9 रन पर पारी घोषित की, जो क्लब के लंबे इतिहास में सबसे बड़ा प्रथम श्रेणी स्कोर है। 407-3 से आगे खेलते हुए, उन्होंने दूसरे दिन चाय के बाद तक बल्लेबाजी करते हुए 811 रन का अपना 126 साल पुराना काउंटी रिकॉर्ड तोड़ दिया और कल चिलचिलाती धूप और 30 डिग्री से अधिक तापमान में डरहम की पीड़ा को और बढ़ा दिया। और दिन की समाप्ति से पहले 28 ओवर की गेंदबाजी में, सरे ने कुछ चुनौतीपूर्ण गेंदबाजी के साथ जवाब में डरहम को 59-1 पर रोक दिया।

# शेयर बाजार ग्रीन जोन में बंद

मुंबई।

कारोबारी सप्ताह के दूसरे दिन शेयर बाजार ग्रीन जोन में बंद हुआ. बीएसई पर सेंसेक्स 90 अंकों की बढ़ोतरी के साथ 83,697.29 पर क्लोज हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.10 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 25,540.40 पर बंद हुआ। लगभग 1971 शेयरों में तेजी आई, 1889 शेयरों में गिरावट आई और 150 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ. आज के कारोबार के दौरान निफ्टी पर अपोलो हॉस्पिटल्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, एशियन पेंट्स के शेयर टॉप गेनर के लिस्ट में शामिल रहे।

जबकि एक्सिस बैंक, नेस्ले, श्रीराम फाइनेंस, इटरनल, ट्रेंट के शेयर टॉप लूजर के लिस्ट में शामिल रहा। सेक्टोरल मोर्चे



पर रियल्टी एफएमसीजी, मीडिया, बिजली में 0.4-1.3 फीसदी की गिरावट आई, बकि पीएसयू बैंक सूचकांक में 0.7 फीसदी और उपभोक्ता टिकाऊ सूचकांक में 0.4 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.4 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। भारतीय रुपया मंगलवार को 22 पैसे बढ़कर 85.53 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जबकि सोमवार को यह 85.75 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

एशियाई बाजारों में बढ़त के बाद मंगलवार को भारतीय बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक थोड़ा ऊपर कारोबार किए. निवेशकों की नजर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को 9 जुलाई की टैरिफ समयसीमा से पहले अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता पर थी. सेक्टोरल ट्रेंड में, रेमंड, अनंत राज, ओबेरॉय रियल्टी और डीएलएफ में बढ़त के कारण निफ्टी रियल्टी 0.7 फीसदी से अधिक चढ़ गया. निफ्टी बैंक, ऑटो, एफएमसीजी और आईटी इंडेक्स भी थोड़ी बढ़त के साथ कारोबार किए। कारोबारी सप्ताह के दूसरे दिन शेयर बाजार सपाट पर खुला. बीएसई पर सेंसेक्स अंकों की 3 बढ़ोतरी के साथ 83,632.08 पर ओपन हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.01 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 25,515.15 पर खुला।

### ब्रिटिश इंटरनेशनल इन्वेस्टमेंट के निवेश को दी मंजूरी

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने भारतीय कंपनी रीन्यू फोटोवोल्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड में निवेश करने के ब्रिटिश इंटरनेशनल इन्वेस्टमेंट पीएलसी के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह जानकारी मंगलवार को आयोग की एक विज्ञप्ति में दी गयी। अधिग्रहणकर्ता कंपनी ब्रिटिश इंटरनेशनल इन्वेस्टमेंट ब्रिटेन सरकार की एक विकास वित्त संस्था है। यह विकासशील देशों में निजी क्षेत्र के उद्यमियों को पूंजी सहायता प्रदान करती है। इसने भारत में सौर मॉड्यूल और सौर सेल का विनिर्माण कारोबार कर रही रीन्यू फोटोवोल्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड की प्रतिभूतियों में निवेश का प्रस्ताव कर रखा है।

# गैस सिलेंडरों की कीमतों में बड़ी राहत, 58.50 रुपये घट गए दाम

**नई दिल्ली।** गैस सिलेंडर को लेकर अच्छी खबर है. महीने की शुरुआत में सरकार ने कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में बड़ी राहत दी है. नई दरें आज से ही लागू हो गई हैं. घरों में इस्तेमाल किए जाने वाले रसोई गैस सिलेंडर के दाम जस के तस हैं. लोगों को इसकी कीमतों में कटौती की उम्मीद थी। एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में कटौती की है. एक फैसले में सरकार ने 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम में आज से 58.50 रुपये की रियायत दी है. दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की खुदरा बिक्री कीमत एक जुलाई से 1665 रुपये है. सामान्य रूप से आम आदमी के किचन में इस्तेमाल किए जाने वाले 14.2 किलोग्राम सिलेंडर के दामों में कोई



परिवर्तन नहीं किया गया है। दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत आज से 1665 रुपये हो गई. सरकार की ओर से 58.50 रुपये प्रति गैस सिलेंडर सस्ता करने के बाद ये दर लागू की गई। इससे पहले यहां इसकी कीमत यहां 1723. 50 रुपये थी। इसी तरह कोलकाता में ये 1769 रुपये में मिलेगी जबकि पुरानी कीमत 1826 रुपये थी। रियायत के बाद मुंबई में नई कीमत 1616.50 रुपये है. इससे पहले यहां 1674.50 रुपये ये गैस सिलेंडर मिलता था. वहीं, चेन्नई में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत घटकर 1823.50 हो गई जबकि ये 1881 रुपये में मिलता था। बता दें कि इससे पहले जून महीने में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत कटौती की गई थी. उस समय इसकी कीमत में 24 रुपये की रियायत दी गई. जून में दामों में कटौती के बाद दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 1723.50 रुपये का हो गया था. इससे पहले यही गैस सिलेंडर सिर्फ 1747.50 रुपये में मिलता था. उस दौरान कोलकाता में कीमतों में कटौती के बाद ये 1826 रुपये में मिलने लगा था. इसी तरह चेन्नई में इसके दाम घटकर 1881 रुपये हो गये थे. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार आईओसीएल की ओर से हाल के महीनों में लगातार कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमतों में कटौती की गई है।

### पांच लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देगी वाहन-उद्योग कौशल विकास परिषद

**नई दिल्ली (वार्ता)।** वाहन-उद्योग कौशल विकास परिषद (एएसडीसी) ने चालू वित्तीय वर्ष में पांच लाख युवाओं को स्किलिंग, अपस्किलिंग और अप्रेंटिसशिप के जरिए ट्रेनिंग देने का बड़ा लक्ष्य रखा है। यह जानकारी परिषद की एक विज्ञप्ति में दी गयी है। विज्ञप्ति के अनुसार एएसडीसी ने पिछले साल एएसडीसी ने देशभर में 2 लाख से ज्यादा अप्रेंटिसशिप पूरे किए और 4.5 लाख से अधिक लोगों को ट्रेनिंग देकर उन्हें रोजगार के योग्य बनाया था। संगठन ने हाल ही में कई अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थानों के साथ समझौते किए हैं ताकि भारतीय युवाओं को वैश्विक स्तर पर भी अवसर मिल सकें। अब एएसडीसी का लक्ष्य है कि दुनियाभर के शिक्षा और उद्योग जगत के साथ जुड़कर और ज्यादा मौके बनाए जाएं।

# जीएसटी ने पूरे किए 8 साल, तोड़े सभी रिकॉर्ड...

**नई दिल्ली।** 1 जुलाई 2025 को, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को लागू हुए आठ साल पूरे हो जाएंगे. इसे 2017 में आर्थिक एकीकरण की दिशा में एक बड़े कदम के रूप में पेश किया गया था. जीएसटी ने इनडायरेक्ट टैक्स की एक भूलभुलैया को एकल और एकीकृत प्रणाली से बदल दिया. इसने कर अनुपालन को आसान बनाया, व्यवसायों के लिए लागत कम की और राज्यों में माल की स्वतंत्र रूप से आवाजाही की अनुमति दी. सरकार के अनुसार पारदर्शिता और दक्षता में सुधार करके, जीएसटी ने एक मजबूत और अधिक एकीकृत अर्थव्यवस्था की नींव रखने में मदद की।

### जीएसटी पर डेलॉयट की रिपोर्ट

डेलॉयट की एक हालिया सर्वेक्षण रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 85 फीसदी उत्तरदाताओं ने जीएसटी के साथ सकारात्मक अनुभव की सूचना दी है, जो लगातार चौथे वर्ष उद्योग की भावना में वृद्धि का प्रतीक है।

जबकि लगभग 10 फीसदी उत्तरदाताओं ने एक तटस्थ अनुभव का संकेत दिया, विशेष रूप से व्यय प्रबंधन और इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) अनलॉक करने जैसे क्षेत्रों में और सुधार के अवसरों की ओर इशारा करते हुए. और 5 फीसदी ने नए प्रस्तावों पर स्पष्टता की कमी, पूर्वव्यापी संशोधन, पहले के स्पष्टीकरण के बावजूद लगातार अनुचित नोटिस और कर अधिकारियों द्वारा ऑडिट और मुकदमेबाजी प्रथाओं में विसंगतियों पर चिंताओं का हवाला देते हुए एक नकारात्मक अनुभव की सूचना दी।




### विशेषज्ञ ने ईटीवी भारत को क्या बताया?

टैक्स अनुपालन और मुकदमेबाजी विशेषज्ञ अभिषेक राजा राम ने ईटीवी भारत को बताया कि जीएसटी के पीछे की मंशा बहुत अच्छी थी और अब सभी को लगने लगा है कि चीजें सही दिशा में आगे बढ़ रही हैं. उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा सराहनीय है, लेकिन मुख्य चिंता जीएसटी फाइलिंग पोर्टल में गड़बड़ियां है।

### एमएसएमई के अनुभव में उल्लेखनीय सुधार

सर्वेक्षण के अनुसार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए जीएसटी अनुभव में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में संतुष्टि का स्तर 78 फीसदी से बढ़कर 82 फीसदी हो गया है। इस सुधार को समर्थन देने वाले प्रमुख उपायों में मासिक भुगतान विकल्पों के साथ त्रैमासिक रिटर्न दाखिल करना और अनिवार्य जीएसटी पंजीकरण के लिए शिथिल सीमा शामिल है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि इन सुधारों में डिजिटलीकरण ने केंद्रीय भूमिका निभाई है। सर्वेक्षण में 99 फीसदी व्यवसायों ने बताया कि उनके आईटी सिस्टम जीएसटी ऑडिट को संभालने और विभागीय नोटिस का जवाब देने के लिए पूरी तरह या आंशिक रूप से तैयार हैं. ई-इनवॉइसिंग डेटा का उपयोग करके रिटर्न की ऑटो-पॉपुलेशन को जीएसटी पोर्टल की सबसे मूल्यवान विशेषता के रूप में उद्धृत किया गया।

### एनएमडीसी ने वैश्विक उपस्थिति का किया विस्तार

हैदराबाद/ दुबई, (वार्ता)

*भारत की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक कंपनी एनएमडीसी ने संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में अपने नये अंतरराष्ट्रीय कार्यालय स्थापित कर अपनी वैश्विक उपस्थिति का विस्तार किया है। कंपनी की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस रणनीतिक कदम से एनएमडीसी की वैश्विक उपस्थिति मजबूत होगी तथा यह खान क्षेत्र में कंपनी के एक बहुराष्ट्रीय ताकत बनने के सपने के अनुरूप है।*

# एक बगिया मां के नाम बनेगी आजीविका का नया माध्यमः डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले मंत्रीगण को किया संबोधित

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में एक बगिया मां के नाम से नई योजना आरंभ की जा रही है। इसमें प्रदेश स्तर पर स्व-सहायता समूह की 30 हजार महिलाओं की 30 हजार एकड़ भूमि पर लगभग 900 करोड़ की लागत से आजीविका संवर्धन के लिए 30 लाख उद्यानिकी पौधों का रोपण कर फल उद्यान विकसित किए जाएंगे। इस योजना में हितग्राहियों को पौधे, खाद, गड्ढे खोदने के साथ ही पौधों की सुरक्षा के लिए तार फेंसिंग और सिंचाई के लिए जल कुंड बनाने के लिए भी धनराशि प्रदान की जाएगी। उद्यान विकास के लिए महिला हितग्राहियों को प्रशिक्षित भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रि-परिषद की बैठक के पहले मंत्रीगण को संबोधित कर रहे थे।

**आज से एक पेड़ मां के नाम अभियान**-मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की लगभग 100 नदियों के उद्गम स्थलों पर 10-10 एकड़ भूमि पर 42 करोड़ रुपए की लागत से पौधों का रोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 1 जुलाई से 15 सितंबर तक च्एक पेड़ मां के नामज् अभियान आयोजित होगा, जिसे पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय विकास, वन, उद्यानिकी सहित सभी विभाग जनसहभागिता से संचालित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी जिलों में जिला विकास सलाहकार समिति का गठन किया जाना है। समिति में सांसद, विधायक, पंचायत तथा नगरीय निकायों के प्रतिनिधियों के साथ ही चिकित्सा, विधि, इंजीनियरिंग,



समाज सेवा, कृषि, उद्यानिकी डेयरी आदि क्षेत्रों के विशेषज्ञ और प्रख्यातजन शामिल होंगे।

**जल गंगा संवर्धन अभियान में बने खेत तालाब**-मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत खेत का पानी खेत में संचित करने के उद्देश्य से प्रदेश में 85 हजार से अधिक खेत तालाबों का निर्माण किया गया। भूजल संवर्धन के लिए 1 लाख से अधिक कुओं का पुनर्भरण किया गया। पानी की अमृत बूंद को सहेजने के लिए अमृत सरोवर 2.0 के तहत 1000 से अधिक नए अमृत सरोवरों का निर्माण प्रारंभ हुआ। शहरी क्षेत्र में समाज की सहभागिता से 3300 से अधिक जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन, 2200 नालों की सफाई और 4000 वर्षा जल संचयन संरचनाएं बनाई गई। इसके साथ ही 40 लाख से अधिक नागरिकों ने 5000 से अधिक ऐतिहासिक/धार्मिक जल स्त्रोतों (बावड़ी, मंदिर तालाबों आदि) की सफाई और जीर्णोद्धार में भाग लिया। अभियान के अंतर्गत 2 लाख 30 हजार जलदूतों का रजिस्ट्रेशन हुआ।

**राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज हुईं जल संरचनाएं**-नर्मदा परिक्रमा पथ और पंचकोषी यात्रा जैसे अन्य तीर्थ मार्गों का डिजिटलीकरण किया गया। अवरिल निर्मल नर्मदा योजना के तहत 5600 हेक्टेयर क्षेत्र में पौधरोपण की योजना स्वीकृत कराकर कार्य आरंभ किया गया। वन क्षेत्रों में वन्यजीवों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 2500 से अधिक तालाब, स्टॉप डैम जैसी जल संग्रहण संरचनाओं का निर्माण किया गया। प्रदेश की 15 हजार से अधिक जल संरचनाओं और जल संग्रहण संरचनाओं को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने का कार्य भी अभियान के अंतर्गत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मानसून में रोपण के लिए 6 करोड़ पौधे तैयार किए गए हैं।

**7 जुलाई से 6 अगस्त तक होगा मूंग और उड़द का उपार्जन**-मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर मूंग उपार्जन के लिए 3.51 लाख मैट्रिक टन और उड़द उपार्जन के लिए 1.23 लाख मैट्रिक टन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मूंग के लिए 30 जून तक 2 लाख 94 हजार किसानों ने तथा उड़द के लिए 11 हजार 495 किसानों का पंजीयन हो चुका है। पंजीयन के लिए 6 जुलाई तक अंतिम तिथि निर्धारित है। प्रदेशभर में मूंग और उड़द का उपार्जन 7 जुलाई से 6 अगस्त तक किया जाएगा।



# डॉ. यादव की उपस्थिति में विजन 2047 के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए हुआ एम.ओ.यू.

**योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग और आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के व्यक्तित्व विकास केन्द्र ने किया एम.ओ.यू का आदान-प्रदान**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में प्रदेश के योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग और आर्ट ऑफ़ लिविंग संस्था के व्यक्तित्व विकास केंद्र के बीच मंत्रालय में एमओयू का आदान-प्रदान हुआ। इस साझेदारी के अंतर्गत दोनों संस्थान जल संरक्षण, सतत् कृषि और ग्रामीण आजीविका सृजन, ग्राम विकास, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, गौधन संवर्धन, नशामुक्ति, स्वास्थ्य, सामाजिक कल्याण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग करेंगे। यह समझौता सतत् विकास लक्ष्यों की दिशा में राज्य सरकार के पहलों को सशक्त करने, पीपीपी मॉडल (सार्वजनिक निजी भागीदारी) को बढ़ावा देने, नीतिगत निर्णयों में सहयोग, योजनाओं के प्रभावी मूल्यांकन और व्यापक सर्वेक्षण के माध्यम से प्रदेश की दीर्घकालिक विकास योजना विजनञ्च2047 के लक्ष्यों को पूर्ण करने में सहायक होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में हुए समझौता पत्र के आदान-प्रदान के अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी संजय शुक्ला, म.प्र. राज्य नीति आयोग के ऋषि गर्ग, आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के रोहन जैन, अजित भास्कर तथा अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे। पद्म विभूषण श्री श्री रविशंकर जी द्वारा स्थापित आर्ट ऑफ लिविंग संस्था समग्र विकास सहित क्षमता विकास के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। आर्ट ऑफ लिविंग के विभिन्न कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों, वैज्ञानिकों, सशस्त्र बलों, पंचायती राज प्रतिनिधियों, युवाओं, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों हेतु विशेष रूप से बनाए गए हैं। संस्था जल संरक्षण, प्राकृतिक खेती, कौशल विकास, ग्रामीण विकास, वनीकरण, नशामुक्ति, जेल सुधार, सीमावर्ती गाँव विकास जैसे क्षेत्रों में भी कार्य कर रही है। साथ ही आर्ट ऑफ लिविंग की विभिन्न राज्य सरकारों, केंद्र सरकार के मंत्रालयों एवं विभागों के साथ सक्रिय भागीदारी है। भारत सरकार कर्मयोगी भारत के साथ संस्था का समझौता सरकारी अधिकारियों के लिए क्षमता विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु भी प्रभावी है।



# कथा व्यास विपिन बिहारी ने नगर के मंदिरों में पूजा अर्चना की

**हटा।** रुक्मणि निकेतन में शिवपुराण कथा करने हटा में प्रवास कर रहे कथा ब्यास विपिन बिहारी महाराज ने नगर की सुरभि गौ शाला और गौ सेवा केंद्र का भ्रमण किया और जनसहयोग से की जा रही गौ सेवा कार्यो की मुक्त कंठ से न केवल सराहना की बल्कि अपनी ओर से आर्थिक सहायता भी दी। उन्होंने गौ सेवको का उत्साह बर्धन करते हुए कहा कि अब यह गौ सेवा केंद्र उनकी नजर में रहेगा जब भी समय मिलेगा वह उपस्थित होने का प्रयास करेंगे। उन्होंने भूतेश्वर भगवान और पंचमुखी हनुमान जी के दर्शन कर इस दिव्य स्थल की भी सराहना की। श्री बिपिन बिहारी जी देव गौरीशंकर मंदिरएमां पीताम्बरा पीठ भी पहुंचे और उन्होंने आरती पूजन भी किया। उन्होंने नगर के मंदिरों और इनमें होने बाले धार्मिक आयोजनों की जानकारी प्राप्त की जिसके कारण पूज्य शंकराचार्य स्वरूपानंद महाराज द्वारा हटा को बुन्देलखण्ड की काशी की संज्ञा दी गई थी। नगर के मंदिरों के दर्शन के बाद उन्होंने सकौर के हनुमान मंदिर पहुंचकर पूजन अर्चन किया।

## गौमुख धाम झरना तथा सिलापरी झरना दोनों स्थलों पर नहाने/तैरने पर पूर्णतः प्रतिबंधित

**दमोह।** हटा क्षेत्र अंतर्गत तहसील हटा के ग्राम मडियादो स्थित गौमुख धाम झरना तथा ग्राम सिलापरी स्थित सिलापरी झरना में अधिक संख्या में लोग नहाने/तैरने के लिए पहुंचते हैं। वर्षा काल में उक्त दोनों स्थलों पर पानी के तेज बहाव के कारण एवं चट्टाने होने के कारण कभी भी गंभीर अप्रिय घटना घटित हो सकती हैं। किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित ना हो एवं जनहित को दृष्टिगत रखते हुए अनुविभागीय दंडाधिकारी हटा राकेश सिंह मरकाम ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत उक्त दोनों स्थलों पर तत्काल प्रभाव से पूर्णतः प्रतिबंधित किया हैं। जारी आदेश में कहा गया उक्त आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

# नये निवेश के दावे और 29 बड़े उद्योग बंद

## इवेंटबाजी से नहीं आयेगा वास्तविक निवेशः भूपेन्द्र गुप्ता

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार रोज नए-नए इन्वेस्टमेंट के एम ओ यू की घोषणा कर रही है लगभग सवा साल में मोहन सरकार लगभग 3 लाख करोड़ के निवेश की घोषणा कर चुकी है जबकि धरातल पर प्रगति गायब है। प्रदेश कांग्रेस के विचार विभाग के अध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता ने सरकार से जानना चाहा है कि अगर मध्य प्रदेश में निवेश की परिस्थितियों इतनी अनुकूल है तो फिर मध्य प्रदेश में 29 बड़े उद्योग बंद क्यों हो गए? गुप्ता ने कहा सरकार बताये कि मंडीदीप की हेवी फैब्रिकेशन यूनिट,गोविंदपुरा की मैसर्स जी ई ई पावर लिमिटेड चावल बनाने वाली मेसर्स एस एस ए इंटरनेशनल भिंड की ग्लास पार्ट कैथोड रे ट्यूब, गैस बेस थर्मल पावर प्लांट, लिमि हॉटलाइन ग्ला, कलर्ड पिक्चर ट्यूब बनाने वाली हॉटलाइन सीपीटी लिमिटेड धार की इंडोरामा टेक्सटाइल लि., लक्ष्मी पाइप एंड फिटिंग, मित्तल कॉरपोरेशन लिमिटेड, मेटलमेन पाइप मैन्युफैक्चरिंग, परसरामपुरिया इंटरनेशनल, भानु आयरन एंड स्टील, सोनी इस्पात लिमिटेड, वेरटैक्स टेक्नो सॉफ्ट, वरुण सीमेंट प्राइवेट लिमिटेड, पाली लॉजिक इंडिया लिमिटेड, गिल्ट पैक यूनिट , पैरेंटल ड्रग्स प्राइवेट लिमिटेड, सिद्धार्थ ट्यूब्स लिमि., गिरनार फाईवर लिमि., नियो कार इंटरनेशनल



लि., सकोज इंडिगो प्रा लिमि., एडवांस सर्फेक्टेंट इंडिया लिमि., निभि इंडस्ट्रीज जैसे बड़े उद्योग बंद क्यों हो गये? इन उद्योगों के बंद होने से कितने लोग बेरोजगार हो गये? क्या सरकार ने उद्योगों की तकलीफों का अध्ययन किया और समाधान निकाला? अगर नहीं तो विकास के नित नये जुमले इवेंट से अधिक कुछ नहीं दे पायेंगे। न ही मध्यप्रदेश के मानव बल की बेरोजगारी दूर हो पायेगी। गुप्ता ने कहा कि नया निवेश हमेशा स्वागत योग्य है किंतु पुराने निवेश की रक्षा करना भी सरकार का दायित्व है और यही सस्टेनेबल विकास की गारंटी है। गुप्ता ने कहा कि सरकार हवाई किले बनाने की बजाय सार्थक निवेश पर जोर दे ताकि स्थिर विकास का वातावरण बने। उद्योगों की रोजगार देने की क्षमता में वृद्धि हो।

# जनसुनवाई में पहुँची निजी स्कूलों की कमीशनखोरी

## कांग्रेस प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी ने कई स्कूलों के खिलाफ सौंपे प्रमाण

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में शिक्षा के नाम पर हो रही खुली लूट और अभिभावकों के शोषण के खिलाफ आज मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी ने कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान बड़ी कार्यवाही की माँग करते हुए नारायणा स्कूल सहित कई बड़े निजी स्कूलों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए। त्रिपाठी ने शिकायत में स्पष्ट किया कि ये स्कूल कुछ चुनिंदा दुकानों से अत्यधिक कीमतों पर ड्रेस, किताबें और स्टेशनरी खरीदवाने के लिए अभिभावकों पर अनैतिक दबाव बना रहे हैं। इन दुकानों के पास न तो वैध रजिस्ट्रेशन है, न ही जीएसटी बिल दिए जाते हैं। यह पूरा तंत्र कमीशनखोरी और टैक्स चोरी पर आधारित है, जिससे शिक्षा एक माफिया कारोबार बन चुकी है।

### जबलपुर जैसी कार्रवाई की उठी माँग

विवेक त्रिपाठी ने जनसुनवाई के दौरान प्रशासन से माँग की कि जैसे जबलपुर में शिक्षा माफिया और स्कूल संचालकों पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई




हुई, उसी तरह भोपाल में भी तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए और दोषियों को सजा दी जाए। उन्होंने कहा कि यह केवल आर्थिक शोषण नहीं बल्कि संविधान प्रदत्त शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन भी है। स्कूलों और दुकानों की सांठगांठ अभिभावकों की जेब पर सीधा हमला है।

### एडीएम निधि चौकसे ने लिया संज्ञान

जनसुनवाई के दौरान एडीएम निधि चौकसे ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से जिला शिक्षा अधिकारी को फटकार लगाई और साक्ष्यों के आधार पर जांच के निर्देश दिए। प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए एसडीएम अर्चना शर्मा और जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र अहिरवार को संयुक्त रूप से मामले की जांच सौंप दी है। यह पहली बार है जब भोपाल में प्रशासन ने शिक्षा माफियाओं के खिलाफ खुलकर मोर्चा लिया है और उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही दोषियों पर कार्रवाई होगी।

### कार्रवाई नहीं हुई तो होगा उग्र आंदोलन

विवेक त्रिपाठी ने चेतावनी दी कि यदि मामले में शीघ्र न्यायोचित कार्रवाई नहीं की गई, तो कांग्रेस इस विषय पर सड़क से सदन तक आंदोलन चलाने को मजबूर होगी।

### माँगें इस प्रकार हैं -

1. निजी स्कूलों द्वारा की जा रही अवैध कमीशन वसूली की जांच हो।
2. दोषी स्कूल प्रबंधन व दुकान संचालकों पर प्रकरण दर्ज की जाए।
3. टैक्स चोरी और उपभोक्ता संरक्षण उल्लंघन पर वित्तीय विभाग की भी जाँच हो।
4. सभी निजी स्कूलों में पालक संघ अनिवार्य किया जाए, जिसकी अनुशंसाएं बाध्यकारी हों।

## भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भाशचेपा कार्यकर्ताओं ने अवैध खनन पर करवाई कार्यवाही

**पथरिया।** भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के कार्यकताओं द्वारा रात्रि में पथरिया ब्लॉक के ग्राम चिरोला में हो रहे अवैध खनन पर कार्यवाही करवाई। अवैध खनन में लिप्त माफियाओं पर शिकंजा कसा है। ग्राम चिरोला में अवैध रूप से हो रहे मिट्टी खनन की शिकायत मिलने के बाद संगठन के कार्यकताओं ने मौके पर छापा मारा।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं गौरव नागपाल निवासी मकान नं 7/1, प्रगतिशील कॉलानी, बनारसीदास भनोट वार्ड हवाबाग गोरखपुर जबलपुर मध्य प्रदेश घोषणा करता हूँ कि मेरे पुत्र डेढ़ वर्ष जिनका पूर्व नाम विधर्व नागपाल VIDHARV NAGPAL था। जो जन्म प्रमाण पर आधार कार्ड पासपोर्ट में दर्ज है। जो कि गलत है आज से उनका नाम वेदांग नागपाल VEDANG NAGPAL पिता श्री गौरव नागपाल जो कि सत्य एवं सही है अब से मेरे पुत्र को उसके सही नाम वेदांग नागपाल VEDANG NAGPAL से जाना एवं पहचाना जाये एवं समस्त शासकीय दस्तावेजों में दर्ज किया जाये।

पुराना नाम- विधर्व नागपाल VIDHARV NAGPAL

नया नाम- वेदांग नागपाल VEDANG NAGPAL

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

**सप्तम निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविद की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | Tender ID 2025_UAD_433896_1 PRO 291 Date 1.7.2025 | संभाग क्र. 02 कछपुरा वीरेन्द्रपुरी वार्ड में पुरवा में रंगमंच निर्माण कार्य। | 02 माह 1.69 लाख | 2000/- 3390/- | 11.7.2025 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://mptender.gov.in पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री नगर पालिक निगम जबलपुर**

**आम सूचना**

सूचित किया जाता है कि पक्षकार श्री सुंदर लाल विश्वकर्मा ग्राम एवं पोस्ट सहजपुर जिला जबलपुर के निवासी है, उनका पुत्र सुरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा एवं पत्नी भारती विश्वकर्मा दोनों पक्षकार के साथ रोज लड़ाई झगडा करते हैं, तथा पक्षकार को शारीरिक एवं मानसिक रुप से प्रताड़ित करते हैं जिसके कारण मेरे पक्षकार बहुत अधिक परेशान एवं भयभीत हैं, दोनों लोग पक्षकार को झूठा फंसाने के लिए बोलते हैं इसलिए मेरे पक्षकार दोनों लोगों को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर रहे हैं, अगर कोई व्यक्ति संस्था निगम या बैंक उनसे कोई लेन-देन करता है, तो उनकी स्वयं की जवाबदारी होगी आज दिनांक से दोनों लोगों का मेरी संपत्ति पर कोई अधिकार नहीं रहेगा।

**एडवोकेट गोविंद विश्वकर्मा**
जिला एवं सत्र न्यायालय, सांई मठ, S-3 जबलपुर
मोबा.-9144449448

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सुभाष नगर महाराजपुर जबलपुर में भवन क्रमांक LIG EL-95 श्री अशोक कुमार रजक पिता श्री सरजुग रजक के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 25.05.1999 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्री अशोक कुमार रजक पिता श्री सरजुग रजक ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 08.11. 2023 के माध्यम से श्रीमती पूजा खरें पति श्री रोहित सिंह खरे को विक्रय किया है। श्रीमती पूजा खरे पति श्री रोहित सिंह खरे द्वारा उक्त भवन अपने नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन / भूखण्ड) बाबत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 3 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-सं.अ.03/एम/25-26/91
दिनांक 1/7/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति मंजू थधानी पति श्री गुरमुख थधानी द्वारा कृष्णा हाईट्स के फ्लेट क्रमांक 2204 वार्ड दादा बाबूराव परांजपे प्रथम तल 1173 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त फ्लेट क्रमांक 2204 वार्ड दादा बाबूराव परांजपे गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार) श्रीमति मनजीत कौर जस्सल पति श्री चरनजीत सिंह जस्सल के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 03 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम जबलपुर में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-3 रामपुर**
**नगर निगम, जबलपुर**




# वृक्ष मित्र ने पौधरोपण कर मनाया जन्मदिन

**हटा।** हटा नगर में जगह.जगह वृक्षारोपण की अलख जगाने मुक्तिधाम में वृक्षारोपण की शुरुआत करने वाले भारत भारती युवा संगठन के अध्यक्ष कंचन चौरसिया का जन्मदिन भी वृक्षारोपण कर मनाया गया। उनके जन्मदिन पर मंगलवार को मित्र मंडली द्वारा पौधारोपण किया एवं एक पौधा उपहार में दिया। इसी दौरान विवेक जैन के पुत्र सोविक जैन के जन्म दिवस पर भी पौधारोपण किया गया एवं गौशाला में जाकर गायों के लिए चारा एवं भूसा की व्यवस्था की गई। सदस्यों ने संदेश दिया कि जब भी अपने इष्ट मित्रों का जन्मदिन या सालगिरह होती है तो हम लोग इसी तरह उनके जन्मदिन और सालगिरह को मानते हैं। योगेश गोलू सराफ, विनोद वर्मन अंचल जैन कंचन चौरसिया विवेक जैन सारिका सोनम जैन और उनकी पुत्री उपस्थिति रही।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 3 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-सं.अ.03/एम/25-26/92
दिनांक 1/7/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति गीता राय पति श्री राममणी राय द्वारा संत नगर के खसरा क्रमांक 18/3/1/18/1/1/1 वार्ड शंकरशाह नगर प्लाट 714 व.फु. भूतल 700 व.फु. प्रथम तल 700 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त खसरा क्रमांक 18/3/1/18/1/1/1 वार्ड शंकरशाह नगर गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार) श्री कमल कुमार कसाल पिता श्री मदन लाल के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 03 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम जबलपुर में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-3 रामपुर**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 3 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-सं.अ.03/एम/25-26/93
दिनांक 1/7/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति पूजा पटैल पति श्री राकेश कुमार पटैल द्वारा रामराजा परिसर के प्लाट क्र. बी-6 वार्ड ग्वारीघाट प्लाट 900 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त लाट क्र. बी-6 वार्ड ग्वारीघाट गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार) मेसर्स श्री रामराजा सरकार पार्टनर श्री अजय कुमार मिश्रा एवं श्री अभिषेक के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 03 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम जबलपुर में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-3 रामपुर**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 3 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-सं.अ.03/एम/25-26/94
दिनांक 1/7/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कमलेश वासवानी पिता श्री मेलूमल वासवानी एवं श्रीमती ऋचा वासवानी पति श्री कमलेश वासवानी द्वारा पंचशील नगर के भवन क्रमांक 2002/I-5-41/2 वार्ड दादा बाबूराव परांजपे प्लाट 1260 व.फु. भूतल 720 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक 2002/I-5-41/2 वार्ड दादा बाबूराव परांजपे गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार) श्री गगन वासवानी पिता श्री मेलूमल वासवानी के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 03 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम जबलपुर में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-3 रामपुर**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 3 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-सं.अ.03/एम/25-26/95
दिनांक 1/7/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती प्रिया बजाज पति श्री विजय बजाज द्वारा अप्पू बिहार के भवन क्रमांक 34,201 वार्ड ग्वारीघाट भूतल 520 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक 34,201 वार्ड ग्वारीघाट गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार) श्री तपन कुमार देव पिता स्व. एस.सी. देव के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 03 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम जबलपुर में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-3 रामपुर**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 3 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-सं.अ.03/एम/25-26/96
दिनांक 1/7/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती लल्लाबाई गुप्ता पति श्री शिव कुमार गुप्ता द्वारा नर्मदा नगर के भवन क्रमांक प्लाट नं. 143 का भाग वार्ड ग्वारीघाट प्लाट 750 व.फु. भूतल 750 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक प्लाट नं. 143 का भाग वार्ड ग्वारीघाट गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार) श्री सुरेश चंद्र सोनी /स्व. मूलचंद सोनी के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 03 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम जबलपुर में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-3 रामपुर**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 3 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-सं.अ.03/एम/25-26/97
दिनांक 1/7/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नीरज कुमार मिश्रा, श्री अभिमन्यु कुमार मिश्रा पिता श्री विमलेश मिश्रा द्वारा सैनिक सोसायटी के भवन क्रमांक खसरा नं. 171/2 का भाग वार्ड शहीद गुलाब सिंह प्लाट 1309 व.फु. भूतल 1143 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक खसरा नं. 171/2 का भाग वार्ड शहीद गुलाब सिंह गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार) श्रीमती हेमलता सिंह पति श्री दिनेश सिंह सिंगरौल के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 03 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम जबलपुर में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-3 रामपुर**
**नगर निगम, जबलपुर**

क्लब हुईं क्रिमिनल जस्टिस से संबंधित पांचों एजेंसी

# अब 24 घंटे में मिलेगी मेडिकल परीक्षण रिपोर्ट





## एमएलसी की पूर्ण प्रक्रिया हो गई है ऑनलाइन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देश में एवं एएसपी आनंद कलादगी और सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा की उपस्थित में मेडिकल कालेज, विक्टोरिया अस्पताल, एल्गिन हॉस्पिटल, रांझी अस्पताल, सिहोरा अस्तपाल के डॉक्टरो की क्रिमिनल जस्टिस के अंतर्गत मेडिकल सम्बंधी डेटा परीक्षण रिपोर्ट ऑन लाईन के माध्यम से आदान-प्रदान करने के सम्बंध में बताते हुये होने वाली कठिनाईयों पर चर्चा करते हुये आपसी समन्वय स्थापित कर साथ मिलकर समस्या को दूर करने का प्रयास करने हेतु बैठक ली गई। बैठक में शासकीय अस्पतालों के लगभग 40 डॉक्टर एवं सीसीटीएनएस प्रभारी सहायक उप निरीक्षक सुनील दुबे उपस्थित रहे। क्रिमिनल जस्टिस से संबंधित पांचों एजेंसी अब एक जोड़ा गया है। पुलिस, प्रॉसिक्यूशन, कोर्ट, हॉस्पिटल और जेल को पोर्टल्स के माध्यम से एक साथ जोड़ा गया है। खास बात यह है कि अब पुलिस और हॉस्पिटल के बीच मेडिकल परीक्षण रिपोर्ट महज 24 घंटे में उपलब्ध हो जाएगी। क्योंकि एमएलसी का पूरा प्रोसेस अब ऑनलाइन होने जा रहा है। जिससे एमएलसी की वजह से होने वाली देरी की समस्या पूरी तरह खत्म हो जाएगी।

***एमएलसी के लिये नया सॉफ्टवेयर रेडी***- एमएलसी के लिए नया सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है। मेडल एप यानी मेडिको लीगल परीक्षण एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट सिस्टम नाम का यह सॉफ्टवेयर एमएलसी फीडिंग के काम में लिया जाएगा, जिससे सभी थाने जोड़े गए हैं। अब ऑफलाइन की जगह इसी सॉफ्टवेयर में एमएलसी की रिपोर्ट अस्पताल द्वारा भरी जाएगी। जो 24 घंटे में संबंधित थाने तक पहुंच जाएगी और पुलिस अधिकारी उसे डाउनलोड कर केस में अग्रिम कार्रवाई कर पाएंगे। यह नई व्यवस्था ऑफलाइन एमएलसी की प्रक्रिया से होने वाली देरी की समस्या को खत्म कर देगी।

## पमरे ने किया 14 मिलियन टन से अधिक माल लदान

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पश्चिम मध्य रेल ने माल लदान में वृद्धि दर्ज करते हुए चालू वित्तीय वर्ष के तीसरे माह में बेहतर प्रदर्शन किया है। महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभाग तथा परिचालन विभाग के संयुक्त प्रयासों से चालू वित्तीय वर्ष के तीसरे माह जून 2025 में 4.85 मिलियन टन माल लदान किया, जो गत वित्तीय वर्ष जून 2024 में 4.55 मिलियन टन से लगभग 7 प्रतिशत अधिक रहा। इस प्रकार पश्चिम मध्य रेल गुड्स लोडिंग में चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से जून 2025 तक कुल 14.39 मिलियन टन माल लदान किया, जबकि गत वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में 13.84 मिलियन टन माल लदान किया था, जो कि लगभग 4 प्रतिशत अधिक है।

हितकारिणी डेंटल कॉलेज ने मनाया डॉक्टर्स डे

# बाल सुधार गृह में किया नि:शुल्क दंत परीक्षण

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य एक जुलाई को हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग ने बाल सुधार गृह, गोखलपुर में नि:शुल्क शिविर का आयोजन किया। अस्पताल से डॉक्टरों की टीम ने 50 से अधिक बाल सुधार गृह में निवास कर रहे बालकों का नि:शुल्क दंत परीक्षण कर उन्हें दांतों की उचित देखभाल, सही खान पान एवं ब्रश करने के सही तरीके से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के निदेशक डॉ. राजेश धीरावाणी एवं अधिष्ठाता डॉ. रोहित मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित यह शिविर अनुज शर्मा के उपस्थित में सम्पन्न हुआ। इस शिविर को सफल बनाने में पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग के डॉ. अविनाश बोस, डॉ. नेहा राय एवं अन्य डॉक्टरों का योगदान रहा।

## निर्माणाधीन आरओबी का संरक्षा आयुक्त ने किया निरीक्षण

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



जबलपुर मण्डल के अंतर्गत आने वाले नरसिंहपुर स्टेशन के निकट निर्माणधीन आरओबी का मंगलवार को रेल संरक्षा आयुक्त, मध्य वृत्त, मुम्बई मनोज अरोरा द्वारा संरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण किया गया। इस आरओबी के बनने से स्टेशन के पास बने लेवल क्रॉसिंग गेट न.278 को बंद करके शहर का यातायात रेल ओवर ब्रिज के माध्यम से स्टेशन के दोनों छोरों पर आना-जाना कर सकेगा । निरीक्षण के दौरान रेल सुरक्षा आयुक्त ने इस आरओबी को रेलवे मानकों के अनुसार बनाए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान सीआरएस के साथ पमरे मुख्यालय से मुख्य ब्रिज इंजीनियर एलपी सिंह, उप मुख्य इंजी ब्रिज लाइन अनिल अग्रवाल एवं मंडल अभियंता (दक्षिण) आलोक कुमार वर्मा, सहायक मंडल इंजी मनोज कुमार एवं अन्य संरक्षा संबंधी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## कांग्रेस का प्रदेशव्यापी प्रदर्शन आज

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर सरकार के दबाव में झूठी और बेबुनियाद एफआईआर दर्ज की गई है। यह न केवल विपक्ष की आवाज़ को दबाने का प्रयास है, बल्कि लोकतंत्र पर सीधा हमला है। इस अलोकतांत्रिक कृत्य के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार, पूरे मध्यप्रदेश में प्रत्येक जिले में आज पुलिस कप्तान को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस का पंजीयन शुरु

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** संघ लोक सेवा आयोग एवं राज्य लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी हेतु शासकीय मॉडल हाई स्कूल में संचालित की जा रही नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस के नवीन सत्र के लिए पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक छात्र.छात्राएं शासकीय मॉडल हाई स्कूल में सुबह 7 से 9रू30 बजे तक उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं एवं अधिक जानकारी के लिए दूरभाष क्रमांक 7354439552 पर संपर्क कर सकते हैं।

## उद्योगों में सुधार पर कार्यशाला कल

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

उद्योगों के विस्तार एवं कार्य पद्धति में सुधार के लिए एमएसएमई विभाग द्वारा लघु उद्योग भारती के सहयोग से जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित इंडियन कॉफी हाउस में 3 जुलाई को शाम 5 बजे रेजिंग एक्सेलेरेटिंग एमएसएमई परफॉरमेंस ;रैम्पद्ध कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र के महाप्रबंधक विनीत रजक ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा दक्षता प्रबंधन एलईएएन मैनेजमेंट, जीरो इफ़ेक्ट.जीरो डिफेक्ट ;जेडईडी, सर्टिफिकेशन, एमएसएमई पॉलिसी एवं आईपीआर जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कार्यशाला में अधिक से अधिक उद्यमियों की सहभागिता का अनुरोध किया है।

## एटीवीएम मशीन से रेल टिकिट ले सकेंगे यात्री

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



जबलपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा मंडल के जबलपुर, मदन महल, कटनी, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, सतना, मैहर, रीवा, दमोह, सागर सहित प्रमुख स्टेशनों पर रेलवे द्वारा यात्री सुविधा के तहत एटीवीएम (ऑटोमेटिक टिकट बेंडिंग मशीन) लगाई गई है । जिससे यात्री अपनी टिकट का भुगतान स्वयं डिजिटल माध्यम से कर सकतें हैं। डिजिटल पेमेंट करने से यात्रियों को चिल्लर की एवं शीघ्र भुगतान कर अनारक्षित खिडकियों की लाइन में लगने की समस्या से भी बच सकेंगे। मंडल के प्रमुख 31 स्टेशनों पर 121 मशीन की सुविधा भी दी गयी है जिसमे डिजिटल पेमेंट करने की सुविधा उपलब्ध है। उक्त सुविधाओं का यात्रियों द्वारा उपयोग किया जा रहा हैं एवं रेलवे की इस पहल की सराहना की जा रही है।

## पाटन में कचरा संग्रहण की समुचित व्यवस्था हो

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद पाटन ने बताया कि निकाय के वाहन शाखा में वर्तमान में 3 नग कचरा वाहन हैं जो कि अत्यंत खराब स्थिति में हैं। वर्तमान में 1 नग कचरा वाहन पूर्व से मरम्मत कराया जाकर कचरा संग्रहण कार्य कराया जा रहा है एवं 01 नग कचरा वाहन मरम्मत उपरांत आज प्राप्त हुआ है। अब 2 कचरा वाहनों से कचरा संग्रहण किया जावेगा एवं 01 नग कचरा वाहन 03 दिवस में प्राप्त हो जायेगा। निकाय द्वारा 01 नग नवीन कचरा संग्रहण वाहन क्रय किये जाने हेतु निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर संबंधित को वाहन प्रदाय किये जाने हेतु कार्यादेश जारी किया जा चुका है।

## ट्रांसको में अभ्यर्थियों ने कराए दस्तावेजों का सत्यापन



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

ऊर्जा विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी एमपी ट्रांसको में विभिन्न पदों पर चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों के भौतिक परीक्षण की प्रक्रिया मंगलवार से मुख्यालय शक्ति भवन जबलपुर में प्रारंभ हो गई। शासकीय सेवा में नियुक्ति का सपना साकार होने की संतुष्टि और उल्लास चयनित अभ्यर्थियों के चेहरों पर साफ झलक रहा था। पहले दिन कुल 22 अभ्यर्थियों ने आत्मविश्वास और प्रसन्नता के साथ दस्तावेज परीक्षण में भाग लिया। दस्तावेज सत्यापन के लिए अभ्यर्थी नियत समय पर आवश्यक प्रमाणपत्रों के साथ उपस्थित हुए और निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए दस्तावेजों का परीक्षण कराया। दस्तावेज परीक्षण की यह प्रक्रिया आगामी 3 जुलाई तक प्रतिदिन जारी रहेगीए जिसके अंतर्गत विभिन्न पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्रों की जांच की जाएगी। मुख्य अभियंता धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि दस्तावेज परीक्षण के पहले दिन कनिष्ठ अभियंता, पारेषण, प्रशिक्षु एवं सिविल लाइन परिचारक प्रशिक्षु पदों के लिए चयनित 22 अभ्यर्थियों ने अपने दस्तावेजों का परीक्षण कराया।

## इस वर्ष भी हवाई यात्रा करेंगे महापौर गुरुकुल के छात्र

### 2000 से अधिक बच्चे हो रहे लाभान्वित, नया सत्र आज से

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के द्वारा जब 2 वर्ष पूर्व नगर निगम की 5 शालाओं में पढ़ने वाले बच्चों को गोद लिया गया था तब कि स्थिति और थी अब 2 वर्ष पूर्ण हो गये हैं। अब कि स्थिति एकदम से अलग है। नगर निगम की शालओं में पढ़ने वाले बच्चों में अब स्मार्टनेश ही नहीं बल्कि उनमें बौद्धिक विकास की झलक भी दिखाई देती है।

स्कूली बच्चो में स्मार्टनेस एवं बौद्धिक विकास में जो बेहतर प्रदर्शन एवं निखार आया है उसमें बहुत बड़ा योगदान श्री अन्नू के साथ-साथ मेकलसुता इंस्टीट्यूट के अध्यापकों का भी योगदान है।

पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं एमआईसी सदस्य विवेक राम सोनकर ने बताया कि 2 वर्ष पूर्व से महापौर गुरूकुल के माध्यम से नगर निगम शालाओं मे पढ़ने वाले 2000 से अधिक बच्चे नि:शुल्क रूप से कोचिंग प्राप्त कर परीक्षा परिणाम में बेहतर प्रदर्शन करते आ रहे हैं। महापौर ने बताया कि इस वर्ष दसवीं, बारहवी के 17 बच्चों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपना कौशल दिखाया है जिसके कारण इन सभी 17 बच्चों को महापौर गुरूकुल द्वारा संचालित नया सत्र में हवाई यात्रा कराई जाएगी। पत्रकारवार्ता के मौके पर नगर निगम के अध्यक्ष रिकुंज विज, एमआईसी डॉ. सुभाष तिवारी, विवेकराम सोनकर, दामोदर सोनी, रजनी कैलाश साहू आदि उपस्थित रहे।

# पौधरोपण से स्वच्छ, सुरक्षित रहेंगी पीढ़ियां: मंत्री सिंह

### पीडब्ल्यूडी विभाग ने 1 दिन में लगाए 2 लाख से अधिक पौधे

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



हरित मध्यप्रदेश की परिकल्पना को साकार करने के लिए लोक निर्माण विभाग ने मंत्री राकेश सिंह की अगुवाई में ऐतिहासिक पौधरोपण महाअभियान का शुभारंभ किया। इस एक दिन में विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में 2 लाख से अधिक पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक कीर्तिमान स्थापित किया हैए जो सतत विकास और हरियाली के प्रति विभाग की सशक्त प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भोपाल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा की पौधरोपण सिर्फ औपचारिक आयोजन नहीं बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, सुरक्षित और समृद्ध भविष्य देने का हमारा दृढ़ संकल्प है। उन्होंने कहा कि प्रारंभ में जहां 1 लाख पौधों का लक्ष्य रखा गया था, वहीं विभाग के अधिकारियों और इंजीनियरों की प्रतिबद्धता, समर्पण और उत्साह के चलते यह संख्या बढ़कर 2 लाख से अधिक पौधों तक पहुंच गई। यह केवल एक आंकड़ा नहीं बल्कि हरित मध्यप्रदेश की दिशा में एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक उपलब्धि है जो सामूहिक प्रयासों की शक्ति को दर्शाती है।

**प्रकृति संरक्षण जन आंदोलन बन गया**- मंत्री श्री सिंह ने कहा कि इस पौधारोपण को वैज्ञानिक पद्धति से जोड़ा गया है। प्रत्येक पौधे की सैटेलाइट मॉनिटरिंग की योजना बनाई गई है जिसमें अहमदाबाद स्थित भास्कराचार्य संस्थान का सहयोग प्राप्त हो रहा है। इसके माध्यम से पौधों की वृद्धि और संरक्षण की डिजिटल निगरानी सुनिश्चित की जा सकेगी। यह वृक्षारोपण सड़क किनारेए विभागीय भवन परिसरोंए तालाबों एवं सार्वजनिक स्थलों पर किया गया हैए जिससे शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में हरियाली को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हरित भारतके संकल्प और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पर्यावरण.अनुकूल विकास के विजन ने मध्यप्रदेश में वृक्षारोपण और प्रकृति संरक्षण को एक जनआंदोलन का रूप दिया है। उन्होंने कहा कि आज जब पूरी दुनिया पर्यावरण संकट से जूझ रही हैए ऐसे समय में यह पहल प्रेरक उदाहरण बनेगी। उन्होंने आमजन विभागीय जनों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शिक्षाविद एवं सलाहकार समिति सदस्य विक्रांत सिंह तोमर, सलाहकार समिति सदस्य अजय के जैन सहित प्रमुख अभियंता शामिल थे। प्रदेशभर से लोक निर्माण विभाग के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

# गंदगी के बीच बन रहे थे टोस्ट

### खाद्य टीम ने चावला इंडस्ट्री का पंजीयन किया निलंबित

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने अस्वच्छ एवं अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों के बीच टोस्ट का निर्माण करते पाये जाने पर अनारो कॉम्प्लेक्स के समीप आधारताल स्थित चावला इंडस्ट्री का खाद्य पंजीयन तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है तथा पंजीयन निलंबन अवधि में इस प्रतिष्ठान से खाद्य कारोबार के संचालन पर रोक लगा दी है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं पंजीयन प्राधिकारी देवेंद्र कुमार दुबे द्वारा इस टोस्ट निर्माण इकाई का मंगलवार को आकस्मिक निरीक्षण किया गया था। यहाँ अत्यंत अस्वच्छ एवं अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों के बीच टोस्ट का निर्माण होना पाया गया। उन्होंने बताया कि इस प्रतिष्ठान के खाद्य पंजीयन को निलंबित करने की कार्यवाही खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत अनुसूची.4 में वर्णित स्वच्छता संबंधी प्रावधानों तथा खाद्य पंजीयन की शर्तों का पालन करने में असफल रहने पर लोक स्वास्थ्य के हित को ध्यान में रखते हुये की गई है।

ADMISSION OPEN-2025
• सीमित सीट- आज ही अपनी सीट बुक करें •
BACHELOR OF PHARMACY 4 years Degree Course (12th class Maths/science stream)
DIPLOMA IN PHARMACY 2 years Diploma Course
B.Pharmacy D.Pharmacy
Make career in Medicine Pharmacy
PCI New Delhi, AFRC Aprooved, DTE Aprooved, RGPV University Bhopal Recognised
SILICOBYTE KDC since 1995
सिलिकोबाइट कटनी डिग्री कॉलेज
ज्ञानतीर्थ नई बस्ती, कटनी Email : silicobyte@yahoo.com 9981435977

CHADHA
NAAC ACCREDITED
AICTE APPROVED Regular
MBA
HR | FINANCE | MARKETING
ADMISSION OPEN
BCA BBA B.COM B.Sc. B.A. LL.B LL.M. M.COM M.S.W. MBA PGDCA DCA
KATNI ARTS & COMMERCE AUTONOMOUS COLLEGE
(CHADHA AUTONOMOUS COLLEGE)
Saraswati School Road,Nai Basti,Katni (M.P.) 8871017268 9755217445 9752020482 9329821337

South Avenue Mall
MOVIE MAGIC MULTIPLEX, SOUTH AVENUE MALL, NARMADA ROAD
9425807508
moviemagic
F&B STARTING AT ₹99*
ZERO PLATFORM FEE
MOVIE MAGIC MULTIPLEX
JABALPUR'S OWN BRAND
APNA CINEMA, APNI PEHCHAAN - BE VOCAL FOR LOCAL!

| | |
|---|---|
| MAA (HINDI) | 10:00 AM, 12:50 PM, 3:40 PM, 6:00 PM & 9:40 PM |
| SITAARE ZAMEEN PAR (HINDI) | 11:00 AM, 2:00 PM, 3:30 PM, 5:00 PM, 6:30 PM, 9:30 PM & 10:40 PM |
| HOUSEFULL 5A (HINDI) | 6:25 PM |
| KANNAPPA (HINDI) | 09:00 AM |
| F1 (ENGLISH) | 12:30 PM |

BOOK TICKETS & F&B FROM MOVIE MAGIC APP AT ZERO PLATFORM FEE
FOR BULK BOOKING/ADVERTISEMENT 9425807507
FOLLOW US ON @MOVIEMAGIC_JBP

हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी। ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**